RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 81
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अलग-अलग कप्तानों के प्रश्न पर बोले द्रविड़
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार और उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के बीच टकराव जारी

# जज व उनके फैसलों को देख रही जनता : रिजिजू

● कानून मंत्री ने कहा, सोशल मीडिया के युग में कोई भी चीज छिपी नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के बीच टकराव थम नहीं रहा है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर निशाना साधते हुए कहा कि न्यायाधीशों को चुनाव एवं सार्वजनिक जांच का सामना नहीं करना पड़ता है, लेकिन लोग उन्हें देखते हैं और न्याय देने के तरीके से उनका आकलन करते हैं। आज सोशल मीडिया के जमाने में कोई भी चीज किसी से छिपी नहीं है। जनता सब देख रही है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में कॉलेजियम प्रणाली से न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर हालिया समय में न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच गतिरोध बढ़ा है। मंत्री ने तीस हजारी अदालत परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में रिजिजू ने कहा कि सोशल मीडिया के कारण आम नागरिक सरकार से सवाल पूछते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार पर हमला किया जाता है और सवाल किया जाता है और हम इसका सामना करते हैं।

मंत्री ने कहा कि यदि लोग हमें फिर से चुनते हैं, तो हम सत्ता में वापस आएंगे। अगर वे नहीं चुनते हैं, तो हम विपक्ष में बैठेंगे और सरकार से सवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर यदि कोई व्यक्ति न्यायाधीश बनता है तो उसे चुनाव का सामना नहीं करना पड़ता है और न ही न्यायाधीशों की सार्वजनिक पड़ताल नहीं होती है। उन्होंने कहा कि चूंकि लोग आपको नहीं चुनते हैं, वे आपको बदल नहीं सकते, लेकिन लोग आपको आपके फैसले, जिस तरह से आप फैसला सुनाते हैं, उसके जरिए देखते हैं और आकलन करते हैं तथा राय बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में कुछ भी छिपा नहीं है। रिजिजू ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश ने उनसे सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों पर हो रहे हमलों के बारे में कुछ करने का अनुरोध किया था। वह जानना चाहते थे कि न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक भाषा को कैसे नियंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश सार्वजनिक मंच पर बहस नहीं कर सकते, क्योंकि सीमाएं हैं। रिजिजू ने कहा कि मैंने सोचा कि क्या किया जाना चाहिए। अवमानना का प्रावधान है, लेकिन जब लोग बड़े पैमाने पर टिप्पणी करते हैं, तो क्या किया जा सकता है। जहां हम दैनिक आधार पर सार्वजनिक जांच और आलोचना का सामना करते हैं, वहीं अब न्यायाधीशों को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि आजकल न्यायाधीश भी थोड़े सावधान हैं, क्योंकि अगर वे ऐसा फैसला देते हैं जिसके परिणामस्वरूप समाज में व्यापक प्रतिक्रिया होगी, तो वे भी प्रभावित होंगे, क्योंकि वे भी इंसान हैं।



नई दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर में आयोजित समारोह में बोलते कानून मंत्री किरण रिजिजू

# परमवीर चक्र विजेताओं के नाम से जाने जाएंगे अंडमान के 21 द्वीप

● पूर्व की सरकारों ने विकृत वैचारिक राजनीति के कारण देश के सामर्थ्य को कम आंका: प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** पोर्ट ब्लेयर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि पहले की सरकारों में विकृत वैचारिक राजनीति के कारण आत्मविश्वास की कमी और हीनभावना रही जिसकी वजह से देश के सामर्थ्य को कम आंका गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने दुर्गम और अप्रासंगिक मानकर हिमालई, पूर्वोत्तर और द्वीपीय क्षेत्रों की दशकों तक उपेक्षा की तथा उनके विकास को नजरअंदाज किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह आरोप भी लगाया कि आजादी के बाद देश के स्वाधीनता आंदोलन के इतने बड़े नायक को भुला देने का प्रयास हुआ। नेताजी की याद में दिल्ली के इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने, आजाद हिंद सरकार के गठन के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लाल किले पर तिरंगा फहराने, उनके जीवन से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने सहित अन्य कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, जिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस को आजादी के बाद भुला देने का प्रयास हुआ, आज देश उन्हें पल-पल याद कर रहा है।



इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हिस्सा ले रहे प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनाए जाने वाले नेताजी राष्ट्रीय स्मारक के प्रतिरूप का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों रक्षा सेवाओं के प्रमुख, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल देवेंद्र कुमार जोशी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश की पहले की सरकारों में, खासकर विकृत, वैचारिक राजनीति के कारण दशकों से जो आत्मविश्वास की कमी और हीनभावना रही, उसके कारण देश के सामर्थ्य को हमेशा कम आंका गया। उन्होंने कहा, चाहे हमारे हिमालई राज्य हों, विशेषकर पूर्वोत्तर के राज्य हों या फिर अंडमान निकोबार जैसे समुद्री द्वीप क्षेत्र.... इन्हें लेकर यह सोच रहती थी कि ये तो दूरदराज के दुर्गम और अप्रासंगिक इलाके हैं। और इसी सोच के कारण ऐसे क्षेत्रों की दशकों तक उपेक्षा हुई। उनके विकास को नजरअंदाज किया गया। अण्डमान निकोबार द्वीप समूह इसका भी साक्षी रहा है। प्रधानमंत्री ने सिंगापुर, मालदीव और सेशेल्स का उदाहरण देते हुए कहा कि अपने संसाधनों के सही इस्तेमाल से ये देश और द्वीपीय क्षेत्र पर्यटन के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं और आज पूरी दुनिया से लोग इन देशों में पर्यटन के लिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा ही सामर्थ्य भारत के द्वीपों के पास भी है जो दुनिया को बहुत कुछ दे सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन कभी पहले ध्यान ही नहीं दिया गया। हालात तो यह थे कि हमारे यहां कितने द्वीप हैं, कितनी टापू हैं, इसका हिसाब किताब तक नहीं रखा गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लोग अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने यहां आते लिए भी पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, यहां के द्वीप हमारी समृद्ध आदिवासी परंपरा की धरती भी रहे हैं। अपनी विरासत पर गर्व की भावना, इस परंपरा के लिए भी आकर्षण पैदा कर रही है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़े स्मारक और अन्य प्रेरणा स्थल देशवासियों में यहां आने के लिए उत्सुकता पैदा करते हैं। आने वाले समय में यहां पर्यटन के और असीम अवसर पैदा होंगे।

इस द्वीप समूह में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार कार्यों का उल्लेख करते प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत में अण्डमान निकोबार द्वीप समूह ने आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी थी, उसी तरह भविष्य में यह क्षेत्र देश के विकास को नई गति देगा।उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो सक्षम होगा, सामर्थ्यवान होगा और आधुनिक विकास की बुलंदियों को छूएगा। अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीप का नामकरण प्रथम परमवीर चक्र विजेता के नाम पर किया गया। इसी प्रकार आकार की दृष्टि से अन्य द्वीपों का नामकरण किया गया। ये नामकरण जिन परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किए गए हैं, उनमें -मेजर सोमनाथ शर्मा, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, कैप्टन विक्रम बत्रा और लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं। ( शेष पेज 8 )

# मुठभेड़ मामले में 12 पुलिस वालों पर हत्या का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** सहारनपुर

● यूपी सहारनपुर में कथित मुठभेड़ में युवक के मारे जाने के संबंध में हाईकोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**उत्तर प्रदेश** के सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र के एक गांव में हुए कथित मुठभेड़ में एक युवक के मारे जाने के संबंध में उच्च न्यायालय के निर्देश पर स्थानीय अदालत के आदेशानुसार तीन पुलिस उप निरीक्षकों समेत 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करने की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बताया कि अदालत के आदेश पर 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और पूरे मामले की जांच कराकर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, पांच सितंबर 2021 को देवबंद थाना क्षेत्र के थीथकी गांव में पुलिस और कथित गौ तस्करों के बीच एक मुठभेड़ हुई थी, जिसमें रात के समय में गौ तस्करों द्वारा पुलिस पर गोली चलाई गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि जवाबी फायरिंग में गौ तस्कर जीशान हैदर (42) के पैर में गोली लगी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई थी। अधिकारी के मुताबिक, जीशान की मौत को लेकर उसके परिजनों और गांव वालों में भारी नाराजगी थी, क्योंकि उनका कहना था कि वह (जीशान) एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता था और उसे गोकशी के फर्जी मामले में फंसाया गया था। मृतक की पत्नी अफरोज बेगम ने अदालत में पुलिस पर जीशान की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी और मुख्यमंत्री से भी ऑनलाइन शिकायत की थी। ( शेष पेज 8 )

# आईएनएस वागीर भारतीय नौसेना में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**कलवरी** श्रेणी की पनडुब्बियों की पांचवीं पनडुब्बी आईएनएस वागीर को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, जिससे बल की ताकत और बढ़ेगी। आईएनएस वागीर का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने फ्रांस के मैसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से किया है। नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में इसे नौसेना में शामिल किया गया। भारतीय नौसेना के अनुसार, पनडुब्बी दुश्मन को रोकने की भारतीय नौसेना की क्षमता में इजाफा करके भारत के समुद्री हितों को आगे बढ़ाएगी। यह संकट के समय में निर्णायक वार करने के लिए खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) अभियान के संचालन में भी मददगार साबित होगी। नौसेना के अनुसार, वागीर का अर्थ सैंड शार्क है, जो तत्परता एवं निर्भयता के भाव को प्रतिबिंब करती है। एडमिरल कुमार ने आईएनएस वागीर को दुर्जेय हथियारों से लैस अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक वाली घातक पनडुब्बी बताते हुए कहा कि इसकी क्षमता व मारक क्षमता न केवल नौसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि देश की प्रतिरोधक क्षमता में भी इज़ाफा करेगी। कुमार ने कहा कि आईएनएस वागीर पिछले 24 महीनों में नौसेना में शामिल की गई चौथी पनडुब्बी है। एडमिरल कुमार ने कहा, यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है...यह भारत के जहाज निर्माण उद्योग के आने वाले युग और हमारे रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को रेखांकित करती है। जटिल मंचों के निर्माण के लिए यह हमारे शिपयार्ड की विशेषज्ञता व अनुभव का भी एक प्रमाण है। एमडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नारायण प्रसाद ने कहा कि आईएनएस वागीर ने फरवरी 2022 से 11 महीने में समुद्री परीक्षण पूरा किया। इसे बेहद महत्वपूर्ण समय में नौसेना में शामिल किया गया है, जब यह भू-राजनीतिक माहौल की मांग है कि देश अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए उचित प्रतिकिया दे। प्रसाद ने कहा कि भारतीय नौसेना के कौशल में और अधिक वृद्धि करने के अलावा आईएनएस वागीर को भारतीय नौसेना में शामिल करना मेक इन इंडिया पहल की दिशा में एक बेहद मजबूत एवं दृढ़ प्रयास का उदाहरण है। ( शेष पेज 8 )



मुंबई में आईएनएस वागीर को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया

● कलवरी श्रेणी की पांचवी पनडुब्बी नेवी को मिलने से बढ़ेगी शक्ति

# उद्धव और प्रकाश आंबेडकर की पार्टी ने किया गठबंधन

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**शिवसेना** (यूबीटी) और प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) ने सोमवार को शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती पर गठबंधन का ऐलान किया। यहां संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि उनके दादा केशव ठाकरे और प्रकाश आंबेडकर के दादा भीम राव आंबेडकर समकालिक थे और एक-दूसरे की सराहना करते थे। उन्होंने कहा कि दोनों ने ही साामजिक बुराइयों और कुप्रथाओं को खत्म करने के लिए काम किया। केशव ठाकरे को प्रबोधंकर ठाकरे के रूप में भी जाना जाता है। उद्धव ने कहा कि इन दिनों राजनीति में कुछ कुरीतियां हैं, जिनके उन्मूलन के लिए इन दोनों नेताओं (केशव ठाकरे और भीम राव आंबेडकर) के वंशज तथा उनसे जुड़े लोग एकजुट हुए हैं। उद्धव ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए एकजुट हुए हैं कि लोकतंत्र बरकरार रहे। ( शेष पेज 8 )



अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी अथिया ने मुंबई से लगभग 82 किमी दूर खंडाला में क्रिकेटर केएल राहुल का हाथ थामकर लिए सात फेरे। दुनिया भर से मिल रही बधाइयां

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,941 | ↑ 320 | |
| निफ्टी | 18,118 | ↑ 91 | |
| सोना | 56,735 | ↑ 77 | /10g |
| चांदी | 68,655 | ↑ 108 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल स्ट्राइक पर उठाए सवाल

**जम्मू, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सोमवार को सवाल उठाया और सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया, जिसके बाद भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी नफरत में अंधी हो गई है और उसने सशस्त्र बलों का अपमान किया है। जम्मू कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक जनसभा में सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार सीआरपीएफ कर्मियों को श्रीनगर से दिल्ली हवाई मार्ग से लाने के उसके अनुरोध पर सहमत नही हुई थी और पुलवामा में 2019 के एक आतंकी हमले में 40 सैनिकों को अपना बलिदान देना पड़ा था। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, वे सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते है। वे कई लोगों को मारने की बात करते है लेकिन कोई सबूत नही दिया।

# नर्मदा घाटी में मिले डायनासोर के 92 जीवाश्म घोंसले

● भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले टाइटनोसॉरस के जीवन के बारे में मिली जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मध्य** भारत की नर्मदा घाटी में अनुसंधानकर्ताओं ने सबसे बड़े डायनासोर में से एक टाइटनोसॉरस के कुल 256 जीवाश्म अंडों वाले 92 घोंसलों का पता लगाया है। इस खोज के बारे में जर्नल पीएलओएस वन में प्रकाशित लेख में भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले टाइटनोसॉरस के जीवन के कुछ अनकहे विवरण का पता चलता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, मध्य भारत की नर्मदा घाटी में स्थित लेमेटा फॉर्मेशन डायनासोर के कंकालों और अंडों के जीवाश्मों के लिए प्रसिद्ध है, जो लगभग 14.5 से 6.6 करोड़ साल पहले समाप्त हो गए थे। इन घोंसलों की विस्तृत जांच के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और उनके सहयोगियों ने डायनासोरों के बारे में कई तरह के अनुमान लगाए हैं। इसके लिए उन्होंने अंडे की ही छह अलग-अलग प्रजातियों की पहचान की, जो इस क्षेत्र में टाइटनोसॉरस की उच्च विविधता को दर्शाते हैं। घोंसले के बाहरी आवरण के आधार पर शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि इन डायनासोरों ने आधुनिक समय के मगरमच्छों की तरह अपने अंडों को उथले हुए गड्ढों में दबाया होगा। शोधकर्ताओं ने पता लगाया कि अंडों से संकेत मिलता है कि टाइटनोसॉरस सॉरोपोड्स में पक्षियों की तरह एक प्रजनन संरचना होती थी। वह संभवत: आधुनिक पक्षियों में देखे जाने वाले क्रमिक तरीके से अपने अंडे देता था।

वहीं, एक ही क्षेत्र में कई घोंसलों की मौजूदगी से पता चलता है कि ए डायनासोर कई आधुनिक पक्षियों की तरह ही सामूहिक रूप से अपने घोंसले का निर्माण करते थे। हालांकि, इन घोंसलों के बीच की कम दूरी ने व्यस्क डायनासोर के लिए बहुत कम जगह छोड़ी है, जिससे लगता है कि शायद वयस्कों ने नवजात बच्चों को अपना पेट भरने की जिम्मेदारी बहुत जल्द सौंप दी। शोधकर्ताओं ने बताया कि ये अंडे डायनासोर के इस धरती से समाप्त होने से कुछ पहले के हैं और उनके बारे में अहम जानकारियां दे सकते हैं।



नर्मदा घाटी में 6.6 करोड़ साल पहले के डायनासोर के जीवाश्म अंडों वाले घोंसले मिले

# महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद छोड़ना चाहते हैं कोश्यारी

● प्रधानमंत्री को दी जानकारी, कहा- बाकी जीवन पढ़ने-लिखने व अन्य गतिविधियों में चाहते हैं बिताना

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**छत्रपति** शिवाजी को लेकर अपनी टिप्पणी के कारण विपक्ष के निशाने पर रहे महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पद छोड़ने और सेवानिवृत्त होने की इच्छा जताई है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने जीवन का बाकी समय पढ़ने-लिखने समेत अन्य गतिविधियों में बिताना चाहेंगे। कोश्यारी ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री के हालिया मुंबई दौरे के दौरान मैंने सभी राजनीतिक दायित्वो से मुक्त होने और बाकी जीवन पढ़ने-लिखने एवं अन्य गतिविधियों में बिताने की अपनी इच्छा से उन्हें अवगत कराया।



राजभवन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री से उन्हें हमेशा प्यार और स्नेह मिला तथा वह उम्मीद करते हैं इस संबंध में भी उन्हें वही स्नेह मिलेगा। प्रधानमंत्री गत 19 जनवरी को कई परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के लिए मुंबई में थे। कोश्यारी ने कहा, राज्य सेवक या राज्यपाल के रूप में संतों, समाज सुधारकों और बहादुर सेनानियों की धरती महाराष्ट्र जैसे महान राज्य की सेवा करना मेरे लिए पूर्ण सम्मान और सौभाग्य की बात है। कोश्यारी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में सितंबर 2019 को पदभार ग्रहण किया था और उस समय उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी की सरकार थी। राज्य विधान परिषद में 12 सदस्यों की नियुक्ति सहित कई मुद्दों पर सरकार के साथ कोश्यारी के विवाद थे। एमवीए ने उनपर भेदभावपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया था। हालिया विवाद कोश्यारी के उस बयान को लेकर था जिसमें उन्होंने छत्रपति शिवाजी पर टिप्पणी करते हुए उन्हें पुराने जमाने का आदर्श बताया था। इसके बाद विपक्षी दलों ने उनको पद से हटाने की मांग की थी। इस विवाद के बाद कोश्यारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखकर बताया कि वह छत्रपति शिवाजी जैसे आदर्श का अपमान करने की बात सपने में भी नहीं सोच सकते। राज्यपाल ने एक अन्य विवादित बयान में कहा था कि यदि राजस्थानी और गुजराती समुदाय के लोगों ने जाने का फैसला कर लिया तो मुंबई देश की वित्तीय राजधानी नहीं रह जाएगी। ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023



# एमबीबीएस दाखिले में ठगी, तीन गिरफ्तार

## आरोपी प्रति छात्र लेते थे 15 से 30 लाख रुपए, कई लोगों से ले लिए करोड़ों रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर.63 पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी एमबीबीएस कालेज में दाखिला कराने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले 25.25 हजार के तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 19 लाख रुपए कैश और बड़ी मात्रा में जुलरी बरामद की गई है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा विशाल पांडे ने बताया कि इन लोगों ने सेक्टर-63 में करियर जंक्शन नाम से एक कंसल्टेंसी खोल रखी थी। जिसके जरिए ये लोग उन छात्रों का डाटा निकालते थे जो नीट में कुछ नंबरों से असफल हो जाते थे। इसके बाद उनसे संपर्क करते और उनको सरकारी कॉलेज में दाखिला दिलाने का झांसा देते थे। ये लोग उन छात्रों को संस्थान में बुलाते और उनकी काउंसिलिंग करते थे।



एमबीबीएस एडमिशन के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

बातों में फंसाने के बाद ये लोग कॉलेज में दाखिला कराने के लिए प्रति छात्र करीब 15 से 30 लाख रुपए नगद लेते थे। करीब 20 प्रतिशत पैसा ऑनलाइन जमा करवाते थे। कुछ डीलिंग ऑफिस में होती थी। अधिकांश होटलों में या ऐसे शहर में होती थी जहां कॉलेज होते थे। वहां ये लोग होटल में छात्रों के परिजनों को कुछ लोगों से ये कहकर मिलाते थे कि ये कॉलेज के एडमिस्ट्रेशन के है। पैसे लेने के बाद इन लोगों ने छात्रों को फर्जी अलॉटमेंट लेटर जारी कर दिए। इनको पता था कि नीट के अनुसार 19 और 20 दिसंबर को कॉलेजों में दाखिला दिया जाएगा। ऐसे में इन लोगों ने 18 दिसंबर को जिन लोगों ने इनको पूरा पैसा दे दिया फर्जी अलॉटमेंट लेटर जारी किए। 19 की सुबह तक ऑफिस खाली कर फरार हो गए।

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19 लाख रुपए कैश और बड़ी मात्रा में जेवर किये बरामद

जब लोगों को पता चला कि दिए गए लेटर फर्जी है तब उनको ठगी का पता चला। इनके पास से 19 लाख रुपए नगद 6 पीली धातु चैन, 6 अंगूठी पीली धातु, 3 अंगूठी सफेद धातु, एक ब्रेसलेट सफेद धातु, एक बाली पीली धातु, एक अदद ब्रेसलेट सफेद धातु, 6 मोबाइल एंड्रॉयड फोन, 14 फोन की पैड, 3 डायरी करियर जंकशन, एक पैन कार्ड एचार एटीएम, एक आधार कार्ड सहित गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने मुखबिर के इशारे पर इन तीनों को सेक्टर.62 गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान नीरज कुमार सिंह उर्फ अजय अरुण पुत्र धनंजय सिंह निवासी बिहार, अभिषेक आनंद उर्फ सुनील पुत्र अजीत कुमार निवासी बिहार और जुबेर उर्फ रिजोल हक पुत्र शेर मोहम्मद निवासी हुई हुई है। इसमें नीरज पूरे खेल का मास्टरमाइंड है। ये एमबीए तक पढ़े हुए है।

# एलिवेटेड रोड पर कार के आगे रैंपवॉक का रील बनाने पर 17 हजार रुपये जुर्माना

- गाजियाबाद की सड़क पर लाल रंग की कार खड़ी कर उसके आगे दी फ्लाइंग किस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में फिर से एलिवेटेड रोड की रील्स सामने आई है। एक युवती ने रोड पर गाड़ी खड़ी करवाई और उसके आगे डांस करके रील शूट कराई। वीडियो सामने आने पर गाजियाबाद पुलिस ने कार मालिक का 17 हजार रुपए का चालान काट दिया है, वहीं उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

वीडियो में लाल रंग की स्विफ्ट कार एलिवेटेड रोड पर खड़ी है। इस कार के आगे एक युवती रोड पर खड़ी है। वो कभी शरमाएगी, कभी घबराएगी, कभी तो आएगी, गाने पर रील्स बना रही है। युवती के डांस के स्टेप्स पर लोगों ने तरह.तरह के कमेंट्स भी सोशल मीडिया पर किए।

गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने वीडियो वायरल होते ही इसका संज्ञान लिया। पुलिस ने ट्वीट करके बताया है कि गाड़ी मालिक का 17 हजार रुपए का चालान काटा गया है। ये गाड़ी महेंद्र सिंह के नाम पर है जो हरवंश नगर के रहने वाले हैं। ट्वीट में पुलिस ने ये भी बताया है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि जल्द पुलिस इस गाड़ी को सीज भी कर सकती है। अभी दो दिन पहले ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बुलेट सवार लड़के का वीडियो सामने आया था। इसमें वो बुलेट चलाते वक्त एक हाथ से बियर पी रहा था। पुलिस ने इस मामले में 31 हजार रुपए का चालान काटते हुए आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार किया है और बुलेट भी सीज की है। एक हफ्ते पहले भी गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड पर रील्स शूट कराने की वीडियो सामने आई थी। इसमें एक बलेनो कार रोड पर खड़ी थी और युवती की तरह दो लड़के कार के आगे खड़े होकर रील्स बना रहे थे। इस मामले में न केवल दोनों लड़कों की गिरफ्तारी हुई, बल्कि बलेनो कार भी सीज हुई थी।



## बाइक पर स्टंट दिखा तोड़े सारे नियम

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया पर 14 सेकंड का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वी डि यो में एक युवक लाल कलर की स्प्लेंडर बाइक पर स्टंटबाजी कर रहा है। यह वीडियो गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है। युवक इतने खतरनाक तरीके से स्टंटबाजी कर रहा है कि उसकी या किसी दूसरे की जा न भी जा सकती है। वीडियो में दिख रहा है कि पहले युवक बाइक को एलिवेटेड रोड के किनारे लगे हुए डिवाइडर के ऊपर चढ़ाता है फिर उसको सीधे खड़े कर देता है। उसके थोड़ी देर बाद बाइक चलाने के दौरान आगे से ऊपर उठाता है। यह 14 सेकंड का वीडियो काफी तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में ले लिया है और युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि बहुत ही जल्द आरोपी पकड़ा जाएगा और बाइक को भी सीज किया जाएगा।



# लिफ्ट देकर युवक का अपहरण पुलिस ने बचाया, तीन पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में देर रात लिफ्टर गैंग और पुलिस की मुठभेड़ हुई। जिसमें तीन बदमाशों को पैर में गोली लगी। पुलिस ने अपहरण किए युवक को भी बरामद कर लिया।

बदमाशों की चंगुल से छूटे सुधीर ने बताया थाना-142 के एडवंट टावर के पास मेरी बहनों में मुझे छोड़कर चली गई। मुझे कालिंदी कुंज कुछ काम से जाना था। वहां खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा था। जिसके बाद ये लोग कार से आए। और गाड़ी में लिफ्ट के बहाने बैठा लिया।

उन्होंने बताया बदमाश चार घंटे कार में बैठाकर इधर.उधर घुमाते रहे। दो युवक मेरे हाथ रस्सी से बांध दिए। मेरी आंख पर पट्टी लगा दिए। घर वालों को फोन कर खाते में पैसे डलवाए। जिसके बाद एटीएम से जाकर पैसे निकाले। कुछ दूरी पर जाकर सड़क किनारे फेंककर भाग गए, आशुतोष द्विवेदी ने बताया, 39 थाना क्षेत्र में सुबह करीब 4 बजे तीन बदमाशों से मुठभेड़ हुई है। जिसके बाद तीनों बदमाशों को पकड़ लिया गया। बदमाशों के कार से एक युवक बरामद किया गया है। जिसके हाथों में रस्सी से बंधी थी। उसकी आंखों पर पट्टी बंधी थी। युवक की पहचान सुधीर कुमार निवासी बदरपुर के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद बदमाशों ने बताया कि सड़क पर अकेले खड़े वाहनों का इंतजार कर लोगों को निशाना बनाते थे।

- पुलिस के साथ एनकाउंटर में तीनों बदमाशों के पैरों में लगी गोली

# 2.67 करोड़ की ठगी करने वाले दो धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने एस्कोर्ट ग्रुप से रिटायर्ड एक बुजुर्ग के खाते से 2 करोड़ 67 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। ये पैसा पॉलिसी मैच्योर और पॉलिसी को दोबारा से चालू कराने के एवज में डलवाएं गए। पुलिस ने इन दोनों को जयपुरिया प्लाजा सेक्टर.31 के पास से गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित सुरेंद्र कुमार बंसल एस्कोर्ट ग्रुप से 2005 में रिटायर्ड हुए थे। 2020 में इनके पास ठगों ने फोन किया और कहा कि पॉलिसी पूर्ण होने और पालिसी में फंसे हुए पैसे निकलवाने का लालच दिया। सुरेंद्र कुमार ठगों के झांसे में आ गए। इसके बाद ठगों ने प्रोसेसिंग फीस और अन्य मदों में करीब 2 करोड़ 67 लाख रुपए 14 बैंक खातों में जमा करा लिए। इसके बाद फोन बंद कर दिया। इस मामले में सुरेंद्र की बेटी ने थाना सेक्टर.20 में मुकदमा दर्ज कराया। आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि इस ठगी में बहुत से फेक नंबर और सिम का प्रयोग किया गया। जिनको ट्रैक करने में काफी लंबा समय लग गया। अंत में दो शातिर ठगों के बारे में जानकारी मिली। इनको गिरफ्तार किया गया।

इनकी पहचान मोहाली पंजाब निवासी करुणेश कुमार और अनिल शर्मा हुई है। इनके पांच साथी और है जिनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इनके छह खातों को सीज कराने की प्रक्रिया की जा रही है। दोनों आरोपियों ने कुशीनगर के पैकोली कस्बे के लोगों के नाम पर सिम खरीदे थे। इनके अन्य साथी दुष्यंत राणा, जितेन्द्र राणा, कैलाश उर्फ सोनी, शरद ठाकुर, आदित्य आदि के साथ बंद पॉलिसी धारकों के डेटा में से नाम ठगी करते थे।

- पॉलिसी मैच्योर और बंद पॉलिसी से पैसा निकलवाने का ग्राहकों को देते थे झांसा

# 1.5 करोड़ का गांजा बरामद, मां-बेटे समेत 7 तस्कर दबोचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस और स्वाट टीम ने तस्करी कर लाई जा रही गांजे की 5 क्वंटल की बड़ी खेप को पकड़ा है। गांजे की यह खेप उड़ीसा से तस्करी करके लाई जा रही थी। पुलिस ने महिला सहित 7 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कैंटर, पिकअप और स्कूटी सहित 3 वाहन, 6 मोबाइल भी जब्त किए हैं।

ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी साद मियां खां ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बीते रविवार देर रात क्षेत्र में बड़ी मात्रा में उड़ीसा से गांजे की खेप तस्करी कर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर सेक्टर बीटा.2 कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सेक्टर सिग्मा .1 में प्राधिकरण की खाली पडी जमीन पर गांजा तस्कर वाहनों को डिलीवरी के दौरान ही सात तस्करों को दबोच लिया।



आरोपियों ने बताया कि सभी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र नोएडा व गाजियाबाद में गांजा की तस्करी करते हैं।

यह गिरोह उड़ीसा से अवैध तरीके से कैंटर में गुप्त केबिन बनवाकर गांजा की तस्करी करता है। यहां लाकर अलग.अलग क्षेत्रों में लोगों के माध्यम से गांजा की बिक्री करते हैं।

आज भी इसी कैंटर से उड़ीसा से गांजा लेकर आये थे। पुलिस के अनुसार यह गिरोह गांजा को यहां लाकर नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सप्लाई करने के लिए जा रहे थे।

## निगम के हाउस टैक्स घोटाले में कर निर्धारण अधिकारी हुआ निलंबित

**गाजियाबाद।** नगर निगम की वसुंधरा जोन स्थित मैसर्स एजिल प्रमोटर्स प्रतिष्ठान पर हाउस टैक्स के हुए घोटाले में कर निर्धारण अधिकारी महेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की ओर से कार्रवाई की गई है। निलंबन के बाद आरोपों की जांच के लिए अपर मंडलायुक्त को जांच अधिकारी बनाया गया है। कर निर्धारण अधिकारी महेन्द्र सिंह पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट तैयार कर भेजने के लिए शासन ने पन्द्रह दिनों का समय दिया है।

# ग्रेनो की कागज कंपनी में लगी भीषण आग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- जनहानि नहीं, पर लाखों का सामान राख
- तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू

ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थाना क्षेत्र के साइट 4 में स्थित एक कंपनी ने अचानक आग लग गई। किताब बनाने वाली कंपनी में यह आग लगी। आग लगते ही इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने में जुट गई। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दरसअल, दमकल टीम को सुबह 11;00 बजे सूचना मिली कि बीटा 2 थाना क्षेत्र के साइट पर मैसेज मैजिक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आग लग गई है। इसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

आग ने विकराल रूप ले लिया था, उसके बाद वहां पर दमकल की और गाड़ियों को भी बुलाया गया। इस दौरान एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। यह एक पेपर मिल थी जहां पर कागज और कॉपी बनाई जाती थी।

यह आग कागजों में आग लगी थी, जिसकी वजह से आग को बुझाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के अंदर कागज और गत्ते में लगा हुआ धुंआ कंपनी में भरने से दमकल विभाग की टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कम्पनी के टीन शेड को क्रेन की मदद से काटकर धुंआ निकाला गया। आग में कोई जन हानि नहीं हुई है।

# 11 वर्षीय बच्ची से गैंगरेप करने वाले दो सगे भाइयों को उम्रकैद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

11 वर्षीय बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट हर्षवर्द्धन की अदालत ने दो सगे भाईयों को उम्र कैद की सजा सुनवाई। गत शनिवार को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। मामला खोड़ा थाना क्षेत्र का है।

अभियोजन की तरफ से कुल 15 लोगों की गवाही हुई। पीड़िता, उसकी मां और पिता की गवाही बेहद अहम साबित हुई। चार माह से कम समय में सुनवाई के बाद इस मामले में निर्णय आया है। विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि खोड़ा थानाक्षेत्र के एक मोहल्ले में 11 वर्षीय बच्ची परिजनों के साथ रहती है। घरवालों के काम पर जाने के बाद पड़ोस के सगे भाई प्रदीप व कल्लू बच्ची के घर जाकर उसके साथ दुष्कर्म करते थे।

सितंबर 2022 में बच्ची के शरीर में बदलाव दिखा तो मां ने डॉक्टर को दिखाया। तब छह माह की गर्भवती होने की जानकारी मिली। इसके बाद खोड़ा थाने में प्रदीप व कल्लू के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

# गाजियाबाद में एक लाख करोड़ तक निवेश का लक्ष्य : डीएम

## लखनऊ में 10 से 12 फरवरी को प्रस्तावित इनवेस्टर्स समिट में जिले की 22.5 फीसदी होगी भागीदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लखनऊ में 10 से 12 फरवरी को होने वाली इनवेस्टर्स समिट 2023 में गाजियाबाद जिले के निवेशकों का भी योगदान काफी बड़े स्तर पर होगा। गाजियाबाद से होने वाले निवेश की भागीदारी कुल यूपी के निवेश में 22.5 फीसदी है। इसको लेकर गाजियाबाद में जिला प्रशासन पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है।

एक प्रेसवार्ता में डीएम आरके सिंह ने जिले में हो रहे निवेश को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि लक्ष्य एक लाख करोड़ तक निवेश करने का है। अभी प्रदेश स्तर समिट होने में समय है और पोर्टल खुला हुआ है। निवेशकों ने 89.310 हजार करोड़ के निवेश की सहमति दी है जिसमें से 2615 निवेशकों के 69323 करोड़ रुपये की प्रोजेक्ट के एमओयू भी हो चुके हैं। 25 जनवरी को कौशांबी के रेडिसन ब्लू होटल में जिला स्तरीय इन्वेस्ट समिट आयोजित की जा रही है जिसमें निवेशकों को अन्य पॉलिसी की जानकारी दी जाएगी। डीएम ने बताया कि अब तक 2688 निवशेकों ने 89 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने की सहमति जताई है। निवेश में छोटे-बड़े उद्योग, टाउनशिप, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल, इंजीनियरिंग व प्रबंधन शिक्षा संस्थान आदि खुलेंगे जिससे पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। डीएम ने बताया कि 2615 निवेशकों के 69323 करोड़ रुपये की प्रोजेक्ट के एमओयू भी हो चुके हैं। इसमें सर्वाधिक 1877 इंटेंट एमएसएमई सेक्टर से प्राप्त हुए हैं जिसमें अब तक 10177 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

### रैपिड ट्रेन प्रोजेक्ट से बढ़ा निवेशकों में विश्वास

**गाजियाबाद।** जिले में निवेश को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रैपिड ट्रेन प्रोजेक्ट को जिला प्रशासन ने माडल बनाया है। जिसका कार्य तय समय पर ही पूरा होने की ओर अग्रसरित है, प्रोजेक्ट में आई दुविधाओं को जिला प्रशासन ने समय पर खत्म कराया, जिसकी वजह से वर्तमान में रैपिड ट्रेन का साहिबाबाद से दुहाई के बीच ट्रायल रन शुरू हो चुका है। यही वजह है कि 25 जनवरी को कौशांबी में आयोजित गाजियाबाद इंवेस्टर्स समिट की बैठक में एनसीआरटीसी के अधिकारियों को भी अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### नोएडा को यूपी दिवस आयोजित करने की जिम्मेदारी

**नोएडा।** यूपी दिवस के मौके पर 24 से 26 जनवरी तक नोएडा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासन की मंशा के अनुरूप राज्य स्तरीय आयोजन नोएडा में किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण को नोडल अधिकारी बनाया गया है। यूपी दिवस कार्यक्रम में जिला प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना प्राधिकरण एवं कई अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी। ये आयोजन नोएडा के शिल्पहाट सेक्टर-33ए में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आज मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा ऋतु महेश्वरी ने यूपी दिवस मनाए जाने के संबंध में सभी विभागों के साथ बैठक की।

**एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**
Edelweiss Ideas create, values protect
सीआईएन – यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई – 400098
+91 22 4088 6090/6620 3149

परिशिष्ट – IV-ए
[(देखें नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित नियम 8(6) का परंतुक]

अवल सम्पत्ति की बिक्री के लिए
ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित नियम 9(1) के परंतुक के अधीन अचल सम्पत्ति की ई नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार एवं गारंटर को सूचना दी जाती है कि ईएआरसी ट्रस्ट एससी-30 के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("ईएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति ("प्रतिभूत आस्ति"), जिसका भौतिक कब्जा ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 को लिया जा चुका है, ईएआरसी की केएलजी सिस्टेल लिमिटेड (परिसमापन में) ("कर्जदार") और श्री कुमुद गोयल तथा सुश्री पुष्प लता गोयल ("गारंटरगण") की तरफ 23 08 2022 तक बकाया रू. 505,29,95,872.25/– (रू. पांच सौ पांच करोड़ उन्तीस लाख पिच्यानवे हजार आठ सौ बहत्तर तथा पैसे पच्चीस मात्र) उस पर आगे संविदात्मक दरों पर ब्याज तथा अन्य खर्चों एवं लागतों सहित की वसूली के लिए "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर ई नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से उनके वेबसाइट पोर्टल **https://edelweissarc.auctiontiger.net** पर 10 फरवरी, 2023 को दोपहर 12.00 बजे, 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ, बेची जाएगी।

प्रतिभूत आस्ति का वर्णन, प्रतिभूत आस्तियों हेतु सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्नानुसार होंगे :

| प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा |
|---|---|---|
| सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति औद्योगिक भूखंड सं. 24, परिमाप 1000 वर्ग मीटर, सेक्टर-18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर सभी बिल्डिंग/स्ट्रक्चर्स सहित (कुल निर्मित स्ट्रक्चर – 15,750 वर्ग फीट) और चौहद्दी निम्नानुसार है : उत्तर : पहुंच मार्ग, दक्षिण : प्लॉट नंबर 22, पूरब : पहुंच मार्ग, पश्चिम : प्लॉट नंबर 23 | रू. 11,47,50,000/– | रू. 1,14,75,000/– |

अन्य महत्वपूर्ण विवरण

| | |
|---|---|
| स्थल निरीक्षण | 30 01 2023 से 07 02 2023 तक, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच |
| दस्तावेज सत्यापन | 30-01-2023 से 07-02-2023 के बीच कार्यदिवसों को |
| बोली दस्तावेज क्रय | 06-02-2023 से 08-02-2023 के बीच कार्यदिवसों को |
| ईएमडी राशि भुगतान | 09 02 2023 को अप. 02.00 बजे तक |
| बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09-02-2023 अप. 05.00 बजे तक |
| ई नीलामी बिक्री का आरंभन | 10-02-2023 को दोपहर 12.00 बजे |
| बैंक विवरण | खाता सं. 0004103000054719, आईएफएससी नंबर **IBKL0000004**, आईडीबीआई बैंक, मित्तल कोर्ट, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई |
| अधिकारी का सम्पर्क विवरण | 7506642534 Meghraj.deshmukh@edelweissarc.in |

नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः **www.edelweissarc.in/Propertysale** देखें।

हस्ता./–
तिथि : 24-01-2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मुंबई सम्पर्क हेतु नंबर : 7506642534

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Archana Kumari Jha residing at # UGF, 1/9210, Gali No-5, West Rohtash Nagar, Shahdara, Delhi 110032, have changed my name to Archana Mishra affidavit dated 21/01/23 notary by Renu Agarwal, Delhi, Regn No. 17806.

PD(90254)A

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **प्रेम गिरधारीलाल भाटिया** दस्तावेज सं. 8359, दिनांकित 19-10-1993 के माध्यम से पंजीकृत पीओआई द्वारा निष्पादित हस्तांतरण विलेख (कन्वेयंस डीड) दिनांकित 18-10-1993 के आधार पर सम्पत्ति सं. 80, ब्लॉक जी, विकासपुरी, नई दिल्ली **(इसमें आगे उक्त सम्पत्ति कही गई है)** का स्वामी और काबिज होने का दावा करते हैं। उक्त **प्रेम गिरधारीलाल भाटिया** के उक्त सम्पत्ति के सभी मूल विलेख (नामतः अविरत पट्टा विलेख और हस्तांतरण विलेख) गुम हो गए हैं और दस्तावेज खोने के संबंध में एक एफआईआर अपराध शाखा, दिल्ली में 18-11-2022 को एलआर सं. 995166/2022 के माध्यम से दर्ज करवाई जा चुकी है और उक्त **प्रेम गिरधारीलाल भाटिया** ने उक्त सम्पत्ति प्रेम वर्मा को बेचने का करार किया है तथा उक्त प्रेम वर्मा ने हमारे मुवक्किल एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में बंधक सृजित करने हेतु सहमति प्रदान की है। कोई भी व्यक्ति/व्यक्तिगण जिसके पास मूल दस्तावेज हैं तथा/अथवा जिसको मूल दस्तावेजों की कोई जानकारी है और उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में बिक्री, विनिमय, बंधक (साम्यिक/पंजीकृत अथवा अन्य), उपहार, न्यास, उत्तराधिकार, ग्रहाणाधिकार अथवा अन्य किसी भी प्रकार से कोई दावा रखते हैं, उनको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उसकी अधिसूचना लिखित रूप में, दस्तावेजी सबूतों के साथ, नीचे लिखे पते पर, इस सूचना की तिथि से **10 दिन** के भीतर दें, जिसमें असफल रहने पर ऐसे व्यक्ति/यों का दावा या दावे, यदि कोई, शिथिलीकृत तथा/अथवा परित्यक्त माने जाएंगे और हमार मुवक्किल ऋण के संवितरण तथा उसके संबंध में बंधक के अनुवर्ती सृजन की कार्यवाही आगे बढ़ाएगा।

विशाल दीवान (अधिवक्ता)
मकान नंबर 2 (एलजीएफ), एनआरआई कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली-110019
मोबाइल नंबर 9818399999

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निखिल/ निमिषा आहूजा/ LBNOD00002958474 | अपार्टमेंट नंबर 1501, 14वीं मंज़िल टॉवर-के, गोदरेज समिट, सेक्टर-104, गुड़गाँव- 122101/ जनवरी 18, 2023 | अगस्त 16, 2021 रु.1,60,93,683/- | गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 24, 2023** प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : गुड़गाँव** आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# महापौर चुनाव आज, तैयारी हुई पूरी

## एमसीडी सदन में पहले निर्वाचित फिर मनोनीत पार्षद लेंगे शपथ, इसके बाद मेयर, डिप्टी मेयर चुने जाएंगे

**पायनियर सामाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में महापौर चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली है। निगम ने मंगलवार 24 जनवरी को होने वाले चुनाव से पहले का एजेंडा जारी कर दिया है। कार्य सूची के अनुसार पहले पार्षदों फिर मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण होगा, इसके बाद मेयर, डिप्टी मेयर और अंत में स्थायी समिति के 6 सदस्यों का चुनाव होगा। इस दौरान एक बार फिर से भाजपा और आदमी पार्टी के सदस्य आमने-सामने आ सकते हैं।

आम आदमी पार्टी ने महापौर पद के लिए शैली ओबरॉय और आशु ठाकुर और भाजपा ने रेखा गुप्ता को उम्मीदरवार बनाया है। ओबरॉय आप की मुख्य दावेदार हैं। वहीं उपमहापौर पद के प्रत्याशियों में आले मोहम्मद इकबाल और जलज कुमार (आप) तथा कमल बागड़ी (भाजपा) शामिल हैं। हालांकि भाजपा ने अपने पार्षदों के साथ बैठक कर उन्हें सदन की कार्रवाई से संबंधित कानूनी पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही पार्षदों को हिदायत दी गई कि शपथ ग्रहण के कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं डालनी है अगर विपक्षी दल विरोध करता है तो भी मर्यादा में ही रहकर विरोध करना है उग्र रूप नहीं अपनाना है और ना ही निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना है।

नगर निगम चुनावों के बाद सदन की दूसरी बैठक मंगलवार को होगी, जिसमें दिल्ली के महापौर और उपमहापौर को चुना जाएगा। महापौर और उपमहापौर का चुनाव नगर निगम चुनाव के बाद छह जनवरी को हुई सदन की पहली बैठक में किया जाना था, लेकिन आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के एक दूसरे से भिड़ जाने और हंगामा करने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया गया था। जिसके कारण महापौर और उपमहापौर का चुनाव नहीं हो सका था।

पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त भाजपा पार्षद सत्या शर्मा ने कहा कि सदन की कार्यवाही को लेकर दूसरी बैठक को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शर्मा ने उम्मीद जताई कि इस बार सदन की कार्यवाही बिना किसी अप्रीय घटना के चलेगी। एजेंडा के अनुरूप नामित सदस्य और एल्डरमैन पहले शपथ लेंगे। इसके बाद अन्य सदस्य शपथ लेंगे। उन्हें नहीं लगता कि आप इस तरह का कोई मुद्दा उठाएगी, क्योंकि यह उसका नुकसान है।

उत्तरी दिल्ली के पूर्व महापौर जय प्रकाश ने कहा समय निकल रहा है और आप तथा भाजपा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पार्षदों तथा नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण तथा महापौर और उपमहापौर का चुनाव एक साथ हो। महापौर का चुनाव सदन की पहली बैठक में ही हो जाता लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछली बार हंगामे के कारण ऐसा नहीं हो सका। दिल्ली के लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि पूरे शहर को अब फिर से एक महापौर मिलेगा।

जय प्रकाश के अनुसार अरुणा आसफ अली दिल्ली की पहली महापौर थीं और वर्ष 2012 तक एमसीडी का तीन अंगों में विभाजन होने से पहले रजनी अब्बी आखिरी महापौर थीं और 10 साल बाद फिर से एक महिला महापौर बनेगी, यह शहर के साथ ही उस व्यक्ति के लिए बड़े सौभाग्य की बात है जो दिल्ली की महापौर बनेंगी।

### पार्षदों व मनोनीत सदस्यों को ही सदन में दें प्रवेश : भाजपा

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता रविशंकर कपूर ने पीठासीन अधिकारी सत्य शर्मा से अनुरोध किया है कि संभव हो तो सदन की बैठक में पहले निर्वाचित पार्षदों व मनोनीत सदस्यों को प्रवेश दें। पिछली बैठक में आप के मनोनीत विधायकों ने सदन में हंगामा कराया था ऐसे में जरूरी है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए पहले निर्वाचित पार्षदों और मनोनीत सदस्यों को ही प्रवेश दें।

### पार्षदों के साथ सहयोग करे भाजपा : आप

आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने भाजपा से अनुरोध किया कि महापौर चुनाव के लिए 24 जनवरी को दिल्ली नगर निगम सदन की बैठक बुलाए जाने पर वह पार्षदों के साथ सहयोग करे। उन्होंने भाजपा से सदन को शांतिपूर्ण ढंग से चलने देने का आग्रह करते हुए कहा कि आप पार्षद चाहते हैं कि महापौर का चुनाव जल्द हो। आप विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि उनकी पार्टी एमसीडी की कार्यसूचि से पूरी तरह सहमत है। मंगलवार को होने वाली सदन में हमारे सभी पार्षद कार्यसूचि का पालन करते हुए भाग लेंगे। सदन में पहले पार्षदों फिर मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद मेयर, डिप्टी मेयर और अंत में स्थायी समिति के 6 सदस्यों का चुनाव होगा। भाजपा से अनुरोध है कि वह भी इस कार्यसूचि का पालन करते हुए चुनाव की प्रक्रिया में पूरी तरह सहयोग करें।

# परेड का पूर्वाभ्यास : कई जगह लगा जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के चलते आईटीओ पर लगा जाम। -रंजन डिमरी

गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास से पहले लगाए गए प्रतिबंधों के कारण सोमवार को सुबह यात्रियों को मध्य दिल्ली की सड़कों पर लंबे जाम में फंसना पड़ा। पुलिस ने कहा कि उन्हें कई यात्रियों के फोन आए और उन्होंने यातायात की समस्या के बारे में बताया। विकास मार्ग (लक्ष्मी नगर से आईटीओ तक), प्रगति मैदान, और अक्षरधाम में यातायात की रफ्तार बिल्कुल थम सी गई थी।

एक यात्री अंकिता सिंह ने कहा, नोएडा से अक्षरधाम तक भारी यातायात था। आईटीओ की ओर जाने वाले मार्ग में भी जाम था और जीपीएस ने लगभग छह किलोमीटर की दूरी तय करने में 40 मिनट का समय दिखाया। कई यात्रियों ने शहर में यातायात की स्थिति के बारे में ट्वीट कर दूसरों को अवगत कराया। कुछ लोगों ने आईटीओ, प्रगति मैदान और गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर भारी जाम की सूचना दी। एक व्यक्ति ने कहा कि आईटीओ पर एक घंटे से अधिक समय तक यातायात थम गया, वहीं एक अन्य यात्री ने कहा कि वह दो घंटे तक जाम में फंसा रहा। कई लोगों ने इन मार्गों पर न निकलने की सलाह दी। मध्य दिल्ली में काम करने वालीं प्रेरणा सिंह ने कहा, वह शहर के दक्षिणी हिस्से में रहती हूं और डेढ़ घंटे में अपने ऑफिस पहुंच जाती हूं। कैब ने मुझे मेरे गंतव्य तक पहुंचाने में अतिरिक्त 30 मिनट का समय लिया। कौटिल्य मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, चाणक्यपुरी और हौज खास में भी भारी यातायात देखा गया।

दिल्ली यातायात पुलिस ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए सोमवार को पूर्ण पूर्वाभ्यास के वास्ते व्यवस्थाओं और प्रतिबंधों पर एक परामर्श जारी किया था।

## हथियारों की खेप के साथ दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 34 पिस्तौल बरामद कर हथियारों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों की पहचान शामली निवासी नावेद राणा व सलीम के रूप में हुई है। हथियारों की खेप गोगी गिरोह के एक सदस्य को पहुंचाई जानी थी।

पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी को सूचना मिली, जिसके आधार पर नरेला में दिल्ली-जम्मू रोड पर राणा को गिरफ्तार किया जिसके पास 10 पिस्तौल थीं। पुलिस उपायुक्त इंगित प्रताप सिंह ने कहा कि राणा के सूत्र सलीम की पहचान कर उसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

## आईटी नौकरी से निकाले जाने का संज्ञान ले केंद्र

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई प्रौद्योगिकी कंपनियों से बड़ी संख्या में लोगों को नौकरी से निकाले जाने पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से देश में इस संबंधी हालात की समीक्षा करने और उचित कदम उठाने को कहा।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि आईटी क्षेत्र में बहुत बड़े स्तर पर युवाओं को नौकरी से निकाला जा रहा है। केंद्र को चाहिए कि वह भारत की स्थिति की समीक्षा करे और उचित कदम उठाए। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्य नडेला ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि उनकी कंपनी 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी।

# संक्षिप्त समाचार



स्टाल का उद्घाटन करते दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह।

### युवाओं का नामांकन करने को चुनाव आयोग की पहल

**नई दिल्ली।** दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने आम लोगों खासकर युवाओं में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए आज जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तीन विशेष स्टालों का उद्घाटन किया। इन स्टालों का मकसद लोगों को मतदाता सूची में नाम खोजने, मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन करने, मतदाता पहचान पत्र में सुधार करने, नाम हटाने आदि जैसी हर संभव सहायता प्रदान करना था। यह पहल नई दिल्ली जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई है।

### डीयू में छह विदुषी महिला शिक्षाविद् सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शिक्षा और महिला कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय काम करने वाली छह विदुषी महिला शिक्षाविदों को अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रो. कृष्णा शर्मा, प्रिंसिपल पीजीडीएवी कॉलेज, प्रो. अनुला मौर्या, प्रिंसिपल कालिंदी कालेज, प्रो. सुषमा यादव, सम कुलपति सैंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा, प्रो. अनु मेहरा लॉ फैकल्टी, प्रो. गीता सहारे, राजनीति विज्ञान विभाग, लक्ष्मीबाई कॉलेज, प्रो. रजत रानी मीनू, हिंदी विभाग, कमला नेहरू कालेज को प्रशस्ती पत्री देकर सम्मानित किया

### छात्रों व शिक्षकों ने किया साढ़े तीन सौ यूनिट रक्तदान

**नई दिल्ली।** आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लोगों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। इसी कड़ी में रोहिणी सेक्टर 22 स्थित महाराजा अग्रसेन इंजीनियरिंग कॉलेज में रोटरी क्लब और रेडक्रॉस के साथ मिलकर रक्त दान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने रक्तदान किया। शिविर भाजपा नेता और कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर नंदकिशोर गर्ग, मोहन गर्ग ने नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शिविर में करीब 350 यूनिट रक्तदान किया।

### प्लास्टिक दाने के कारखाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में प्लास्टिक के दानों के कारखाने में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल विभाग को सुबह करीब नौ बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकल अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही आग बुझाने के लिए दमकल की कुल 15 गाड़ियां मौके पर भेजी गई है।

### निगम को प्रदूषण से लड़ने के लिए मिले 13 वाहन

**नई दिल्ली।** सड़कों और फुटपाथ की सफाई अब आधुनिक मशीनों से होगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को शहर की सड़कों को साफ करने के लिए एंटी-फॉग स्प्रिंकलर और एंटी-क्लॉगिंग सुविधाओं से लैस 13 बहुउद्देश्यीय वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। दिल्ली नगर निगम ने पर्यावरण मंत्रालय से ऐसे 28 वाहन खरीदे हैं, जिनमें से 13 को सोमवार को निगम के बेड़े में शामिल किया गया है।


### मंगोलपुरी में ट्रक पलटने से एक की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में ईंटों से लदा एक ट्रक पलट गया और उसके नीचे दबने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई,, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा रविवार शाम को बी-ब्लॉक में हुआ। ट्रक सड़क के एक हिस्से के धंसे होने के कारण पलट गया और उसके नीचे तीन लोग दब गए थे। पुलिस के अनुसार, मरने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है।

# कर्त्तव्य पथ पर रिहर्सल परेड की झलकियां














# गणतंत्र दिवस : इंडियन फील्ड गन तोपों से दी जाएगी सलामी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्र सरकार ने लिया यह फैसला

नई दिल्ली। इस साल गणतंत्र दिवस पर 25 पाउंडर बंदूकों वाली पुरानी तोपों के बजाय नए 105 एमएम इंडिन फिल्ड गन से राष्ट्रीय ध्वज को 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। यह फैसला सरकार की मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है।

दिल्ली क्षेत्र के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल भावनीश कुमार ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा, देश स्वदेशीकरण की ओर जा रहे हैं और वह समय दूर नहीं जब सभी उपकरण स्वदेशी होंगे। सेना द्वारा 74वीं गणतंत्र दिवस परेड़ में प्रदर्शित किए जा रहे सभी उपकरण भारत में बने हैं जिनमें आकाश हथियार प्रणाली और हेलीकॉप्टर, रुद्र और एएलएच ध्रुव शामिल हैं। इस साल 21 तोपों की सलामी 105 मिलीमीटर इंडियन फिल्ड गन से दी जाएगी जो 25 पाउंडर का स्थान लेंगी। गौरतलब है कि 2281 फिल्ड रेजीमेंट की वर्ष 1940 के शुरुआत में निर्मित सात तोपों से राजपथ (अब कर्तव्य पथ) पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में सलामी देने के लिए गोले दागे जाते थे।



# 26 जनवरी को बार-रेस्त्रां में भी शराब बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- केजरीवाल सरकार ने जारी किए आदेश, महाशिवरात्री, रामनवमी और होली पर भी दुकानों पर शराब बिक्री पर रहेगी पाबंदी, स्वामी दयानंद जयंती और गुरु रविदास जयंती ड्राई डे घोषित

आम आदमी पार्टी की सरकार ने शराब बिक्री को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब 26 जनवरी पर बार और रेस्तरां में भी शराब नहीं परोसी जाएगी। पहले 26 जनवरी को ड्राई डे घोषित होता था लेकिन बार और रेस्तरां में शराब परोसने की इजाजत थी। इस बार पहली बार गणतंत्र दिवस को बार और रेस्तरां में शराब बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है।

केजरीवाल सरकार ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही महाशिवरात्री, रामनवमी और होली पर भी दुकानों पर शराब बिक्री पर पाबंदी रहेगी। दिल्ली सरकार ने स्वामी दयानंद जयंती और गुरु रविदास जयंती पर भी ड्राइ डे घोषित किया है, इस दिन भी शराब दुकान बंद रहेंगे।

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग की ओर से एक जनवरी 2023 से लेकर 31 मार्च 2023 तक ड्राई डे की सूची जारी की है। इसमें केजरीवाल सरकार ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 5 फरवरी को गुरु रविदास जयंती, 15 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती, 18 फरवरी को महाशिवरात्री, 8 मार्च को होली और 30 मार्च को राम नवमी पर ड्राइ डे घोषित किया है। इस दौरान शराब के ठेके बंद रहेंगे।

केजरीवाल सरकार हर 3 महीने पर ड्राई डे की सूची जारी करती है। वर्तमान में करीब 21 ड्राई डे पूरे साल में पड़ते हैं।

# यमुना में दिखने लगा नजफगढ़ नाले की सफाई का असर

## ड्रेन से लगातार निकाली जा रही है गाद, इसमें गिरने वाले नालों का प्रदूषित जल भी किया जा रहा उपचारित

**संजय राय ।** नई दिल्ली



यमुना नदी में आईएसबीटी और ओखला में पिछले छह महीने से प्रदूषण के स्तर में लगातार कमी आ रही है। इन दोनों जगहों पर बीओडी कम होने लगा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना नजफगढ़ ड्रेन की सफाई पर व्यक्तिगत रूप से नजर रख रहे है। समय-समय पर संबंधित अधिकारियों संग समीक्षा बैठक और दौरा भी कर रहे हैं।

ठोस प्रयासों का ही नतीजा है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और पर्यावरण विभाग द्वारा हर माह की जाने वाली नदी और नाले की गुणवत्ता जांच से पता चला है कि नजफगढ़ नाले में जैविक अथवा जैवरासायनिक आक्सीजन मांग (बीओडी) का स्तर अगस्त 2022 से लगातार गिर रहा है। अगस्त में जहां नाले में बीओडी का स्तर 75 था वहीं इस साल जनवरी में घटकर 53 रह गया है। यही गुणवत्ता यमुना नदी में भी देखने को मिल रही है, जहां अगस्त में बीओडी का स्तर 48 था वहीं जनवरी में 38 रह गया है।

राजनिवास सूत्रों ने दावा कि सक्सेना के एलजी का पदभार संभालने के बाद नजफगढ़ नाले की सफाई का काम अगस्त में शुरू हुआ था। इसके बाद से ओखला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास नदी के पानी में प्रदूषण की मात्रा लगातर कम हो रही है। नवंबर के मध्य में जब नजफगढ़ नाले में गिरने वाले उपनालों, फीडर नालों की सफाई कर गाद निकालना शुरू किया गया। अब तक पारंपरिक माध्यमों से कुल 80 हजार क्यूबिक मीटर या एक लाख 28 हजार मीट्रिक टन में से 50000 क्यूबिक मीटर (80000 मीट्रिक टन) गाद निकाली जा चुकी है। इसी तरह आंशिक गुरुत्वाकर्षण तकनीक के माध्यम से 30 हजार घन मीटर (48,000 मीट्रिक टन) गाद निकाली गई है।

मालूम हो कि पिछले पांच वर्षों से वार्षिक औसत डिसिल्टिंग लगभग 90 हजार मीट्रिक टन थी। नजफगढ़ ड्रेन में गिरने वाले आधिकारिक रूप से कुल 44 नाले टैप किए गए हैं जबकि हकीकत में कुछ और भी हैं, जिन्हें टैप किया जा रहा है।

### निर्मलता के प्रयास में मिलती सफलता

नजफगढ़ नाले में सितंबर में बीओडी का स्तर 70, अक्टूबर में 65, नवंबर में 66, दिसंबर में 68 और जनवरी में 53 दर्ज किया गया। इसी तरह यमुना में ओखला के पास (शाहदरा ड्रेन की गंदगी मिलने के बाद भी) अगस्त, सितंबर व अक्टूबर में बीओडी का स्तर 75, नवंबर में 70, दिसंबर में 73 और जनवरी में 56 रह गया। वहीं आइएसबीटी कश्मीरी गेट के पास अगस्त में 48, सितंबर में 50, अक्टूबर में 52, नवंबर में 50, दिसंबर में 46 और जनवरी में 38 मापा गया है।

### क्या है बीओडी

जैविक अथवा जैवरासायनिक आक्सीजन मांग (बीओडी) पानी में कार्बनिक पदार्थों के अपघटन के लिए सूक्ष्मजीवों द्वारा उपयोग की जाने वाली घुलनशील आक्सीजन की मात्रा होती है। निम्न बीओडी अच्छी गुणवत्ता वाले पानी का एक संकेतक होता है, जबकि उच्च बीओडी प्रदूषित पानी को दर्शाता है।

# गांवों में 175 करोड़ से होंगे विकास कार्य : गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक में 136 योजनाओं को मंजूरी

राजधानी के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 136 योजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 175.54 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे।

विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार गांवों में सड़कों, पार्कों, नालियों और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक सोमवार को विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सदस्यों ने लंबित प्रस्तावों का मामला उठाया। इसके बाद विकास मंत्री ने विभाग को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजना की फाइलों पर तय समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विकास मंत्री ने ग्राम विकास के कामों की मुख्य कार्यकारी एजेंसी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर परियोजना का अनुमान तैयार किया जाए।

# डेरा सच्चा सौदा सेवादारों ने सफाई कर चमकाई साइबर सिटी

### सफाई महा अभियान की शुरुआत होते ही शहर में फैल गए सेवादार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने सफाई करके गुरुग्राम शहर को चमकाया। डेरा सच्चा सौदा की संगत की ओर से आयोजित सफाई महाअभियान में सफाई की शुरुआत करते नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) नरेश कुमार व डेरा के सेवादार।

**डेरा** सच्चा सौदा के दूसरे पातशाही पूजनीय परमपिता शाह सतनाम सिंह जी महाराज के 104वें पावन अवतार दिवस मनाने की खुशी को दोगुना करते हुए साध-संगत ने सोमवार को गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में सफाई महाअभियान चलाया। गुरुग्राम में इस अभियान की शुरुआत एमजी रोड स्थित एमडीआई चौक के पास नेताजी सुभाष पार्क से की गई।

हजारों की संख्या में यहां डेरा सच्चा सौदा के शाह सतनाम सिंह जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स के सेवादार रात को ही पहुंच गए थे। गुरुग्राम के अलावा पंजाब, राजस्थान व दिल्ली से यहां साध-संगत सफाई करने पहुंची। विशेष बात यही रही कि सभी संगत अपने साथ सफाई का सामान झाड़ू, तसले, पल्ली, कस्सी, जेली समेत काफी सफाई यंत्र लेकर पहुंचे थे। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों में यहां सफाई करने का जोश और जज्बा अनुकरणीय था।

ठीक 10:24 बजे गुरू संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह यूपी में बरनावा आश्रम से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आए। आते ही उन्होंने गुब्बारे छोड़कर इस सफाई महा अभियान का श्रीगणेश किया। उनके बाद उन्होंने स्वयं और अपनी बेटी हनीप्रीत इंसा के साथ झाड़ू लगाई। यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) नरेश कुमार ने भी डेरा के प्रमुख लोगों के साथ झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सभी डेरा श्रद्धालु सफाई का सामान लेकर शहर में फैल गए। जहां-जहां उनकी ड्यूटी लगाई गई थी, वे वहीं पर अपने वाहनों में बैठकर पहुंचे और सफाई की। कार्यक्रम स्थल पर भी सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने सफाई करके एमडीआई चौक से लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक तक की सड़क को चमका दिया।

ब्लॉक भंगीदास श्याम सुंदर इंसा, सेवादार राजेंद्र सिरोही, बहन निर्मल इंसा के मुताबिक इस सफाई अभियान का कार्यक्रम एक दिन पहले ही बना था। संगत के प्रयासों, सेवा भावना से कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। साध-संगत ने सफाई के कार्य में भाग लेकर शहर को स्वच्छ बनाया। उन्होंने गुरुग्राम की स्थानीय और बाहरी से पहुंची संगत का इस पवित्र कार्य में पहुंचने पर स्वागत किया।

#### डेरा की संगत के सभी काम सराहनीय : नरेश कुमार

**नगर** निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) नरेश कुमार ने कहा कि डेरा की संगत के सभी काम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गुरु से शिक्षा लेकर संगत जनसेवा में सदा आगे रहती है। सफाई अभियान में नगर निगम का भी सदा सहयोग रहा है और आगे भी रहेगा। नरेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता का यह बहुत अच्छा अभियान है, जो गुरु के जन्मदिवस पर कर रहे हैं। भगवान इनको लंबी आयु दे। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी कूड़ा संगत इकट्ठा करेगी, उसे नगर निगम उठा लेगा।

#### गुरु बोले, नशा छोड़ने की भी करें अपील

**सफाई** महा अभियान के दौरान साध संगत से रूबरू होते हुए गुरू ने संगत से कहा कि वे जिस-जिस क्षेत्र में भी सफाई कर रहे हैं, वहां पर लोगों से नशा छोड़ने की अपील करे। अगर किसी के पैरों को भी हाथ लगाना पड़े तो लगाएं, पर उनसे नशा न करने का प्रण कराएं। उन्होंने फरमाया कि समाज में यह बहुत बड़ा बदलाव है कि आज हमारी बेटियां ऊंचे ओहदों पर समाज को सही दिशा दे रही हैं। सभी के स्वच्छ, सुखमय होने की गुरू ने कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने शहर में चलाया सफाई महा अभियान



सोहना की अनाज मंडी में डेरा सच्चा सौदा के सेवादार तंग गली में पड़ा कूड़े की सफाई करते हुए।

**सोहना।** डेरा सच्चा सौदा भक्तों ने शहर में महासफाई अभियान चलाते हुए शहर के आम रास्ते, सड़क, बाजारों में सफाई की। इस सफाई अभियान में 800 भक्तों ने भाग लिया। सोमवार को सिरसा डेरा सच्चा सौदा के भक्तों ने सुबह 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक शहर की तंग गलियों लेकर बाजार, आम रास्ते, मौहल्ले, वार्ड, और शहर के अंदर तथा बाहर जाने वाले मार्गों के साथ-साथ सफाई की। शहर की अनाज मंडी से अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में पंजाब और हरियाणा के अन्य जिलों से आए भक्तों ने इस सफाई अभियान में भाग लिया। अनुयायी मुकेश ने बताया कि डेरा सच्चा सौंदा की तरफसे हरियाणा के 21 जिलों में महासफाई अभियान चलाया है। जिसमें लाखों की संख्या में सेवादार ने भाग लिया। सोहना में 800 सेवादार सफाई अभियान में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे है। 25 जनवरी को अवतार दिवस मनाया जाएगा। सभी सेवादार इस अवसर पर एकजुट होंगे।

### गुरुग्राम से खाटू श्यामजी तक 38वीं पद यात्रा की तैयारी शुरू



**गुरुग्राम।** हर साल की तरह इस साल भी श्री खाटू श्याम पद यात्रा सेवा समिति गुरुग्राम की ओर से गुरुग्राम से खाटू श्याम जी तक वार्षिक पद यात्रा को लेकर बैठक की गई। वर्ष 2023 में इस 38वीं पद यात्रा को लेकर हुई बैठक में पद यात्रा समिति के संरक्षक विजेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अमित गोयल, अंकुर गोयल, शेर सिंह, अतिन शर्मा, रणबीर भारद्वाज, विजेंद्र यादव और अंकुर गोयल आदि ने बैठक में इस साल की पद यात्रा पर चर्चा की। अमित गोयल ने बताया कि पिछले 37 साल से यह पद यात्रा की जा रही है। यह पद यात्रा 22 फरवरी 2023 को गुरुग्राम से रवाना होगी, जो कि छठे दिन यानी 27 फरवरी 2023 को खाटू श्याम जी पहुंचेगी। कोई भी श्याम प्रेमी इस यात्रा में शामिल होना चाहता है तो वह समिति के सदस्यों से सम्पर्क कर सकता है। इस बार की पद यात्रा में शेर सिंह, आशा शेर सिंह 51 निशान के साथ गुरुग्राम से खाटू श्याम जी धाम तक पद यात्रा करेंगे।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा पीढ़ी के प्रेरणापुंजः नवीन गोयल



**गुरुग्राम।** सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 126वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, रोशन लाल यादव उपाध्यक्ष, महासचिव बिजेंद्र सिंह ठाकरान, लेखराज सिंह राघव कोषाध्यक्ष, राजेश्वर ठाकरान संरक्षक, बलजीत सरपंच सुखराली, बलजीत सिंह ढुल, धर्मेंद्र जांघू दौलताबाद, कर्नल केएस भारद्वाज, कर्नल सतपाल राघव, मधु मलिक, अत्तर सिंह संधू, मास्टर मातादीन यादव, राजेश्वर ठाकरान समेत सैनिक परिवारों से अनेक लोग मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस वह महापुरुष थे, जिन्होंने अपने आजाद हिंद फौज के साथ में द्वितीय विश्व युद्ध में भी हिस्सा लिया था। उन्होंने भारत में गहराई में जमी हुई ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ों को खोखला कर दिया था। उन्हें सबसे पहली बार जर्मनी में 1942 में भारतीय सैनिकों के द्वारा नेताजी कहकर पुकारा गया था। नेताजी ने जेल में रहते हुए भी कोलकाता के मेयर का चुनाव लड़ा और जीत गए। कुछ हिंसक कृत्यों के बाद में उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया था, और मेयर बनने के तुरंत बाद ही उन्हें रिहा भी कर दिया गया था। नवीन गोयल ने कहा कि वर्ष 1945 के बाद से हर वर्ष मनाई जाती है। 19 जनवरी 2021 को भारत केंद्र सरकार ने नेताजी की जयंती को पर्राक्रम दिवस घोषित किया था। अब 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का अनावरण करने के साथ 21 द्विपों का नाम देश के परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम से किया गया।

# सुभाष चौक पर नेताजी की प्रतिमा का विधायक सुधीर सिंगला ने किया अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सोमवार को यहां सोहना रोड स्थित सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। पराक्रम दिवस पर आयोजित इस अनावरण कार्यक्रम में गुरुग्राम के अनेक लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला के साथ नेताजी को सेल्यूट किया।

जीएमडीए की पहल पर राइस इंफ्रावेंचर लिमिटेड कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत नेताजी की यह प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा के साथ यहां राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किया गया। विधायक सुधीर सिंगला ने नेताजी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी में अतुलनीय योगदान दिया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर उन्होंने देश में एक नई विचाराधारा को शुरू किया। हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का देश को दिया गया योगदान और बलिदान कभी भूलना नहीं चाहिए। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुमेर सिंह तंवर, पार्षद, कुलदीप यादव, जीएमडीए से अधिकारी सुभाष यादव, राइस इंफ्रावेंचर लिमिटेड कंपनी से सचिन गावरी, शांतनु गंभीर, इशा शर्मा, गिरीश बंसल, आरडब्लूए अध्यक्ष निर्लिप्त, रेल विहार से एसके शर्मा, जसप्रीत कौर, महासिंह ठाकरान, सुचिता, रमेश मेहरा समेत कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।



गुरुग्राम में सुभाष चौक पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक सुधीर सिंगला।

**नेताजी की जयंती पर लगाया हेल्थ चेकअप शिविर :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को सदर बाजारस्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) में यूपीएचसी द्वारा हेल्थ चेकअप शिविर लगाया गया। इस शिविर का विधायक सुधीर सिंगला ने उद्घाटन किया।

# बिजेंद्र कुमार ने संभाला डीआईपीआरओ का पदभार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) के रूप में बिजेंद्र कुमार ने सोमवार को पदभार संभाला। लंबे समय तक इस पद का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। बिजेंद्र कुमार यहां से पहले झज्जर जिला में डीआईपीआरओ थे। गत सप्ताह उनका तबादला गुरुग्राम में हुआ था। सोमवार को उन्होंने यहां पदभार ग्रहण किया। इस पर का भार उन्हें सौंपने के बाद संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान दिल्ली में संयुक्त निदेशक के साथ गुरुग्राम में भी संयुक्त निदेशक एनसीआर का कार्यभार देखते रहेंगे।



गुरुग्राम में बिजेंद्र कुमार को डीआईपीआरओ पद ग्रहण कराते संयुक्त निदेशक आरएस सांगवान।

# एमडीआर केंद्र के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



सोमवार को प्रस्तावित एमडीआर सेंटर के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौपतें हुए संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में प्रस्तावित एमडीआर सेंटर के विरोध में स्थानीय लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों ने एसडीएम को एमडीआर सेंटर खुलने पर कड़े विरोध की चेतावनी दी। वहीं एसडीएम ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जल्द ही विचार विमर्श करने तथा स्थानीय नागरिको की मांग को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष सतबीर पहलवान सहित पार्षद हरिश नंदा, सतीश राघवए मनोज राघव, संजय सरपंच, लीलू पहवान, जिन्नी पहलवान,मंदीप खटाना, मोहन सैनी, बॉबी जैन, नीरज गोयल, देशराज व प्रदीप गर्ग आदि मौजूद थे। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए समिति के अध्यक्षत सतबीर पहवान ने कहा कि नागरिक अस्पताल से बाहर तथा आबादी क्षेत्र से बाहर इस सेंटर को खोला जाए। क्योंकि नागरिक अस्पताल आबादी में है। जिसके आस पास शहर की कॉलोनी, अनाज व सब्जी मंडी, राजकीय स्कूल तथा बाजार लगते हैं। तपेदिक रोग से ग्रस्त रोगी टेस्ट कराने के लिए सेंटर में आता है। उससे उक्त बीमारी अन्य लोगों को होने का खतरा रहता है।

जल्द ही इस संबंध में नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों से इस बात की जाएगी। नागरिको की मांग को आज ही उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा। यदि यह बीमारी अधिक खतरनाक है तो इसके सेंटर को नहीं खुलने दिया जाएगा।

**प्रदीप मलिक**
**एसडीएम सोहना**

# गणतंत्र दिवस पर हथीन विधायक प्रवीण डागर होंगे मुख्य अतिथि



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में पुलिस कर्मी और एनसीसी विद्यार्थी एक साथ मिलकर गणतंत्र दिवस की पूर्वाभ्यास करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गणतंत्र** दिवस के अवसर पर सोहना में हथीन से विधायक प्रवीण डागर राष्ट्रीय झंडा फहराएंगे। गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर हरियाणा पुलिस के जवानों ने एनसीसी विद्यार्थियों के साथ मिलकर पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर गुरुग्राम साऊथ डीसीपी, एसीपी और तहसीलदार मौजूद थीं।

देश के 74वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में तैयारियां शुरु हो गई हैं। सोमवार को गुरुग्राम साऊथ डीसीपी उपासना सिंह, सोहना एसीपी नवीन सिंधू और तहसीलदार शिखा गर्ग ने तैयारियों को लेकर स्टेडियम में जायजा लिया। इस अवसर पर परेड की तैयारी में जुटे हरियाणा पुलिस के नौजवान और एनसीसी विद्यार्थियों ने मिलकर अभ्यास किया। एनसीसी के प्रभारी मास्टर हुकम सिंह भी इस अभ्यास में जुटे हैं।

डीसीपी उपासना सिंह ने राष्ट्रीय झंडा फहराए जाने की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होने राष्ट्रीय -झंडा का स्थान निर्धारित करते हुए कानून व्यवस्था को लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर विचार विमर्श किया। एसीपी नवीन सिंधू ने बताया कि शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर लगी प्रतिमा पर भी माल्यापर्ण किया जाएगा। जहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। इसके साथ खेल स्टेडियम में भी सुरक्षा के इंतजाम कड़े रहेंगे।

**हथीन विधायक होंगे मुख्य अतिथि :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हथीन विधायक प्रवीण डागर मुख्य अतिथि होंगे। इससे पहले प्रवीण डागर ने 15 अगस्त 2022 को भी राष्ट्रीय -झंडा लहराया था।

प्रवीण डागर दूसरी बार राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। गणतंत्र दिवस की तैयारियों तेजी से की जा रही है। इस अवसर पर कानून व्यवस्था से लेकर आम नागरिको के बैठने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंगलवार को देश भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूली विद्यार्थी फुल ड्रस में रिहर्सल करेंगे।

**प्रदीप मलिक**
**एसडीएम सोहना**

# गुरुग्राम सैनी समाज युवा जागृति मंच के शिविर में 250 लोगों ने कराई जांच

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम सैनी समाज युवा जागृति मंच की ओर से जैबकपुरा स्थित सैनी धर्मशाला में सूर्यवंशी महाराजा शूर सैनी की जयंती पर यज्ञ एवं निशुल्क इलैक्ट्रॉपैथी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उद्योगपति सुरेंद्र सैनी, कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, बार एसोसिएशन गुरुग्राम के उपाध्यक्ष जितेंद्र सैनी पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशपाल सैनी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र सैनी एडवोकेट, भाजपा नेता सुमेर सिंह तंवर, सोनू सैनी, सुरेंद्र सैनी और अतिथि के रूप में रमेश सैनी, कृष्ण गोपाल सैनी, लीलू राम सैनी, सतबीर सैनी, पवन सैनी, अंकुश सैनी, रोहित सैनी, पारस बख्शी, तेजिंद्र सैनी सतेंद्र भगत सैनी, सुरेश गौड़, आशीष गुप्ता, राजेश बोहरा, डा. संदीप सिंह, डा. राकेश सैनी, एडवोकेट मुकेश सैनी, राकेश, सुकेश सैनी पहुंचे। मंच संचालन डा. मुकेश सैनी ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# 5,500 किमी, 50 शहर, 10 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचे

### एडलवाइस टोकियो लाइफ की जिंदगी एक्सप्रेस ने यात्रा समाप्त की

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**भारत** के नक्शे पर दिल बनाते हुए, एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस की जिंदगी एक्सप्रेस आज 50 शहरों की 5,500 किलोमीटर की यात्रा करके और अंगदान की आवश्यकता के बारे 10 लाख से अधिक लोगों के बीच में जागरूकता फैलाने के बाद अपने गंतव्य भोपाल में पहुंच गई। जिंदगी एक्सप्रेस से बैटन पास कर के मप्र. के चिकित्सा शिक्षा और भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री, माननीय विश्वास सारंग ने भारत के हृदय स्थल भोपाल का प्रतिनिधित्व किया। पिछले 20 दिनों में, जीवन बीमाकर्ता लोगों को अंगदान के लिए जागरूक और शिक्षित करने के लिए सपासइटऑन नाम से एक जागरूकता यात्रा कर रहा है। आज, जीवन बीमाकर्ता ने इस यात्रा का समापन किया। एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ सुमित राय ने कहा, आज का समापन हमारी अंगदान यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि पूरी यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग उमड़े। यह हमें आने वाले वर्षों में इस उद्देश्य की दिशा में अपने प्रयासों का विस्तार करने के लिए अत्यधिक आत्मविश्वास देता है। लगातार चौथे वर्ष, मोहन फाउंडेशन ने नॉलेज पार्टनर के रूप में जीवन बीमाकर्ता के साथ पार्टनरशिप की और 20 दिनों की यात्रा के दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी और को-फाउंडर डॉ. सुनील श्रॉफ ने कहा, अंगदान को भारत में जागरूकता पैदा करने और इसकी प्रक्रियाओं को स्थापित करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है। इसके लिए सरकारी, निजी और गैर-लाभकारी सभी हितधारकों को एक साथ काम करने की आवश्यकता है। एडलवाइस टोकियो लाइफ जैसी संस्थाओं की प्रतिबद्धता इस तरह के और समूहों को इस नेक काम में मदद करने और इस स्थिति को बदलने में मदद करने के लिए प्रेरित करेगी। 5 जनवरी को हैदराबाद में अपनी पहल शुरू करने के बाद, जिंदगी एक्सप्रेस 10 शहर- पश्चिमी भाग में मुंबई, नासिक, वडोदरा, अहमदाबाद, जयपुर, और ग्वालियर में और पूर्वी भाग रायपुर, रांची, पटना और लखनऊ में बड़ी संख्या में लोगों को जागरूक करने वाले आयोजन किए गए और आज जिंदगी एक्सप्रेस के दोनों कैंटर भोपाल में मिल गए। जीवन बीमाकर्ता जागरूकता सत्र आयोजित करने के लिए आने वाले दिनों में दो और शहरों - जमशेदपुर और गुरुग्राम - का भी दौरा करेगा। इन ऑन-ग्राउंड प्रयासों को डिजिटल पीआर और कर्मचारियों द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। जीवन बीमाकर्ता ने 2019 में अपने प्रमुख सोशल कॉज के रूप में अंग दान को अपनाया। पहले वर्ष में, एक ही महीने में यह अंगदान की 1,13,000 प्रतिज्ञा कराने में सफल हुआ था। वास्तव में, इसने एक दिन में अंग दान कैंपेन द्वारा अंगदान के लिए कराई गई प्रतिज्ञाओं की उच्चतम संख्या (54,626 प्रतिज्ञा) के लिए एक नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड खिताब बनाया था।

# ट्राला हुआ बेकाबू डंपर टकराकर दुकान में घुसा

**सोहना।** तावडू मार्ग की घाटी से उतरते समय पत्थरों से भरा ट्राला बेकाबू होकर पहले सामने आ रहे डंपर से टकराया इसके बाद सड़क किनारे बनी बंद दुकान में जा घुसा। इस हादसे में जनहानि नहीं हुई। हालांकि दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पड़ोस के मकान की दीवारों में दरारें आ गईं। हादसे के कारण घाटी में करीब पांच घंटे जाम रहा। पुलिस ने क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवा कर यातायात दुरुस्त कराया।

सोमवार की दोपहर 12 बजे तावडू की तरफ से आ रहा पत्थरों से भरा 22 टायरा ट्राला घाटी में उतरते समय सदर थाना के पास बेकाबू हो गया। बेकाबू ट्राला पहले सामने से आ रहे हाइवा डंपर से टकराया। जिसे करीब 15 फीट तक पीछे धकलते हुए ले गया। उसके बाद सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गया।

उक्त दुकान पिछले कई महीनो से बंद होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। दुकान मालिक वार्ड 13 निवासी चेतन ने बताया कि उसकी दुकान पूरी तरह खत्म हो गई है। दुकान के साथ बने जगदीश के मकान की दीवारों में दरारें आ गईं। जैसे ही हादसा हुआ।

# विवाहिता की संदग्धि हालात में मौत, शव फंदे पर लटकता मिला

**सोहना।** सदर थाना क्षेत्र के गांव खूटपुरी में विवाहिता का शव फंदे पर संदिग्ध हालात में लटका मिला। मृतका के चाचा ने पति सास-ससुर समेत पांच आरोपियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

जिला पलवल के शहर होडल निवासी धर्मेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसकी भतीजी पूनम की शादी गांव खूटपुरी निवासी कुलदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद पूनम ने एक बेटी को जन्म दिया था। आरोप है कि शादी में कम दहेज मिलने के कारण पूनम को उसका पति कुलदीप, सास संतोष, ससुर रत्नसिंह, नंबदरदार महेन्द्र, नीशु कुलदीप की दूसरी पत्नी व कुलदीप का जीजा महेन्द्र प्रताड़ित करते थे। पूनम पर घर से भाग जाने का दबाव बनाते थे जिससे वह मानसिक तनाव में रहती थी। अपनी यह परेशानी पूनम ने पिता के घर आकर परिजनों को बताई थी। धर्मेन्द्र ने बताया कि पूनम के पति कुलदीप

### कुलदीप ने एक अन्य महिला से की कोर्ट मैरिज

ने एक अन्य युवती से कोर्ट मेरिज की हुई थी। एक दिन कुलदीप उसी युवती अपने घर लेकर आया था। युवती ने पूनम को घर छोड़कर चले जाने की लेकर धमकियां दिलवाईं थीं। पूनम ससुराल

वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर होडल आ गई थी। 20 जनवरी को कुलदीप होडल आया और पूनम को लेकर अपने घर गांव खूटपुरी चला गया। रविवार को उन्हे सूचना मिली कि पूनम ने मकान के चौबारे में पंखे के हुक से रस्सी बांधकर अपने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मृत विवाहिता के चाचा धर्मेन्द्र की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**(जयसिंह-सदर थाना प्रभारी)**

# प्रतिभाशाली बालिकाओं को एडीसी ने किया सम्मानित



गुरुग्राम में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को सम्मानित करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### महिला एवं बाल विकास विभाग गुरुग्राम द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**जिला** गुरुग्राम के लिए यह गर्व की बात है कि बालिकाएं सभी क्षेत्रों में जिले का नाम रोशन कर रही है। आज किसी भी क्षेत्र में लड़कियां किसी भी स्तर पर लड़कों से कम नहीं है। बालिकाएं अपने जीवन में जो भी उपलब्धियां हासिल करती हैं। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विकास सदन में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम में कही।

एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने कार्यक्रम में खेल, शिक्षा, समाज सेवा इत्यादि क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध करवाने के लिये तैयार है। एडीसी ने कहा कि बालिकाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपना हुनर दिखाकर ख्याति प्राप्त कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग के प्रयास से जिला में लिगांनुपात को भी बढ़ावा मिला है।

# गणतंत्र दिवस : फहराने के लिए लोग खरीद रहे हैं तिरंगा झंडा

## तिरंगे की तर्ज पर बाजार में तीन रंग की टीशर्ट, टोपी, गुब्बारों की भी बाजार में धूम

कविता। फरीदाबाद

**देशभर** में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस साल देश अपना 74वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हर्षोल्लास और धूमधाम से इस राष्ट्रीय त्योहार का जश्न मनाया जाएगा। तिरंगा फहराने के साथ ही 26 जनवरी की परेड का भी लोग इस दिन आनंद उठाते हैं।



चौक पर बिकता तिरंगा।

ऐसे में जहां एक तरफ शहर में मौजूद एनआईटी दशहरा ग्राउंड, सेक्टर-12 खेल परिसर, बल्लभगढ़ दशहरा ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की रिहर्सल हुई। वहीं दूसरी तरफ गणतंत्र दिवस को लेकर शहर के बाजारों में इस बार अभी से तैयारियां शुरू हो गई। शहर के बाजार तिरंगे और गणतंत्र दिवस को लेकर तिरंगे रंग में रंगे नजर आते हैं। वहीं स्कूलों में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बच्चे बाजार में विभिन्न तरह के सामान खरीदने जा रहे हैं। वहीं बाजारों के संग अब चौक और चौराहे पर भी तिरंगे झंडे बिकते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा ही नाजरा पंजाब रोलिंग मिल चौक, सेक्टर-24, हार्डवेयर चौक और अन्य कई चौराहों पर देखने को मिला। जहां बाईक और अन्य वाहनों पर लोग तिरंगा बेचते नजर आए।



बल्लभगढ़ में गणतंत्र दिवस की रिहर्सल करते पुलिसकर्मी।

शहर के बाजारों में कई दुकानदार तो सालों से गणतंत्र दिवस को लेकर खास तैयारियां करते हैं। इस बार भी दुकानदारों ने लोगों को लुभाने के लिए कई तरह के प्रयास किए हैं।

गौरव का कहना है कि वह एनएच पांच में बाहेगुरू बाजा जी के नाम से दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस पर पगड़ी खास है। उन्होंने बताया कि तिरंगे रंग से सजी पगड़ी से लेकर झंडे और टीशर्ट उपलब्ध है।

**इस बार यह है खास :** एनएच-पांच मार्केट के दुकानदार गौरव ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर इस बार इंडियन कैप टोपी सौ रुपये, बाइक स्टैंड झंडा 30 रुपये, टीशर्ट 100, तिरंगे रंग में रंगे गुब्बारे 70 रुपये, फ्लेग 10 से लेकर 250 रुपये तक, गाड़ी के डेसबोर्ड का फ्लेग, जिसमें घड़ी है वह सौ रुपये, लाल किला और इंडिया गेट वाले की कीमत 150 रुपये है। वहीं इसके अलावा पटका, हाथ में पहनने वाला बैंड, बैच, छोटे बैच के झंडे जो पॉकेट में आसानी से लग जाए। यह सभी दस से 30 रुपये तक उपलब्ध हैं।

# पद बदले से तनाव का शिकार हुए स्वास्थ्य कर्मी की हार्ट अटैक से मौत

## पिता बोलेः घर आकर रोते हुए बताता था कि उसे शौचालय साफ करने को मजबूर करते हैं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में एक स्वास्थ्य कर्मी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों ने कर्मचारी को अस्पताल द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उसके स्थान पर उसकी पत्नी को नौकरी देने की मांग की है।

साथी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि क्लास फोर्थ के पद पर कार्यरत कर्मचारी अवनीश को सफाई कर्मचारी बनाने के कारण वह डिप्रेशन का शिकार था। अवनीश ने अधिकारियों से कई बार बात की थी, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सूनी। जिससे वह डिप्रेशन में चला गया था। पिता हुकुमचंद ने कहा कि बेटा बताता था, उसे शौचालय



सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता से मृतक की पत्नी के लिए नौकरी मांगते मृतक के परिजन। इनसेट में मृतक अवनीश की फाइल फोटो।

साफ करने को मजबूर करते हैं।

**यह है पूरा मामला :** बीके सिविल अस्पताल में 28 वर्षीय अवनीश वर्ष 2019 से काम कर रहा था। वह पहले ठेकेदारी में बच्चों की नर्सरी में तैनात था लेकिन एक वर्ष पहले शुरू हुए कौशल रोजगार निगम पोर्टल पर उसका नाम चतुर्थ श्रेणी के बजाय स्वीपर में डाल दिया। उसने अधिकारियों कई पद बदलने की मांग की। लेकिन सुनवाई न होने से वह मानसिक तनाव में रहने लगा। पिता हुकुमचंद ने बताया कि एक माह पहले उनके बेटे को किसी ने यह कहा कि तुझसे झाड़ू लगवा कर छोड़ेगे। उसने घर में रोकर बताया कि मेरे से शौचालय साफ करवाने का दबाव बनाया जाता है। रविवार की रात को करीब एक बजे उसे अचानक सीने में दर्द होने पर वह अपने चाचा जीवनलाल, भाई धर्मपाल और चचेरे भाई डालचंद के संग बीके अस्पताल इलाज को पहुंचा। यहां अपातकालीन कक्ष से उसे तृतीय तल पर जाने को कहा गया। लिफ्ट खराब होने से उसे पैदल तृतीय तल पर पैदल जाना पड़ा। जिससे दर्द बढ़ गया। ईको करने के दौरान उसकी मौत हो गई।

**परिजनों ने किया हंगामा :** मृतक की पत्नी को काम पर रखने की मांग करने पर सीएमओ और डिप्टी सीएमओ ने आश्वासन दे दिया। लेकिन तभी एक कर्मचारी ने सीएमओ के सामने ही कहा कि सीएमओ के हाथ में नौकरी देना नहीं है। जिससे परिजन और साथी कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ गया। दोनो पक्ष हाथापाई और पत्थरबाजी पर उतर आए लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया। सीएमओ ने मृतक की पत्नी को नौकरी दिलवाने का आश्वासन दिया।

**यह है मांग :** मृतक के पिता हुकमचंद का कहना है कि उनकी 26 वर्षीय पुत्रवधु रीना बीए पास है। उसकी नौकरी बीके में लगा जाए तो वह तीन वर्ष के बच्चे को पाल सकेगी। वहीं सीएमओ ने पत्र भेजकर इस मामले में बात करने का आश्वासन दिया है। पीएमओ ने मौके पर पहुंचकर दुख प्रकट किया। लेकिन उन्होंने इस मामले से दूरी बना ली।

# गर्भपात कराने के आरोप में डॉक्टर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में रविवार देर रात संजय कॉलोनी स्थित सम्राट अस्पताल में अवैध रूप से गर्भपात करते तीन आरोपियों को मौके से काबू किया। पहले सम्राट हॉस्पिटल श्रीराम अस्पताल के नाम से चल रहा था। किडनी कांड के बाद नाम बदलकर सम्राट हॉस्पिटल रखा गया है। किडनी कांड के आरोपी की पत्नी और बेटा इस अस्पताल में 15 हजार रुपये में अवैध गर्भपात करवा रहे थे। तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया और एक फरार है।

**यह है पूरा मामला :** सीएमओ डा. विनय गुप्ता को शिकायत मिली थी कि सम्राट अस्पताल में डा. अर्चना गर्भपात करती हैं। वह किडनी कांड में शामिल आरोपी श्रीराम अस्पताल के डॉक्टर की पत्नी है। शिकायत के आधार पर पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा.मान सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम में बल्लभगढ़ एसएमओ डा.टीसी गिड़वाल, एफआरयू दो सेक्टर तीन की चिकित्सक डा.ज्योति, नर्सिंग स्टाफ रौनक, नायब तहसीलदार उमेश कुमार को बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया और औषध नियंत्रक अधिकारी पूजा चौधरी को भी शामिल किया। टीम में एक गर्भवती को शामिल किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम का उत्कर्ष नाम के व्यक्ति से 15 हजार रुपये में गर्भपात का सौदा तय हुआ था।

डॉ. मान सिंह ने बताया कि तीन हजार रुपये एडवांस लेकर रविवार को गर्भपात कराने का समय निर्धारित किया था। रविवार को महिला द्वारा बाकी के 12000 डॉक्टर को दिए गए जिसके पश्चात अस्पताल में डॉक्टर अर्चना, सहयोगी मीनाक्षी और ओम प्रकाश ने मिलकर गर्भपात किया था। उसी दौरान स्वास्थ्य की टीम ने छापा मारा। डा.अर्चना, मीनाक्षी और ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। उत्कर्ष मौके से फरार हो गया है। आरोपियों के कब्जे से 7500 रुपए बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ सेक्टर 58 थाने में एमटीपी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा किया गया है।

# पराक्रम दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित



अग्रवाल कालेज में नेताजी सुभाष चंद बोस की जंयती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि देते गंगा शंकर मिश्र ,प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता व अन्य।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में सोमवार को महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की इकाइयों द्वारा पराक्रम दिवस के उत्सव पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा शंकर मिश्र, प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत तथा महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर्स ने नेताजी को नमन कर उन्हें पुष्प अर्पित किए। सरोज कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख, भूपेंद्र मल्होत्रा, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख, कुशल ठाकुर, समाज सेवी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम आयोजक और महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई के संयोजक डा. जयपाल सिंह ने कालेज ऑडिटोरियम में सभा को नेताजी के विचारों और उनके जीवन से मिलने वाली सीख से अवगत कराया। मुख्य अतिथिराष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के हरियाणा प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने विद्यार्थिओ को नेताजी के जीवन के कई अनछुए पहलुओं से रूबरू कराया। नेताजी के देशप्रेम के प्रसंग तथा विद्यार्थियों का उनके वक्तव्य के प्रति आकर्षण देखने योग्य था।

# सर्विकल कैंसर वैक्सीन 80 प्रतिशत तक बचाव में सहायक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्विकल** कैंसर भारतीय महिलाओं में सर्वाधिक होने वाला कैंसर तो है, लेकिन साथ ही कैंसर के इस प्रकार से बचाव भी काफी आसान है। इस बारे में व्यापक जागरूकता लाने की जरूरत है। आसानी से उपलब्ध सर्विकल कैंसर की वैक्सीन के बारे में भी जागरूकता लानी होगी। यह वैक्सीन सर्विकल कैंसर से 80 प्रतिशत तक बचाव करने में सक्षम है। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की डॉ. रुपिंदर सेखों, सीनियर कंसल्टेंट एवं चीफ गायनेकोलॉजिक ओंकोलॉजी ने कहा, यदि वैक्सीन के साथ-साथ एचपीवी टेस्टिंग और पैप स्मियर भी कराया जाए, तो सर्विकल कैंसर से 100 प्रतिशत बचाव संभव है।

वैक्सीन लगवाने के अलावा माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने तथा माहवारी में किसी तरह की अनियमितता होने व मीनोपॉज के



बाद रक्तस्राव होने की स्थिति में स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श करने, नियमित रूप से पैप स्मियर स्क्रीनिंग कराने और एचपीवी टेस्टिंग से कैंसर का समय रहते पता लगाने व गर्भाशय में प्री-कैंसरस लक्षणों को जानने में मदद मिल सकती है, जिससे सर्विकल कैंसर के मामले कम किए जा सकते हैं।

डॉ. रुपिंदर सेखों ने बताया, सर्विकल कैंसर के ज्यादातर मामलों में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) अहम कारण होता है। सामान्य तौर पर एचपीवी वायरस के संपर्क में आने पर महिला का इम्यून सिस्टम उस वायरस को शरीर में किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाने देता है। हालांकि कुछ महिलाओं का इम्यून सिस्टम वायरस को शरीर से पूरी तरह नहीं खत्म कर पाता है और बहुत लंबे समय तक एचपीवी संक्रमण बने रहने से सर्विकल कैंसर हो सकता है।

सर्विकल कैंसर का शुरुआती स्तर पर पता लगाना बहुत हद तक संभव है, क्योंकि करीब 10 से 15 साल तक यह शरीर में प्री-कैंसरस स्टेज में रहता है और पैप स्मियर टेस्ट से आसानी से इसकी जांच हो सकती है। 30 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को हर 3 साल में पैप स्मियर टेस्ट कराने का सुझाव दिया जाता है। यदि साथ में एचपीवी टेस्ट भी कराया जाए, तो जांच के बीच 5 साल तक का अंतर रखा जा सकता है। 9 से 26 की उम्र की लड़कियों और महिलाओं के लिए सर्विकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन उपलब्ध है। यौन गतिविधियों में सक्रिय होने से पहले लड़कियों में यह टीका लगवाना सबसे ज्यादा प्रभावी होता है। 9 से 14 साल की उम्र में वैक्सीन के दो इंजेक्शन की जरूरत होती है।

# पानी बचाएं नहीं तो घर-घर होगी लड़ाई

**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर व्यख्यान दिया। जिसमें दीपक कुमार ने बताया कि लगभग 400 साल पहले अब्दुल रहीम खान ने कहा था। रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे- मोती मानुष चून।। विष्णु पुराण में कहा गया है कि, जो जल मेघो द्वारा बरसाया जाता है, वह प्राणियों के लिए अमृत स्वरूप है। भारत में 22.50 प्रतिशत देहाती आबादी पानी के संकट से जूझ रही है। वही 65 प्रतिशत बारिश का पानी समुद्र में चला जाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 35.90 लाख हेक्टेयर में फसलों की बुआई की जाती है । पूरे क्षेत्र में 12.10 लाख हेक्टेयर सिंचाई नहरी पानी से, 17.84 लाख हेक्टेयर सिंचाई ट्यूबवेल से होती है। प्रदेश में 8 लाख ट्यूबवेल करीब 1 लाख 20 हजार एकड़ फीट पानी खींच रहे हैं । शेष सिंचाई बारिश पानी से हो रही है।

# विधायक ने की परीक्षा पर चर्चा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**बड़खल** की विधायक सीमा त्रिखा ने 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के अंर्तगत बड़खल विधानसभा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंबर 5 में 10वीं तथा 12वीं की छात्राओं से अपने विचार साझा किये। उन्होंने सभी छात्राओं को परिक्षाओं को लेकर शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने छात्रों के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम 'परीक्षा पर चर्चा' को सार्थक बताते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से छात्रों एवं छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा।

इस मुहिम के माध्यम से मोदी ने उन छात्रों को एक संदेश देने का काम किया है, जो परीक्षा के तनाव की वजह से कई बार गलत निर्णय ले लेते हैं। सीमा त्रिखा ने छात्राओं से कहा कि परीक्षा के तनाव को कभी भी हावी न होने दें। कोई भी परीक्षा देने से पहले अपने मन का संतुलन बनाए रखना चाहिए। जहां भी कुछ अच्छा देखें उसे ऑब्जर्व करें, अपने अंदर ईर्ष्या भाव पनपने न दें। उन्होंने कहा कि आज के



एनआईटी पांच के सरकारी स्कूल में परीक्षा पर चर्चा के दौरान छात्राओं के साथ बडखल की विधायक सीमा त्रिखा व बीजेपी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा।

समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है जाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेल जगत।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम 'परीक्षा पर चर्चा' एक बहुत अच्छी पहल हौ इस मौके पर छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई और एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला सचिव हरिन्द्र भड़ाना, अमित आहुजा, सतेन्द्र पाण्डे, विशम्बर भाटिया, मुख्य अध्यापिका सीमा भृगु एनआईटी-5, ज्योति मंगला एनआईटी-5, मुख्य अध्यापक सैक्टर-21डी जितेन्द्र शर्मा, गीता सैनी, बिंदू, वेद प्रकाश, कविता रानी, गीता आहुजा, सरला, आरती मदान, शकुंतला भांकर, ऊषा, अमित किशोर, अर्जुन कुमार दास, नीधि, इंदू, हेमंत कुमार, संदिप, मंजीत कुमार, आनंद कुमार, अंजना अरोड़ा, मीनाक्षी, संतोष, किरन बाला, छवि जैन एवं अन्य उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आधार में जानकारी की जांच और सत्यापन करने की प्रक्रिया पर जिला के नागरिक और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह यूआईडीएआई द्वारा हरियाणा के सभी जिलों के लिए की जा रही कवायद का हिस्सा है। जिला अधिकारियों को आधार अपडेट करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधार पत्र, पीवीसी कार्ड और एम-आधार पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके आधार में उपलब्ध विवरण को सत्यापित करने की प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया गया। यूआईडीएआई की वेबसाइट के माध्यम से आधार को कैसे सत्यापित किया जाए, इसकी भी जानकारी दी गई।

# जनहित सेवा संस्था ने बोस की जयंती मनाई

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने सेक्टर 2 कार्यालय पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जंयती पर एक संगोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर का संस्थ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि आज के युवाओं को बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजसेवा व देश सेवा करनी चाहिए।

आज हम खुले में जो सांस ले रहे है वह अपने शहीदो की बदौलत ले रहे है। हम उनकी कुर्बानी कभी भुला नहीं सकते। मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ने नेताजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हम कभी भी नेताजी के बलिदान को भुला नहीं सकते। आज के दौर में युवा शक्ति को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। संस्था के



महासचिव सुभाष गहलोत ने कहा कि हमारी धरती वीरो की धरती है। जिससे युवाओं को प्रेरणा मिले। मंच संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर प्रवेश लांबा, उपाध्यक्ष पंडित ओमदत्त शास्त्री, मुख्य सचिव देवी चरण वैष्णव, सचिव सुन्दर तेवतिया, सुरेन्द्र बांकुरा, सुनील शास्त्री, दीपक गोयल, बबलू छाबड़ा, पं अमीराम, विक्रम तेवतिया, पं शिवकुमार शास्त्री, संतोष शर्मा, सुनील चौधरी, जितेन्द्र कुमार, रोहित विशेष रूप से मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## रविंद्र फागना ने गुलिया एकेडमी को 58 रन से हराया




**फरीदाबाद।** सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया और यह लीग मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी सोहना और गुलिया क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट एकेडमी सोहना ने गुलिया क्रिकेट एकेडमी को 58 रन से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 30 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी सोहना ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट एकेडमी सोहना ने पहले बैटिंग करते हुए 30 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 202 रन का लक्ष्य दिया । रविंद्र फागना क्रिकेट एकेडमी सोहना की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अरमान ने 71 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से सर्वाधिक 186 रन बनाए इसके इलावा धर्मेंद्र कसाना ने 44 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 52 रन बनाए। गुलिया क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सैंडी, निशांत, हर्ष, खुशी ने 1/1 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलिया क्रिकेट अकैडमी ने 28 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाकर ढेर हो गई। गुलिया क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मिलन लाठर ने 51 गेंदों पर 10 चौको और 1 छक्के की मदद से 58 रन, प्रियांशु ने 51 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 42 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी सोहना की ओर से गेंदबाजी करते हुए लकी करहाना ने 6 ओवर 1 मैडेन 25 रन देकर 5 विकेट, धर्मेंद्र कसाना ने 3 ओवर 1 मैडेन 4 रन देकर 3 विकेट और रौनक और रणवीर ने 1/1 विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच धर्मेंद्र कसाना को घोषित किया गया।

## पुलिस ने की होटलों में जाकर चेकिंग

**फरीदाबाद।** गणतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता तथा उनकी टीम ने एनआईटी एरिया में स्थित होटल व रेस्टोरेंट में चेकिंग करी और उन्हें सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने होटल संचालक व कर्मचारियों को चेतावनी दी कि यदि पैसों के लालच में आकर उन्होंने बिना आईडी के किसी को कमरा दिया तो उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस फोर्स फील्ड में मौजूद रहकर संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर नजर रख रही है। सभी प्रकार के सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन मेट्रो बस स्टैंड होटल रेस्टोरेंट इत्यादि स्थानों पर जाकर चेकिंग करके आमजन को सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर भी चेकिंग की गई।

## यातायात व्यवस्था सदृढ़ करने की बनाई रूपरेखा



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21 में डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधित समस्याओं को सुलझाने की रूपरेखा तैयार की गई। एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, ट्रैफिक एसएचओ दर्पण व सभी जोन के ट्रैफिक जेडओ शामिल हुए। डीसीपी ने ग्रेटर फरीदाबाद में रोड सेफ्टी से संबंधित समस्याओं को देखते हुए वहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने तथा यातायात से संबंधित मुद्दों पर को सूचीबद्ध करके उन्हें हल करने को कहा। अधिक सड़क दुर्घटनाएं होने वाले स्थानों को चिन्हित कर उन्हें सुलझाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यातायात के साथ-साथ ट्रैफिक लाइट्स, स्ट्रीट लाइट व सीसीटीवी कैमरों को चेक कर उनकी खामियां दूर करने को कहा।डीसीपी ने कहा कि शहर को जाम मुक्त और शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखना उनका लक्ष्य है।

## समय पर जांच के बाद संभव है कैंसर का उपचार




**फरीदाबाद।** मेट्रो अस्पताल की ओर दो दिवसीय मेट्रो कॉन का आयोजन हुआ। एडवांसिस इन कैंसर केयर की थीम पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेज, सरकारी और निजी अस्पताल के 150 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। 70 फैकल्टी ने लैक्चर दिया। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन और कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. पुरुषोत्तम लाल और शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक जितेंद्र सिंह शंटी ने किया। मेट्रो हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्ट डॉ. आरके चौधरी ने किया। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में फेफड़े, स्तन, रक्त कैंसर पर चर्चा के साथ कैंसर के इकोनॉमिक ट्रीटमेंट इन फ्यूचर पर चर्चा की गई। मेट्रो ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ पुरषोत्तम लाल ने कहा कि कैंसर जानलेवा रोग माना जाता है लेकिन हर मामले में ऐसा नहीं है। समय से इलाज शुरू करने पर कैंसर से मुक्ति भी मिल सकती है। कैंसर शरीर में किसी अंग में हो सकता है। कैंसर की शुरुआत में जांच करा ली जाए तो रोगी की जान बचाई जा सकती है। हरी सब्जियां, फल भी शरीर को स्वस्थ रखकर कैंसर का खतरा घटा सकते हैं। धूम्रपान और तंबाकू का सेवन न करें। लगातार वजन घटना, बुखार का बना रहना, भूख में लगातार कमी, गले में खराश, थूक में खून आना, किसी घाव का लगातार बना रहना या सामान्य संक्रमण से बार-बार पीड़ित होना, ऐसे लक्षणों को गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसे लक्षण आने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## जेसी बोस में डॉ. प्रवीण तोगड़िया का स्वागत



**फरीदाबाद।** जनप्रिय हिंदू नेता डॉ प्रवीण तोगड़िया का सेक्टर 8 वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के गेट पर राष्ट्रीय बजरंग दल व राष्ट्रीय छात्र परिषद ने स्वागत किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती पर उन्हें स्मृतिचिन्ह, फूल माला व बुके देकर उनका स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रवीण तोगड़िया ने वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के युवाओं से कहा कि 'मैं हर युवा के अंदर भगत सिंह व सुभाष चंद्र बोस देखना चाहता हूं, मैं चाहता हूं कि सरकार द्वारा जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर के मुस्लिमों की बढ़ती हुई आबादी पर रोक लगाई जाए। जइस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष दीपक आजाद ने बताया कि यह दल फरीदाबाद में एकमात्र ऐसा संगठन है जो सरकार के इशारों पर कार्य नहीं करता वह स्वतंत्र रूप से हिंदू राष्ट्र निर्माण में लगा हुआ है। हम हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करते रहेंगे। डॉ प्रवीण तोगड़िया का जेनिथ हॉस्पिटल हॉस्पिटल बल्लभगढ़ में भी स्वागत किया गया। उन्होंने डॉक्टरों का आह्वान किया कि समस्त डॉक्टर इंडिया हेल्थलाइन से जुड़कर गरीब हिंदू परिवारों का मुफ्त इलाज करें'। इस मौके पर सैकड़ों युवाओं सहित दीपक मजूमदार, डॉ आरएस सैनी, राष्ट्रीय छात्र परिषद के अध्यक्ष तुषार कालीरमन, जस्सी पंडित, विनय वर्मा, सुनील, भारती पाराशर, हिमांशु भट्ट, अंकुर सिंगला, मनीष, रामरत्न गिरी, विशाल राजपूत, कुलदीप, शैलेंद्र, प्रवीण, सागर, दीपक शाक्य, रोहन, तारा रहे।

## बीबीसी प्रकरण
### सुप्रीम कोर्ट का सम्मान

**बीबीसी** द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विवादास्पद भूमिका पर बना दो भाग वाला वृत्त चित्र आजकल मीडिया की सुर्खियों में है। ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन-बीबीसी ने दो भाग में 'इंडिया: द मोदी क्वेशचन' वृत्तचित्र बनाया है जिसमें गुजरात दंगों को लेकर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री किरन रिजिजू ने बीबीसी से कहा है कि वह भारतीय सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करे। शनिवार को रिजिजू ने ट्वीट किया, 'भारत में कुछ लोग अभी औपनिवेशिक नशे से बाहर नहीं निकले हैं। वे बीबीसी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के ऊपर समझते हैं ओर देश की गरिमा व छवि को अपने नैतिक आकाओं को खुश रखने के लिए खराब करते हैं।' इसके पहले विदेश मंत्रालय ने वृत्त चित्र की निन्दा करते हुए कहा कि उसमें प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अवांछित टिप्पणियां की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे 'प्रचार का हिस्सा' कहा है। इसके बाद 300 से अधिक प्रख्यात नागरिकों ने बीबीसी वृत्त चित्र की निन्दा की। इनमें अनेक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, नौकरशाह, सशस्त्र बलों के अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा 2014 से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सभी अदालतों ने 2002 के दंगों में संलिप्तता के आरोप से बरी कर दिया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपनी मुहर लगा दी है। इसलिए उन पर पुन: ऐसे आरोप लगाना देश के सर्वोच्च न्यायालय के विवेक व निष्पक्षता पर सवाल उठाना है। नरेन्द्र मोदी को 2012 में ही इस संबंध में सारे आरोपों से मुक्त किया जा चुका था। उस समय भारतीय जनता पार्टी का केन्द्र में शासन भी नहीं था। उस समय नई दिल्ली में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार थी और यह सरकार मोदी तथा भाजपा को नीचा दिखाने का एक भी मौका नहीं छोड़ती थी। ऐसे समय नरेन्द्र मोदी को देश की सर्वोच्च न्यायालय समेत अनेक अदालतों से मिला न्याय इस बात की पुष्टि करता है कि 'सत्य' उनके पक्ष में था। इसके बावजूद बीबीसी वृत्त चित्र ने उन पर पुन: निशाना लगाने का कुत्सित प्रयास किया है।



बीबीसी के इस प्रयास से असहमति स्वयं ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संसद में प्रकट की। उन्होंने भी भारतीय अदालतों व सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का संदर्भ देते हुए कहा कि वे अपने समकक्ष के बारे की गई टिप्पणियों से सहमत नहीं हैं। ब्रिटेन में रहने वाले अनिवासी भारतीयों व भारतीय मूल के हजारों लोगों ने बीबीसी के इस वृत्त चित्र की निन्दा की है। सवाल उठता है कि आखिरकार इतने साल बाद बीबीसी ने पुराना राग फिर क्यों छेड़ा है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में गुजरात विधानसभा चुनाव में रिकार्डतोड़ विजय के बाद कहा था कि 'यह उनको सहन नहीं होगा। हम पर और आप पर हमले तेज हो जाएंगे।' संभवत: बीबीसी का यह प्रयास देश-दुनिया में 'मोदी-विरोधियों' का नया हथियार है। अतीत में जाकर देखें तो देश-दुनिया के तथाकथित 'उदारवादियों' व 'मानवाधिकार कार्यकर्ताओं' द्वारा मचाए शोर के कारण अनेक देशों ने नरेन्द्र मोदी को वीसा देने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन भारत में नरेन्द्र मोदी व भाजपा की लगातार बढ़ती लोकप्रियता तथा खासकर 2014 में अभूतपूर्व तरीके से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इन तत्वों को पीछे हटना पड़ा था। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनने के बाद अंग्रेजी के एक प्रख्यात प्रकाशक की एक महिला द्वारा लिखी किताब को बाजार में लाने के बजाय 'लुगदी' में बदलना पड़ा था क्योंकि उसमें मोदी के खिलाफ तथ्यहीन टिप्पणियां की गई थीं। उस समय भी भारत के 'मोदी-विरोधियों' ने प्रकाशक की निन्दा करते हुए कहा था कि उसे ज्यादा साहस दिखाना चाहिए था। बीबीसी ने शायद उनको मौका दे दिया है।

# पर्यटन में अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद

**पर्यटन मंत्रालय आक्रामक रूप से विभिन्न पर्यटन उत्पादों व पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित कर रहा है। इससे अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद है।**



**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




**गंगा** विलास क्रूज़ शिप प्रदेश के पर्यटन में नई संभावनायें तलाशने का केवल एक प्रतीक है। वास्तव में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनायें हैं और 2028 तक उससे 50.9 बिलियन डालर आय की उम्मीद है। भारत ने अरब पर्यटन बाजार 'दुबई-2022' में अनेक पर्यटन उत्पाद व संभावनायें प्रकट की हैं क्योंकि मध्य पूर्व हमेशा से भारतीय पर्यटन का प्रमुख लक्षित बाजार रहा है। पर्यटन मंत्रालय ने इस विशाल आयोजन में 'नमस्ते इंडिया' अभियान से अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को भारत की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत की अनेक राज्य सरकारों ने इस आयोजन में सहभागिता कर अपने प्रमुख पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने रखा है। भारत ने स्वयं को एक समग्र लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें अनेक प्रकार के प्रमुख अनुभव शामिल हैं। इनमें आध्यात्मिकता, विरासत, एडवेंचर, संस्कृति, योग, वेलनेस व अनेक चीजों को स्थान मिला है। पर्यटन मंत्रालय आक्रामक ढंग से विभिन्न पर्यटन उत्पादों व लक्ष्यों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसका प्रमुख फोकस 'माइस' संभावनाओं पर है जिसमें फिल्म पर्यटन, वेलनेस पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, लक्ज़री पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन तथा एडवेंचर पर्यटन शामिल हैं। वर्ष 2028 तक भारतीय पर्यटन एवं अतिथि सत्कार उद्योग द्वारा 50.9 बिलियन डालर प्राप्त करने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 27 तक भारत का पर्यटन बाजार 125 बिलियन डालर तक पहुंच जाएगा, जबकि यह वित्त वर्ष 20 में लगभग 75 बिलियन डालर था।

मध्य पूर्व भारतीय पर्यटन उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि लगभग तीन मिलियन भारतीय दुनिया के इस समृद्ध तेल-क्षेत्र के विभिन्न देशों में रहते हैं। मध्य पूर्व से बड़ी संख्या में भारतीय 'माइस', यानी चिकित्सा, वेलनेस, लक्ज़री पर्यटन, आदि के लिए आते हैं। इसलिए पर्यटन मंत्रालय भारतीय पर्यटन को समग्र रूप से मध्य पूर्व के बाजार में प्रोत्साहित कर रहा है। अरबियन ट्रेवल मार्ट में सहभागिता सरकार की ऐसी ही एक पहल का संकेत है। आयोजन के दौरान विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए खुल गया है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को प्रोत्साहित करने वाले 'नमस्ते इंडिया' अभियान के साथ महामारी-पश्चात युग में विश्वास बहाली रणनीतियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। फिल्म पर्यटन तथा फिल्म-निर्माण के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में भारत का महत्व है। यहां मौजूद सभी भौतिक भौगोलिक तत्वों व भू-दृश्यावली के महत्व पर विस्तार से चर्चा हो रही है। फिल्म निर्माण के संभावित ठिकानों के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। विदेशों के बाजारों में भारत के प्रचार व प्रोत्साहन में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर भी व्यापक चर्चा हुई है और इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'चलो इंडिया' की अपील करते हुए प्रवासी भारतीयों का आह्वान किया है कि वे कम से कम पांच अनिवासी भारतीय मित्रों को हर साल भारत यात्रा के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रवासी भारतीयों को प्रधानमंत्री द्वारा 'राष्ट्रदूत' बताना भी महत्वपूर्ण है। विदेशी बाजारों में भारत को प्रोत्साहित करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर भी चर्चा हुई है। विशेषज्ञों ने भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया की भूमिका भी उजागर की है। उनके अनुसार यह पर्यटन उद्योग के लिए 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। बड़ी संख्या में 'मिलीनियल पर्यटक' यात्रा व पर्यटन के लिए प्रमोशनल विषयवस्तु इसमें देखते हैं। सोशल मीडिया बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने वाले 'इन्फ्लूएंसर्स' की भूमिका भी अदा करता है।

सरकार ने भारत के समृद्ध व विविधतापूर्ण पर्यटन संभावनाओं को एक मंच के रूप प्रस्तुत किया है जहां पर्यटन से जुड़े विभिन्न पक्ष विभिन्न पर्यटन स्थलों व उत्पादों का प्रदर्शन कर सकते हैं जिनमें नए स्थल व उत्पाद भी शामिल हैं। इसने भारत को 'अवश्य देखें, अवश्य आएं' लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है। भारतीय पैवेलियन ने भारत को '365 दिनों का लक्ष्य' के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें इसकी संस्कृति, एडवेंचर, क्रूज़, गोल्फ, माइस, लक्ज़री, वन्यजीव, वेलनेस व चिकित्सा पर्यटन, आदि शामिल हैं। आयोजन में भारत की विभिन्न पर्यटन संभावनाओं पर विचार हुआ। राज्य सरकारों ने भी इस आयोजन में बहुत उत्साह से भाग लिया। उदाहरणार्थ, उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों का महत्व बताया जिनको एडवेंचर पर्यटन तथा उत्तराखंड राज्य में विवाह पर्यटन आदि के रूप में पेश किया जा सकता है। राज्यों ने विभिन्न सरकारों द्वारा की गई पहलों का उल्लेख भी किया जिनके चलते राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उत्तराखंड सरकार ने हरिद्वार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे जैसी विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं के विकास के बारे में भी बताया जो पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत से आयोजन में भाग लेने वालों में राज्य सरकारें, टूर आपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट तथा होटल व रिजार्ट मालिक भी शामिल हैं। भारत के पैवेलियन में विभिन्न पर्यटन उत्पादों व सेवाओं का भी उल्लेख किया गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल, नगालैंड जैसे राज्यों ने आयोजन में बहुत उत्साह से भाग लिया। पर्यटन मंत्रालय ने एडवेंचर पर्यटन को एक 'विशिष्ट' पर्यटन उत्पाद के रूप में स्वीकार किया है जिससे भारत को '365 दिनों' के लक्ष्य के रूप में पेश किया जा रहा है और यह विशिष्ट दिलचस्पी रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित करता है। मंत्रालय ने एडवेंचर टूर आपरेटर्स के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनमें सभी योग्य एडवेंचर टूर आपरेटरों को शामिल किया गया है। एडवेंचर पर्यटन पर एक कार्यबल भी गठित किया गया है जो देश में एडवेंचर पर्यटन को प्रोत्साहित करने व उसके विकास में एक मंच की तरह काम करेगा। पर्यटन मंत्रालय ने 'इंडियन एडवेंचर टूरिज्म गाइडलाइन्स' का दूसरा संस्करण जारी किया है जिसका संबंध एडवेंचर पर्यटन में सुरक्षा व गुणवत्ता मानकों से है। 31 क्षेत्रों में एडवेंचर पर्यटन के लिए आधारभूत न्यूनतम मानक निर्धारित किए गए हैं जिनमें भूमि, हवा व जल में एडवेंचर गतिविधियां शामिल हैं। पर्यटन स्थलों या केन्द्रों की पहचान संबंधित राज्य सरकारों या संघशासित क्षेत्रों के प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 2014-15 में 'स्वदेश दर्शन योजना' शुरू की थी ताकि विशिष्ट थीम पर आधारित देश के पर्यटक सर्किटों का समयबद्ध विकास सुनिश्चित हो सके। इस योजना में विकास के लिए 15 थीम सर्किटों का चयन हुआ था। इस परियोजना के अंतर्गत विकास के लिए योजनाओं की पहचान संबंधित राज्य सरकारों व संघशासित क्षेत्रों से विचार विमर्श के बाद की जाती है। इसके लिए फंड की उपलब्धता के आधार पर उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, योजना निर्देशों के पालन तथा पहले एकत्र फंडों के समुचित उपयोग की आवश्यकता होती है।

जनवरी, 2015 में शुरू होने के बाद से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 30 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में 'स्वदेश दर्शन योजना' के अंतर्गत 5,667.39 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को अनुमति दी है। भारत के उभरते मध्यम वर्ग व उसके पास खर्च के लिए अतिरिक्त धन ने घरेलू व विदेशी पर्यटन को बढ़ावा दिया है। इंडियन एयरलाइन का बाजार लगभग 20 बिलियन डालर था और वित्त वर्ष 27 में हवाईअड्डों की ढांचागत संरचना तथा पासपोर्ट तक पहुंच बढ़ने से इसके दूने होने की उम्मीद है। भारतीय अतिथि सत्कार बाजार वित्त वर्ष 20 में 32 बिलियन डालर था जिसके वित्त वर्ष 27 तक 52 बिलियन डालर होने की उम्मीद है। 2019 में भारत में 10.93 मिलियन विदेशी पर्यटक आए जिसमें हर साल 3.5 प्रतिशत वृद्धि हो रही थी। मार्च, 2021 में ई-टूरिस्ट वीज़ा की सुविधा का विस्तार 171 देशों के नागरिकों तक कर दिया गया है। अप्रैल, 2021 में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक अमेरिका गए जो कुल का 26.85 प्रतिशत थे इसके बाद बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ब्रिटेन, नेपाल, कनाडा, ईराक, पुर्तगाल, जर्मनी, रूस, माल्दीव, फ्रांस, सूडान व कोरिया व आस्ट्रेलिया का स्थान था। भारत में भी पर्यटन में अभूतपूर्व विकास की आशा है।

# ओछा राजनीतिक प्रयोग है रामचरितमानस पर विषवमन



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक हिन्दी पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ़ हैं)


**खुद** को सामाजिक न्याय के चैंपियन की तरह पेश करने वाले मुस्लिम व यादव वोटों के दम पर सत्ताजनित राजनीति करने के अभ्यस्त उत्तर प्रदेश व बिहार के दो प्रमुख राजनीतिक दलों क्रमश: समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय जनता दल में सहसा एक नई अनपेक्षित समानता दृष्टिगोचर हुई है। यह समानता जितनी दिलचस्प है उससे भी ज्यादा यह समझना कि यह मात्र संयोग है या प्रयोग।

बिहार के शिक्षा मंत्री व राजद के नेता चन्द्रशेखर प्रसाद यादव व सपा के विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत अल्प अंतराल में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस पर अमर्यादित टिप्पणियां करते हुए जिस तरह हिन्दू सनातन धर्म की महिमा को नीचा दिखाने की कोशिश है वह राजनीतिक रूप से फायदेमंद है या नुकसान देह यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन मौर्य व यादव के अवांछित वक्तव्यों ने सामाजिक सौहार्द व समरसता को अवश्य ठेस पहुंचाई है।

चंद्रशेखर यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य ने बिना किसी परिस्थितिजन्य कारण या उत्तेजना के सहसा रामचरितमानस पर निशाना साधा है। राजनीति दृष्टि से ओत प्रोत दोनों के वक्तव्यों में रामचरितमानस पर दलित या अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े या वंचित तबके को अपमानित करने का आरोप लगाया गया है। यादव ने जहां रामचरितमानस को समाज के लिए विभाजनकारी बताया वहीं मौर्य ने एक कदम आगे बढ़कर रामचरितमानस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है।

दूसरी ओर स्वामी प्रसाद मौर्य हैं जो लगभग पांच साल भाजपा सरकार में मंत्री रहने के बाद विधान सभा चुनाव के ऐन पहले सपा खेमे में पहुंच गए। उनकी प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा जब वह विधान सभा का चुनाव हार गए लेकिन गैर यादव पिछड़े समाज को संदेश देने के ध्येय से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें विधान परिषद सदस्य बनवा दिया। राजनीतिक रूप से सपा के लिए असेट बनने गए मौर्य असेट तो नहीं बन सके हां रामचरितमानस पर बेतुकी टिप्पणी कर वह अखिलेश के लिए आने वाले समय में लाइबिल्टी अवश्य बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

बिहार में राजद व उत्तर प्रदेश में सपा नेता द्वारा रामचरितमानस पर की गई निंदनीय टिप्पणियों में कुछ व्यवहारिक अंतर हैं जिन्हें




**राजनीतिक रूप से सपा के लिए असेट बनने गए मौर्य असेट तो नहीं बन सके, हां रामचरित मानस पर बेतुकी टिप्पणी कर वह अखिलेश के लिए आने वाले समय में लाइबिल्टी अवश्य बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।**

समझना आवश्यक है। बिहार में राजद व जद (यू) की गठबंधन सरकार है और इस लिहाज से वहां के शिक्षा मंत्री ने जो कहा उसने बिहार के सीएम नीतीश कुमार व राजद के कार्यकारी प्रमुख व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के पाले में गेंद डाली है और दोनों ने ही मामले को हल्का करने की कोशिश की है। नीतीश कुमार अब एक कमजोर सीएम हैं और उनसे राजद के मंत्री पर किसी एक्शन की उम्मीद ही बेमानी है और जहां तक राजद की बात है तो उसने तो अप्रत्यक्ष रूप से चंद्रशेखर का समर्थन ही किया है।

राजद के कार्यकारी प्रमुख तेजस्वी यादव की चंद्रशेखर के बयान के प्रति समर्थन वाली ठंडी प्रतिक्रिया व स्वामी प्रसाद मौर्य के बड़बोलेपन पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मौन से यह सवाल प्रमुखता से उभरता है कि क्या यूपी व बिहार में क्रमश: सपा व राजद दोनों ने राजनीतिक प्रयोग किया है, और स्वामी व चंद्रशेखर का रामचरितमानस जैसे हर घर लोकप्रिय धार्मिक ग्रंथ पर अमर्यादित टिप्पणी इसी प्रयोग की धुरी हैं।

सिर्फ यह मानना कि, चंद्रशेखर या मौर्य ने सिर्फ चर्चा में आने के लिए रामचरित मानस पर बेसुरा राग छेड़ा है, दीवार पर लिखी इबारत की अनदेखी करना है। यूपी व बिहार से मिलाकर लोकसभा की 120 सीटें हैं और पीएम नरेंद्र मोदी के विरोधी यहां भाजपा की जबरदस्त बढ़त को नीचे लाकर भाजपा की सूची को बहुमत के आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं।

जाहिर है कि लोकसभा चुनाव के लिहाज से यूपी व बिहार का खास महत्व है और इसको देखते हुए यहां नए सिरे से जातीय गोलबंदी की कोशिश होने लगी हैं। इसके लिए सपा व राजद जैसी सामाजिक न्याय की स्वयंभू चैंपियन पार्टियां रामचरितमानस को हथियार बना रही हैं। और यही इस मामले का सबसे दुखद व अप्रिय पहलू है।

यूं तो जातीय गोलबंदी को चुनावी लाभ के लिए हवा देना भी न्यायसंगत नहीं है लेकिन यह भी सच्चाई है कि प्राय: सभी दल इसमें किसी न किसी प्रकार से लिप्त हैं। कोई भी अछूता नहीं है। बेहतर हो कि सत्ता प्राप्ति की अभिलाषा में धर्म विशेष की आस्था पर चोट न पहुंचाई जाए। और इस प्रकरण में धर्म विशेष की धार्मिक आस्था पर चोट के साथ साथ सामाजिक जातीय ताना बाना भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। सरकारें बनती बिगड़ती रहती हैं लेकिन सामाजिक सौहार्द राष्ट्र व समाज की ताकत होता है और सुनियोजित सुविचारित योजना के तहत इसे नष्ट करने की इजाजत किसी को नहीं जा सकती।

अमूमन इस तरह की बयानबाजी पर कहीं गुस्सा फूटता है तो कहीं प्रतिक्रिया स्वरूप जवाबी बयानबाजी होती है। कुछ लोग अति उत्साह अथवा नाराजगी के चलते ऐसे बयानों को लेकर सम्बंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करा देते हैं। इस मामले में भी ऐसा ही सब कुछ होगा या होना शुरू भी हो गया हो। बहरहाल, यह साफ नजर आ रहा है कि यह महज संयोग नहीं कि पहले अनायास बिहार का शिक्षा मंत्री और अब किनारे पड़े स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस पर अमर्यादित टिप्पणी की है। राजनीतिक नफा नुकसान अपनी जगह लेकिन घर घर पूजे जाने वाले रामचरितमानस जैसे ग्रंथ पर ऐसे मामूली लोगों के विषवमन का कोई असर नहीं पड़ने वाला। 'रामचरितमानस अनंत और इसकी महिमा भी अनंत।'

## आप की बात

### प्रकाश प्रदूषण

**वैज्ञानिकों** ने ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण के बाद अब बढ़ते हुए प्रकाश प्रदूषण को लेकर भी विश्व को चेताया है। एक 10 वर्षीय अध्ययन में पाया गया कि धरती पर दिन-ब-दिन तीव्र प्रकाश में बढ़ोतरी के कारण आकाश का नैसर्गिक प्रकाश मध्यम पड़ रहा है । इस कृत्रिम प्रकाश के कारण आकाश में कम प्रकाश वाले व छोटे तारे अब धरती से कम से कम दिखाई दे रहे हैं। और यदि प्रकाश प्रदूषण इसी गति के साथ बढ़ता रहा तो अगले 10 वर्षों में यह 2 गुना हो जाएगा जिसके बाद बिना सितारों वाले आकाश नजर आएंगे। हमारी भावी पीढ़ी को यह पढ़कर आश्चर्य होगा कि कभी आकाश में तारे नंगी आंखों से भी नजर आते थे। अत: ईश्वर की नैसर्गिकता के लिए जनता को गैर जरूरी तीव्र प्रकाश के खिलाफआंदोलन करना चाहिए और विभिन्न उत्सवों और समारोहों पर व्यर्थ की चकाचौंध पर पाबंदी लगाई जाना चाहिए। अत्यधिक कृत्रिम प्रकाश के कारण अनेक रात्रिचर जीव-जंतुओं का जीवन व प्रजनन भी संकट में पड़ गया है। अनेक प्रकार की चिड़ियां व कीट-पतंग इस कृत्रिम प्रकाश के प्रति स्वयं को ढाल नहीं पा रहे हैं। इसलिए सड़कों पर जरूरी लाइटों को छोड़ कर अन्य सभी प्रकार की सजावटी लाइटें रात में बंद कर देनी चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भारत-चीन व्यापार

**चीन** के साथ व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के पार निकल गया है। 2022 में भारत-चीन का द्विपक्षीय कारोबार 135.9 अरब डॉलर का रहा। कोरोनाकाल के कारण करीब दो साल से खड़ी हुई अर्थव्यवस्था में पिछले साल अचानक मांग बढ़ी, ऐसी परिस्थिति में किसी देश का आयात बढ़ना बहुत नकारात्मक भी नहीं है। लेकिन चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार की पूरी तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। एक ओर जहां चीन से आयात सालभर पहले के मुकाबले में बढ़ा है वहीं निर्यात में अच्छी-खासी गिरावट देखने को मिली। चीन जिस तरह से भारत के हितों को चोट पहुंचाने के लिए हर मोर्चे पर हर संभव प्रयास करता दिखता है, ऐसे में रणनीतिक रूप से भी यह सवाल अहम है कि आखिर हम चाह कर भी उसी से कारोबार कम क्यों नहीं कर पा रहे हैं? सवाल इसलिए भी गंभीर हैए क्योंकि व्यापार घाटा उस दौर में 100 अरब डॉलर के पार पहुंचा है जब आत्मनिर्भर भारत से लेकर मेक इन इंडिया तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत-चीन व्यापार को संतुलित करना जरूरी है क्योंकि चीन भारत का बड़ा दुश्मन है।

**सदन जी,** पटना

### भ्रामक विदेशी मीडिया

**बेहतर** हो कि विदेशी मीडिया भारत में ना झांके। विदेशी मीडिया दुराग्रहवश भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है जिसके तहत बीबीसी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आधारित बनाई डाक्यूमेंट्री फिल्म की विषयवस्तु में दुराग्रह और पक्षपाती होने का पुट दिया है। इसमें पीएम, न्यायपालिका और पुलिस की कार्यशैली के साथ भारतीय लोकतंत्र की कमजोरी उजागर करने का प्रयास किया है। यद्यपि बीबीसी और विदेशी मीडिया पहले भी ऐसे कामों में लिप्त रहकर रेडियो और टेलीविजन पर दुष्प्रचार करते रहेकिंतु वर्तमान की विषयवस्तु में झूठे और मनगढंत तथ्यों का भंडार होना आपत्तिजनक है। अच्छा हो कि विदेशी मीडिया भारत की तुलना अपने देशों से करे तब समझ में आएगा कि उनके देशों की स्थिति भारत की अपेक्षा कैसी है? भारत सरकार, न्यायपालिका, पुलिस और जनता आदि को विदेशी मीडिया बहका नहीं सकता, क्योंकि कोरोनाकाल में भी किए दुष्प्रचार का कोई असर भारतीय नागरिकों पर नहीं हो सका। भारतीय लोकतंत्र की जड़ें काफी गहरी हैं।

**बी एल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**परीक्षा** पेपर बार-बार आउट हो रहे हैं और कहा जा रहा है कि कोई नेता या अधिकारी इसमें शामिल नहीं है। यह जादूगीरी है।

**- सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता

**मैं** बैठकें कर रहा हूं। पहले कोरोना आया फिर बड़ा कोरोना हमारी पार्टी में घुस गया। सरकार ने शानदार प्रदर्शन किया।

**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री





**मेरे** बारे में झूठी बातें फैला कर कोई मुझे डरा नहीं सकता। मैं आजीवन संघर्ष करती रहूंगी।

**- स्वाती मालीवाल**
दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष

## मुख्यमंत्री से जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन व महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने अलग-अलग की मुलाकात

# नई ऊंचाइयां छू रहे भारत-जर्मनी संबंधः सीएम

- मेट्रो परियोजनाओं में सहयोग करेगा जर्मनी राजदूत ने जताई इच्छा
- यूपी के विवि को मिलेगा इंडो जर्मन साइंटिफिक काउंसिल का साथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ फिलिप एकरमैन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारत और जर्मनी के बीच मजबूत आर्थिक सम्बन्धों की चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को लेकर सार्थक विचार विमर्श हुआ।

राजदूत का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 से अधिक वर्षों के व्यापारिक इतिहास के साथ भारत तथा जर्मनी आर्थिक सहयोग के समान अतीत से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में दोनों देशों के बीच पारस्परिक सम्बन्ध नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश की कुल जीडीपी में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी करता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का चैथा सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश भारत में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था, पर्याप्त और निर्बाध बिजली आपूर्ति, विशाल लैण्ड बैंक की उपलब्धता उद्योगों के लिए उत्साहजनक है। हमारी उद्योग अनुकूल नीतियों से प्रदेश का व्यवसायिक औद्योगिक माहौल बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश आज एक्सप्रेस प्रदेश बन रहा है। बहुत जल्द यह 5 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला राज्य होगा। यहां निवेशकों के लिए असीम सम्भावनाएं हैं। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थापित हो रहा डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर जर्मनी के लिए निवेश के अवसरों से भरा हुआ है। हमारे पास विशाल भूमि है पर्याप्त मानव संसाधन है। हम रक्षा उत्पादन की इच्छुक निवेशक कम्पनियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। जर्मनी के लिए यह अच्छा मंच है। यूपी डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर में निवेश के लिए विचार किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि 10 से 12 फ रवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। इस समिट के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार के असीम अवसरों को प्रदर्शित करेंगे तथा भारत की प्रगति यात्रा में हमारे साथ सहयोग करने के लिए वैश्विक कारोबारी जगत को एक उत्कृष्ट मंच उपलब्ध कराएंगे। इस फ्लैगशिप इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से हम निवेशक समुदाय के बीच उत्तर प्रदेश के निवेश आकर्षण और राज्य के समेकित विकास हेतु अवसरों को सृजित करने की आकांक्षा रखते हैं। डॉ एकरमैन ने कहा कि जर्मनी और भारत के मध्य सुदृढ़ आर्थिक सम्बन्ध हैं। वैज्ञानिक और सामाजिक विनिमय, जलवायु, पर्यावरण, सतत विकास और ऊर्जा आदि विभिन्न क्षेत्रों में हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। विगत 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। अवस्थापना विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुआ है। एयरपोर्टए एक्सप्रेसवे, वॉटर वे और मेट्रो सहित परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने के सभी प्रयास किये जा रहे हैं।

# महिंद्रा समूह के अनुभव, तकनीक और नवाचारों से लाभान्वित होगा यूपीः योगी

- उप्र के विकास में सहायक बनने को तत्पर है महिंद्रा समूहः आनंद महिंद्रा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने शिष्टाचार भेंट की। आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश में समूह की ओर से निवेश प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरोस्पेस, कृषि व्यवसाय, ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स, निर्माण उपकरण, रक्षा, ऊर्जा, कृषि उपकरण, वित्त, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स और शिक्षा सेक्टर में महिंद्रा समूह की विशेषज्ञता है। ग्रुप के सुदीर्घ अनुभव, तकनीक, शोध-अनुसंधान और नवाचारों से उत्तर प्रदेश को अत्यंत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री की जरूरत और अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए हमने अपनी नीतियां तैयार की हैं। प्रदेश में विशाल लैंडबैंक और ओपन पॉवर एक्सेस है। यहां निवेशकों का हित सुरक्षित है। सरकार की ओर से महिंद्रा ग्रुप को यह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने कहा कि उप्र की बेहतर कानून व्यवस्था, व्यावहारिक सेक्टोरल नीतियां, सरल प्रणाली और बड़ी आबादी महिंद्रा समूह के लिए निवेश अनुकूल अवसर बनाते हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उप्र के विकास में सहायक बनने के लिए समूह उत्साहित है। आनंद महिंद्रा ने कहा कि बीते 5 जनवरी को मुम्बई में मुख्यमंत्री के साथ हुई विशेष बैठक में समूह की ओर से निवेश प्रस्तावों पर विमर्श किया गया था। समूह उन सभी प्रस्तावों पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उन सभी प्रस्तावों को चरणबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उप्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को प्रोत्साहित करते हुए पर्यटन स्थलों पर क्लब महिंद्रा का विस्तार किया जाएगा। इससे पर्यटकों को सहायता मिलेगी और रोजगार के नए साधन भी सृजित होंगे।

कृषि क्षेत्र में तकनीक के समावेश के प्रयासों को बढ़ाते हुए महिंद्रा समूह फॉर्म मशीनों का निर्माण करने के लिए प्रदेश में इकाई स्थापित करने की इच्छुक है। प्रदेश की इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल नीति को उत्साहवर्धक बताते हुए आनंद महिंद्रा ने कहा कि महिंद्रा समूह ईवी सेक्टर में बड़े निवेश की योजना पर काम कर रहा है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश हमारी पहली पसंद है। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## किसान समस्याओं के प्रति कुंभकर्णी नींद सो रही सरकारः रालोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोक दल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अभी तक न तो गन्ना मूल्य घोषित किया गया और न ही आवारा पशुओं से प्रदेश की जनता को मुक्त किया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री किसान समस्याओं के प्रति, प्रदेश की कानून व्यवस्था के प्रति अपने दायित्वों को भूलकर कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। जबकि राष्ट्रीय लोक दल पिछले 28 दिसम्बर 2022 से किसान संदेश अभियान चलाकर उन्हें जगाने का काम कर रहा है। प्रदेश का किसान और राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता उन्हें किसान संदेश भेजकर उनसे लगातार गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग कर रहा है। मंजीत सिंह ने कहा है कि बाबा को जगाने के लिए राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता किसान संदेश अभियान को और तेज करेंगे।

# भाजपा ने राजनीति को मजाक बना दियाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने राजनीति को मजाक बना कर रख दिया है। उत्तर प्रदेश में विकास की गतिविधियों को शून्य करने के साथ ही राज्य को दशकों पीछे कर दिया है। भाजपा सरकार बने 6 साल हो रहे हैं, भाजपा सरकार ने एक भी काम नहीं किया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने या तो खुद कुछ करने के बजाय समाजवादी सरकार के कामों पर ही अपना ठप्पा लगा दिया है या फिर समाजवादी पार्टी की सरकार के कामों को बर्बाद करने का काम किया है। भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते प्रदेश में न तो बाहरी उद्यमी आ रहे है और नहीं पूंजी निवेश हो रहा है।

अखिलेश ने कहा कि महज जनता को गुमराह करने के लिए प्रदेश में कई इन्वेस्टर्स समिट और कई इन्वेस्टर्स मीट के आयोजन हो चुके हैं। अब विदेशी उद्यमियों को आमंत्रित कर ग्लोबल समिट का नया राग छेड़ दिया गया है। जब वहां कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो अब देश के विभिन्न राज्यों और उससे भी परे अपने राज्य के जनपदों में ही निवेशक ढंढ़ने का अभियान चल रहा है। इस सबका नतीजा वही ढाक के तीन पात का होना है। अखिलेश ने कहा कि फिलहाल देशी विदेशी उद्यमियों के स्वागत के लिए भाजपा सरकार खूब सजावट कर रही है पर यह सजावट बहुत मंहगी साबित होने वाली है। हजारों पेड़ काटे जाने हैं जिससे पर्यावरण को क्षति पहुंचेगी। इनमें रूद्राक्ष के भी कीमती पेड़ है। सरकारी खर्चे पर महंगे पेड़ पौधे दिखावे के लिए लगाए तो जा रहे हैं परन्तु उसके बाद उनके रखरखाव की कोई योजना नहीं है। जो पेड़ पौधे लगे हैं उन पर छिड़काव एवं पत्तियों धुलाई की तरफ भी सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। पेड़ों की पत्तियों की धुलाई के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है। अखिलेश ने कहा कि ग्लोबल समिट में आने पर भाजपा अपना कौन सा बड़ा काम दिखाएगी क्योंकि उसने कुछ तो किया नहीं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का इकाना स्टेडियम, गोमती रिवरफ्रंट, आगरा. लखनऊ एक्सप्रेस.वे, आईटी सिटी यह सब तो समाजवादी सरकार की ही देन है। समाजवादी सरकार में जो उद्यम लगे उनके अलावा भाजपा राज में कौन उद्यम लगा, कितने और किन नौजवानों को रोजगार मिला, सच तो यह है कि पहले लगे कई उद्योग अब बंद हो गए हैं। अखिलेश ने कहा कि अगर बदले की भावना से भाजपा सरकार नहीं चलती तो जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर, ग्लोबल समिट का एक महत्वपूर्ण और आकर्षक भागीदार बन सकता था। समाजवादी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को भाजपा ने बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गोमती रिवरफ्रंट को अब सजाने की बात करने वाले इसकी जांच कराने के नाम पर क्या.क्या ऊल-जुलूल बातें नहीं करते रहें। अखिलेश ने कहा कि आखिर भाजपा सरकार कैसे उम्मीद करती है कि देशी-विदेशी उद्यमी उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश करने आएंगे जबकि यहां की कानून व्यवस्था बद-से-बदतर होती जा रही है। सुरक्षा निवेश की पहली शर्त होती है पर यहां तो न तो आदमी की जिंदगी सुरक्षित है और नहीं महिलाओं-बच्चियों की इज्जत। उत्तर प्रदेश के बैंकों में न तो तिजोरी सुरक्षित है नहीं लोगों के लॉकर। अखिलेश ने कहा कि राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। रोजाना शहर में जाम लगा रहता है। विदेशी उद्यमी अपनी यात्रा में भाजपा के जाम की परेशानी झेलने को बाध्य रहेंगे ही। इसी तरह विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। कई खास मौंकों पर बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं होती रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ जनता को धोखा दे रही हैए उसके अलावा कुछ नहीं कर रही है। भाजपा सरकार जानबूझकर चंद उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की साजिश में ही जनता की गाढ़ी कमाई लुटाकर अपनी वाहवाही का नाटक करने जा रही है।

# पूर्व में हुए तीन इन्वेस्टर्स समिट पर श्वेत पत्र जारी करे सरकारः खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि पूर्ववर्ती सरकारें भी इन्वेस्टर्स समिट किया करती थीं लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्ता में आई है इन्वेस्टर्स समिट घोटाले का एक माध्यम बन गया है। लगभग प्रतिवर्ष इस इवेंन्ट कर प्रचार-प्रसार के साथ ही जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद किया जाता है। उन्होंने मांग की है कि जनता की जानकारी के लिए इसके पूर्व तीन बार इस सरकार में हुए इन्वेस्टर्स समिट पर सरकार श्वेत पत्र जारी करे। खाबरी ने कहा कि इसके पूर्व जितने समिट हुए उनमें हजारों करोड़



के एमओयू साइन होना बताया गया। उसमें से कितने उत्तर प्रदेश के धरातल पर आए। यह सवाल बना हुआ है। सरकार जवाब देने में असहज है। मंत्रियों एवं अधिकारियों को विदेशों में भेजा गया तद्पश्चात देश के तमाम राज्यों में भेजा गया जो सुख सुविधा लेते हुए इसी बहाने शीतकालीन अवकाश भी मनाए तथा पर्यटन लाभ लिया। अब बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के कई शहरों में हजारों करोड़ के एमओयू साइन हो रहे हैं। खाबरी न कहा कि उत्तर प्रदेश में जहां महंगाई विभीषिका बन कर खड़ी है। बेरोजगारी नौजवानों की जान लेने पर अमादा है। कानून व्यवस्था का हाल बदहाल है। किसान अपनी लागत के लिए परेशान है। ऐसे हालातों में जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद करने का कोई हक सरकार को नहीं है। प्रदेश का नौजवान दूसरे जगहों पर पलायन के मजबूर है। खाबरी ने कहा कि प्रदेश में तमाम लघु उद्योग बदहाल स्थिति में हैं यदि सरकार उनकी मदद करती तो बेरोजगारी कुछ हद तक अवश्य कम होती।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगी समिटः योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- सीएम ने लखनऊ उन्नाव व हरदोई के सांसदों-विधायकों के साथ की बैठक
- नदियों की ड्रेजिंग के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले, इसे आगे भी जारी रखा जाए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर लखनऊ, उन्नाव और हरदोई के सांसदों एवं विधायकगण के साथ उनके क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को क्षेत्रीय जनआकांक्षाओं से अवगत कराते हुए विकास कार्यों के नए प्रस्ताव भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए दुनिया के 16 देशों तथा देश के बड़े शहरों में आमंत्रण देने गयी प्रदेश के मंत्रिगण एवं अधिकारियों की टीम का दौरा सफल रहा है। प्रदेश के औद्योगिक विकास अनुकूल माहौल और निवेश अनुकूल नीतियों से वैश्विक उद्योग जगत प्रभावित है। राज्य को लाखों करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो रहा है। इसका लाभ प्रदेश के हर जनपद को मिलेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दृष्टि से यह समिट महत्वपूर्ण साबित होगी। सीएम ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में निवेश आ रहा है। लखनऊ, उन्नाव और हरदोई में हर सेक्टर के लिए अवसर हैं। इस पूरे क्षेत्र में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, टेक्सटाइल, जैव ईंधन और सौर ऊर्जा सहित प्रत्येक सेक्टर के लिए अपार अवसर हैं। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में बड़ी कम्पनियां अपनी इकाई लगाने आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के किनारे कटान और बाढ़ की समस्या के निदान के लिए नदियों की ड्रेजिंग के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। इसे आगे भी जारी रखा जाए। इसमें ड्रोन तकनीक का भी सहयोग लिया जा रहा है। नवीन तटबंध का निर्माण तथा पुराने तटबन्धों की मरम्मत भी कराई जा रही है। सांसद, विधायकगण अपने क्षेत्रों में इन कार्यों का अनुश्रवण करें। सीएम ने कहा कि उन्नाव और हरदोई में ईको पर्यटन की संभावनाओं को आकार देने में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनप्रतिनिधियों को बेहतर कार्ययोजना तैयार करते हुए आवश्यकतानुसार प्रयास करने की जरूरत है। इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन भी होगा। उन्होंने कहा कि कमजोर आय वर्ग वाले परिवारों के लिए लागू मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए। सांसद तथा विधायकगण स्वयं भी इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहें। सीएम ने कहा कि गांवों में अवस्थापना विकास के लिए राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना की शुरुआत की है। अब कोई भी व्यक्ति अपने गांव शहर के विकास में सीधी भागीदारी कर सकता है। सांसद विधायकगणों को इस योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कुकरैल पिकनिक स्पॉट के पास नाइट सफारी की विकास योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना लखनऊ में पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने वाली होगी। लखनऊ आधुनिक नगरीय विकास का मानक बन रहा है।

# कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई नेताजी की 126वीं जयंती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महान** स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में खाबरी ने कहा कि 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा राज्य के कटक में एक महान नायक का जन्म हुआ। जिसे पूरी दुनिया नेताजी के नाम से जानी। मेधावी प्रतिभा के धनी नेताजी को देशभक्ति अपने पिता से विरासत के रूप में मिली थी। उनके पिता सरकारी अधिकारी होते हुए भी कांग्रेस के अधिवेशनों में शामिल होते थे तथा जनहित के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे तथा खादी स्वादेशी और राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाओं के पक्षधर थे। आजादी की लड़ाई में 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' बड़ा ही प्रसिद्ध नारा और प्रेरणादायक था। उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता कहने वाले प्रथम व्यक्ति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ही थे। स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया। देशवासियों को आजादी दिलाने के लिए स्वराज समाचार पत्र शुरू कर पहला और महत्वपूर्ण कदम उठाया। राष्ट्रवाद की भावना से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ओत प्रोत रहे। उन्होंने अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के लिए राष्ट्रपति की अध्यक्षता हासिल की और वर्ष 1923 में बंगाल राज्य के कांग्रेस के सचिव के रूप में कार्य किया। वर्ष 1938 में भारतीय कांग्रेस के निर्विरोध अध्यक्ष बने। 1927 में दो युवा नेता कांग्रेस के महासचिव चुने गये वह पंडित जवाहर लाल नेहरू और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस रहे। इस चुनाव की वजह से देश के युवाओं में बड़ी चेतना बढ़ी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एक कुशल लेखक भी रहे उनकी लिखी किताबें 'द इंण्डियन स्ट्रगल 1920-1942', एन इंडियन पिल्ग्रिम, कांग्रेस प्रेसिडेंट आदि काफी प्रसिद्ध हुईं।

इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, संगठन सचिव अनिल यादव, आलोक प्रसाद, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, विकास श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, संजय सिंह, सचिन रावत, द्विजेन्द्र राम त्रिपाठी, वीरेन्द्र मदान, प्रमोद सिंह, आरती बाजपेई, बब्लू पाण्डेय, सीमा चौधरी, सिद्धीश्री, अर्चना राठौर, नसीम सिद्दीकी पंडित, सुशीला शर्मा, अनीस अख्तर मोदी, मेहताब जायसी आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# अफसरों का खेल

## उद्घाटन होते ही गोशाला तोड़ भागे आवारा गोवंश!

संवाददाता। सीतापुर

- मछरेहटा ब्लाक के परसदा में बनी नंदिनी गौशाला का हाल
- शुभारंभ के आधे घंटे में ही बाड़ा तोड़ भाग गए आवारा गोवंश
- केयरटेकर की तैनाती किए बिना जल्दबाजी में कर दिया गया उद्घाटन

**किसानों** के लिए भारी मुसीबत बने आवारा गोवंशों को लेकर यूपी की योगी सरकार संवेदनशील होने के दावे करती है। जगह-जगह बन रहे गो आश्रय स्थल व गौशालाएं शासन स्तर पर चल रहे प्रयासों का खुलासा करती हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर अफसरों ने शासन की मंशा को मखौल बना रखा है।

तमाम स्थानों से गोशालाओं में रखे गए आवारा गोवंश की दुर्दशा मीडिया की सुर्खिया बनती रहती है। लेकिन अफसरों का खेल यहीं तक सीमित नहीं है। इसकी एक बानगी सीतापुर जिले में मछरेहटा ब्लाक की ग्रामसभा परसदा से सामने आई है, जहां पर सोमवार को नवनिर्मित नंदनी गौशाला का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय भार्गव ने किया। भार्गव ने अपने संबोधन में सरकार की तारीफों के पुल बांध दिए। मौके पर मौजूद मछरेहटा बीडीओ ओपी वर्मा से लेकर एडीओ पंचायत सचिव संदीप कुमार, कार्यक्रम अधिकारी अर्चना सिंह, सचिव छाया यादव, दिनकर यादव, गौरव मिश्रा, तकनीकी सहायक विजय कुमार, प्रधान यूसुफ सहित सभी लोग इस गोशाला के निर्माण को सराहते नजर आए। लेकिन गोशाला निर्माण में किया गया घालमेल उद्घाटन के महज आधा घंटे बाद ही तब सामने आ गया, जब गौशाला में लाए गए जानवर बाड़ा तोड़ कर बाहर भागते नजर आए। हालांकि तब तक गाड़ियों में बैठकर साहब लोग रवाना हो चुके थे। मौके पर गौशाला का कोई भी केयरटेकर मौजूद नहीं था, जो इन जानवरों को रोकने की कोशिश करता।

# गैर इरादतन हत्या में उम्रकैद की सजा

संवाददाता। सीतापुर

- एससीएसटी कोर्ट की ओर से सुनाया गया फैसला
- न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने सजा संग जुर्माना भी लगाया
- खैराबाद इलाके में हुई थी हत्या, साक्ष्यों के आधार पर फैसला

**गैर** इरादतन हत्या के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर जुर्माना भी लगाया है। पूरा मामला यूपी के सीतापुर जिले का है। आइए आपको पूरे मामले से रूबरू कराते हैं। सीतापुर पुलिस की माने तो एसपी सीतापुर घुले सुशील चन्द्रभान की ओर से न्यायालय में चल रहे वादों को लेकर सभी थानेदारों को पैरवी के लिए आदेश दे रखे हैं। इसी कड़ी में न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट की में चल रहे गैर इरादतन हत्या के एक मामले में आरोपी मकरेहटा थाना क्षेत्र के उमरापुर निवासी बलवंत को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने गवाहों की दलीलों को सुनने और पुलिस की ओर कोर्ट में सौंपे गए साक्ष्यों के आधार पर यह फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# फिल्मी अंदाज में छात्रा का अपहरण

संवाददाता। सीतापुर

- कक्षा आठ की छात्रा को बाइक सवार ने किया अगवा
- घर से स्कूल जाते समय छात्रा संग रास्ते में हुई घटना
- बाइक सवार बाद में छात्रा को रायपुर के पास छोड़ भागा
- रामकोट इलाके में दिनदहाड़े हुई घटना, मामले में केस दर्ज

**जिले** में सोमवार को हुई एक घटना ने पुलिस की सुरक्षा-व्यवस्था के दावों पर सवाल खड़े कर दिए। घर से स्कूल जा रही कक्षा आठ की छात्रा को कार सवार ने अगवा कर लिया और मौके से भाग निकला। हालांकि, छात्रा के विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला सीतापुर के रामकोट इलाके का है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह कस्बे से एक गांव की रहने वाली कक्षा 8 की छात्रा केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल रामकोट पढ़ने जा रहीं थी, इस बीच रास्ते में फिल्मी अंदाज में कार सवार ने उसे अगवा कर लिया और मौके से भाग निकला। हालांकि, कुछ देर बाद आरोपी छात्रा को रायपुर के पास छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद छात्रा ने लोगों की मदद से इसकी सूचना परिवार को दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की खबर मिलते ही रामकोट पुलिस मौके पर आ गई। पीड़िता से पूछताछ करने के बाद पुलिस मौके से चली गई। रामकोट एसओ संजीव कुशवाहा के अनुसार, इस मामले में छात्रा के पिता रामगोपाल की तहरीर पर मैकेनिक इकरार अहमद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी बाइक मैकेनिक बताया जा रहा है। उसकी कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी भी पुलिस के शिकंजे में आ चुका है। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# शराब पीकर बस चला रहे सीतापुर डिपो के ड्राइवर

संवाददाता। सीतापुर

- खतरे में मुसाफिरों की जिंदगी, जांच में पकड़ा मामला
- सीतापुर डिपो की बस के दो ड्राइवर सेवा से बर्खास्त
- टीआई की जांच में नशे में पाए गए थे दोनों चालक

**सीतापुर** डिपो की बस में सफर करने वाले मुसाफिरों के लिए ये खबर जाननी बहुत जरूरी है। अगर आप बस के जरिए सफर करने जा रहे हैं तो ठहरिए हमारी इस रिपोर्ट को देखिए, फिर आगे बढ़िए। जिस बस में सुरक्षित सफर की मंशा लेकर आप जा रहे हैं कहीं ऐसा तो नहीं कि आपको मंजिल तक पहुंचाने वाला परिवहन निगम का सारथी यानी की आपकी बस का चालक शराब के नशे में हो। ऐसा बताकर आपको डरा नहीं रहे बल्कि आगाह कर रहे हैं, क्योंकि सीतापुर डिपो के चालक शराब के नशे में बसों को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, इससे आपकी जान खतरे में पड़ सकती है। जांच में इस तरह का चौंकाने वाला मामला सामने आने के बाद अफसर भी हैरान रह गए हैं। फिलहाल ऐसा करने वाले दोनों चालकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पूरा मामला यूपी के सीतापुर जिले का है। आइए आपको पूरे मामले से रूबरू कराते हैं। दरअसल, बीते दिनों सरकार की ओर से कोहरे में बसों को रात आठ से सुबह छह बजे तक चलाने पर रोक लगाई थी। हालांकि, अब रात में मौसम सामान्य हो रहा है, इससे बसें सड़कों पर रात में भी यात्रियों को लेकर फर्राटा भरने लगी हैं, लेकिन जिम्मेदार बसों और चालकों की जांच के लिए रात में सड़कों पर निकलते हैं। रात में डिपो के जिम्मेदार बसों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीने की जांच भी करते हैं। इसी जांच में सीतापुर डिपो की बस के दो चालक शराब के नशे में पाए गए। एआरएम सीतापुर राकेश कुमार के अनुसार बस सीतापुर से बरेली की ओर जा रही थी, जहां पर टीआई ने बस रुकवाकर ड्राइवर की जांच की। जांच में बस चला रहा चालक नशे में पाया गया, जबकि पास में सो रहे दूसरे चालक को जगाकर उसकी जांच की गई तो वह भी नशे में पाया गया। एआरएम बताते हैं कि दोनों के बारे सूचना मिलने के बाद तत्काल दूसरे चालक की मदद से बस को गंतव्य तक पहुंचाया गया। शराब पीकर बस चलाने के मामले में चालक करूणाशंकर दीक्षित समेत एक अन्य चालक को सेवा से ही बर्खास्त करने की बड़ी कार्रवाई की गई है। एआरएम बताते हैं कि इस तरह की जांच लगातार आगे भी चलती रहेगी, ताकि कोई बस चालक ऐसी हरकत न कर सके।

क्योंकि यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने की हमारी व डिपो की जिम्मेदारी है। इसमें जो भी गड़बड़ी करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। आई इंडिया की भी बस चालकों से अपील है कि बस चलाते समय शराब का सेवन कतई न करें। ऐसा करके आप अपनी ही नहीं यात्रियों को भी परेशानी में डाल रहे हैं। शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आपके लिए भी और उन सैकड़ों मुसाफिरों के लिए भी, जो आपके भरोसे अपने सफर को तय करने के लिए रोडवेज की बस का सहारा लेते हैं।

# मानव श्रृंखला बना सड़क जागरूकता के लिए एकजुट हुआ लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर.खीरी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर सोमवार को जिले के हजारों स्कूली छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का न केवल संकल्प लिया बल्कि दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस मानव श्रृंखला में



विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, शिक्षणेत्तर स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश कुमार साहा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मानव श्रृंखला में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जो सड़क जागरूकता, देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाई। डीएम-एसपी ने मानव श्रृंखला के लिए निर्धारित रूट का भ्रमण कर उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंहए एसपी डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह, बीएस, डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, एआरटीओ रमेश कुमार चौबे, आलोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में सड़क जागरूकता की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से सड़क सुरक्षा माह व्यापकता से मनाना है। एसपी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस अनुशासन की मिसाल थे, उनके जन्म जयंती पर सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया जाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। एडीएम ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वाधीनता सेनानी और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और आगे भी रहेंगे उनकी प्रासंगिकता आज भी है, भविष्य में भी रहेगी। एएसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करते समय सुभाष चंद्र बोस की अनुशासनप्रियता को अपने ध्यान में रखना होगा। कलेक्ट्रेट से लेकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कई किमी तक बनाई गई मानव श्रृंखला में शामिल बच्चे खासा उत्साहित दिखे। इस दौरान वह हाथों में सड़क जागरूकता का संदेश देती तख्तियां लिए, जागरूकता नारे लगाते नजर आए। इस दौरान बच्चों ने अपने सेक्टर, जोन में ड्यूटी पर तैनात अफसरों, मजिस्ट्रेट के साथ सेल्फी खिंचाई। ठीक 11 बजे मौजूद सेक्टर अधिकारियों ने अपने सेक्टर में श्रृंखलाबद्ध बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

जिले की सभी तहसीलों एवं सभी ब्लॉकों में भी विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर यातायात जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा था। बच्चे अपने निर्धारित समय से पहले ही तय स्थानों पर अपने शिक्षकों की निगरानी में पहुंच गए। मानव श्रृंखला बनाकर देशभक्ति और सड़क जागरूकता के नारे लगाए। तहसीलों में एसडीएम के नेतृत्व में ब्लॉकों में खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर यह कार्यक्रम हुआ। मोहम्मदी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा की शपथ उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने मौजूद आम नागरिक, स्कूली बच्चों सहित अन्य लोगों को दिलाई।

# खेल प्रतिभाओं में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक गतिविधियों के अनुक्रम में सोमवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में दिव्यांगजनों की 100 मीटर ट्राईसाइकिल रेस आयोजित हुई, जिसमें दिव्यांगों ने अपना दमखम दिखाया।

डिप्टी डीईओए एडीएम संजय कुमार सिंह ने एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह की मौजूदगी में दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल रेस खेल प्रतियोगिता का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील भारती के विसिल बजाते ही दिव्यांगों ने अपना दमखम दिखाया। एडीएम ने कहा कि दिव्यांगों के लिए इस तरह की खेल प्रतियोगिता लगातार होनी चाहिये। ऐसे आयोजन से दिव्यांगों का शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कहा कि लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की महती भूमिका है।



कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वीरपाल ने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता देश का भाग्य विधाता माना गया है। लोकतंत्र को मजबूत करने में दिव्यांग जनों की भी सशक्त भूमिका एवम किरदार है।

दिव्यांगजनों की 100 मीटर ट्राई साइकिल रेस में देवआपुर के सद्दाम हुसैन प्रथम, महंगूखेड़ा के ओंकार द्वितीय, शिवालापुर के अलिकामिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल, डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर की मौजूद रहे।

वही राजकीय इंटर कॉलेज में माध्यमिक स्तर के बच्चे के मध्य छात्र.छात्राओं के मध्य गीत वाद विवाद निबंध पोस्टर पेंटिंग की प्रतियोगिता कराई गई एवं महाविद्यालय स्तर के छात्र.छात्राओं के मध्य जनपद स्तरीय प्रतियोगिता वाई डी कॉलेज लखीमपुर में संपन्न कराई गई। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को दिनांक 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा समस्त विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यालय कार्यालयाध्यक्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करते हुए अपराह्न 1 बजे मतदाता शपथ दिलवाना सुनिश्चित करेंगे और उसकी फोटो वीडियो जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे

# अब पिस्टल और केस डायरी की तर्ज पर सीतापुर पुलिस जमा करेगी सीयूजी

संवाददाता। सीतापुर

- जिले के सभी थानों पर सीयूजी नंबर
- अधिकतर नंबर हो गए बंद, फिर से एक्टिव कराने की तैयारी
- एएसपी ने सिम चालू कराने के दिए आदेश, थानों को लिखा पत्र
- सहूलियत की मंशा को लेकर दारोगाओं को दिए गए थे सीयूजी
- सीयूजी नंबर चालू होने से आसानी से दारोगाओं से होगा संपर्क

**अभी** तक दारोगाओं के तबादला होने पर उन्हें सरकारी संपत्ति में शामिल केस डायरी और पिस्टल को जमा करना होता है, लेकिन यूपी के सीतापुर जिले में अब जल्द ही नई व्यवस्था होने जा रही है। इसके बाद बीटवार सभी दारोगाओं को सीयूजी नंबर भी थाना, कोतवाली छोड़ने से पहले जमा करने होंगे, ताकि इन नंबरों को चार्ज लेने वाले दूसरे दारोगाओं को सौंपकर सुविधा को जारी रखा जा सके। इसके लिए एएसपी साउथ ने सभी थानेदारों को पत्र लिखा है। दरअसल, आपको बता दें कि कई वर्ष पहले से जिले के सभी थानों में बीटवार दारोगाओं को करीब 350 सीयूजी नंबर जारी किए गए थे, इन नंबरों को दारोगाओं को देने के पीछे सरकार की मंशा थी कि जिस तरह से जरूरत पड़ने पर संबंधित थानेदारों के नंबरों पर संपर्क किया जाता है, उसी तर्ज पर आसानी से बीट दारोगाओं से भी आवश्यकता पड़ने पर बात हो सके। मॉडल कोतवाली के रूप में चयनित हुए शहर कोतवाली और महमूदाबाद में तो सिपाहियों तक को सीयूजी नंबर तत्कालीन यूपी डीजीपी ओपी सिंह की ओर से दिए गए थे। बताते हैं कि शुरुआती दौर में सीयूजी नंबर मिलने के बाद जिले के बीट दारोगाओं ने उनका इस्तेमाल किया, लेकिन बाद में किसी दारोगा का तबादला हो गया तो किसी का नंबर बंद हो गया और बाद में उसे चालू नहीं कराया जा सका। मौजूदा समय में 350 सीयूजी नंबरों में से अधिकतर बंद हो चुके हैं, इससे जिस मंशा के साथ यह नंबर बीट दारोगाओं को दिए गए थे, वह साकार नहीं हो पा रही है। इसी को लेकर सीतापुर के एएसपी साउथ एनपी सिंह ने सभी थानों को पत्र भेजकर नंबरों को तत्काल एक्टिवेट कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही एएसपी ने इस बात के लिए भी मातहतों को जिम्मेदारी सौंपी है कि कितने नंबर बंद चल रहे हैं, इसका भी पता लगाया जाए। इसके बाद इन सभी नंबरों को बीएसएनल के अफसरों से संपर्क कर चालू कराकर सुविधा को शुरू करें, ताकि लोगों का बीट दारोगाओं से सीधे संपर्क इस नंबर के जरिए हो सके। यही नहीं, एएसपी एनपी सिंह ने यह भी आदेश दिया है कि नंबरों के एक्टिव होने के बाद अगर किसी दारोगा का तबादला होता है तो वह सीयूजी नंबर साथ लेकर नहीं जाएगा। जिस तरह से दारोगा को सरकारी पिस्टल, केस डायरी को राजकीय संपत्ति रजिस्टर में दर्ज करना होता है, उसी तरह से सिम को भी जमा करना होगा, इससे नंबर बंद नहीं होगा और संबंधित दरोगा के स्थान पर जो भी दारोगा चार्ज लेगा उसे यह नंबर सौंप दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी थानेदारों की भी होगी। फिलहाल एएसपी के आदेश के बाद बंद पड़े नंबरों को एक्टिव कराने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नंबरों के एक्टिव होने से कहीं न कहीं पब्लिक को भी अपने बीट के दारोगा से बात करने में आसानी रहेगी। हालांकि, यह व्यवस्था आगे कितना कारगर रहती है यह तो समय बताएगा।

# गरीब नवाज का कुल शरीफ29 जनवरी को

**बरेली।** विश्व विख्यात दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज का कुल शरीफ अजमेर शरीफ में 29 जनवरी बरोज इतवार को होगा। आज अजमेर शरीफ में 29 का चांद नजर नही आया और न ही कही से शरई शहादत मिली। लिहाजा 24 जनवरी को चांद की पहली तारीख होगी। गरीब नवाज का कुल शरीफ6 रजब को होता है। इस एतवार से 6 रजब 29 जनवरी इतवार को पड़ेगी। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इसी दिन अजमेर शरीफ के साथ दरगाह आला हजरत पर भी गरीब नवाज की महफिल दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में सजाई जाएगी। सुबह 10 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

# गन्ना किसानों के बाकी भुगतान को लेकर आंदोलन जारी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**राष्ट्रीय** किसान मजदूर संगठन का गन्ना भुगतान को लेकर आज भी आंदोलन जारी है। 25 जनवरी को महापंचायत होगी जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष सरदार वीएमसिंह गन्ना किसानों को संबोधित करेंगे।

संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा कि बजाज रूप अपनी हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मिल प्रबंधतंत्र के बीच बातचीत हुई थी जिसमें 5 करोड़ रुपए से अधिक प्रतिदिन किसानों के खातों में भेजने का आश्वासन दिया गया था लेकिन पिछले दो दिनों में बात पूरी नहीं की गई। आगे कहा कि पलिया में भी वादा पूरा नहीं हुआ जिससे गोला गोकर्ण नाथ, खंभारखेड़ा के किसान



आक्रोशित हैं। श्री दीक्षित के अनुसार किसानों का दर्द ना तो उत्तर प्रदेश सरकार समझ पा रही है ना ही चीनी मिल मालिक। इससे मजबूर होकर 25 जनवरी को किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है, जोकि गन्ना विकास समिति गोला के प्रांगण व धरनास्थल पर होगी जिसमें सरदार वीएम सिंह भाग लेंगे। आज क्रमिक अनशन पर राज किशोर वर्मा निवासी गोला घरबरनलाल शुक्ला निवासी गोला अरवेन्द्र कुमार अग्निहोत्री ग्राम रोशन नगर पटेलजागेश्वर प्रसाद वर्मा छत्तीपुर मेंडुई लाल राठौर निवासी मुरादपुर और सहयोगी किसान सूर्य प्रसाद वर्मा मेहराज खान सुमन कुमार यादव बाल गोविंद वर्मा दुलीचंद वर्मा महेंद्र वर्मा भूप राम वर्मा बृजलाल हफीज राम सागर वर्मा दिवस कुमार वर्मा सुरेश चंद्र वर्मा कुलदीप मिश्रा महेश पटवारी समाजसेवी आदि किसान सहयोग में धरने पर बैठे।

# भाजपा के बुजुर्ग कार्यकर्ता पर पुलिस हमले का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ.खीरी।** थाना मैलानी की पुलिस चौकी व ग्राम कुकरा निवासी भाजपा के बुजुर्ग कार्यकर्ता ओमप्रकाश मिश्रा को पुलिस चौकी कुकरा की पुलिस ने जमीन विवाद में मारपीट कर उनको ग्रामीण बाजार में अपमानित किया है आरोपी पुलिस को दंडित करने की मांग की गई है।

प्रेषित शिकायत पत्र में भाजपा के बुजुर्ग कार्यकर्ता ओमप्रकाश मिश्रा ने अपना वीडियो व शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक खीरी को भेज कर कहा कि वृद्ध ग्राम कुकरा की बाजार में था इस बीच जमीन के मामले को लेकर पुलिस चौकी कुकरा के दीवान व पुलिस कर्मियों ने आकर उनका पक्ष सुनने से इंकार कर दिया। भाजपा के वरिष्ठ बुजुर्ग कार्यकर्ता ओमप्रकाश मिश्रा ने अपना परिचय दिया तब आरोपी पुलिस ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इस घटना से भाजपाई में गुस्सा है और आरोपी पुलिस को दंडित करने की मांग की है।

# पेज एक का शेष

## पीएम ने अंडमान के...

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, द्वीपों का यह नामकरण राष्ट्र की सम्प्रभुता और अखण्डता की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले नायकों को श्रद्धांजलि के तौर पर किया जा रहा है। अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक महत्व और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने रॉस द्वीप का नामकरण नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के तौर पर किया था। इसी प्रकार नील द्वीप का नाम बदलकर शहीद द्वीप और हेवलॉक द्वीप का नाम स्वराज द्वीप किया गया था।

## मुठभेड़ मामले में...

अफरोज ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि पांच सितंबर को वह अपने पति के साथ घर पर ही थी, तभी पुलिस ने फोन करके जीशान को पूछताछ के नाम पर बुलाया था। उसने कहा था कि बाद में खबर मिली कि जीशान के पैर में गोली लगी है और जब परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे तो जीशान की मौत हो चुकी थी। अफरोज के अधिवक्ता चौधरी जांनिसार अहमद ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले तो वादी की शिकायत स्थानीय प्रशासन और अदालत में लंबित पड़ी थी, और जब इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई तो हमने उच्च न्यायालय से गुहार लगाई। अहमद ने बताया कि उच्च न्यायालय ने स्थानीय अदालत को निर्देश दिया कि इस लंबित मामले में कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि उसी का यह परिणाम रहा कि स्थानीय न्यायालय द्वारा इस मामले में तेजी से कार्यवाही हुई और पीड़ित परिवार को इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी है। इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) अनिल कुमार ने उप निरीक्षक ओमवीर सिंह, यशपाल सिंह व असगर अली, मुख्य आरक्षी कुंवर भरत, प्रमोद कुमार, विपिन कुमार व सुखपाल सिंह और आरक्षी राजवीर सिंह, देवेंद्र, नीटू यादव, अंकित कुमार, बृजेश कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं और 24 घंटे के भीतर आख्या तलब की।

## आईएनएस वागीर...

नौसेना के अनुसार, आईएनएस वागीर दुनिया के कुछ बेहतरीन सेंसर और हथियारों से लैस है, जिसमें वायर गाइडेड टॉरपीडो और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें शामिल हैं, जो दुश्मन के बड़े बेड़े को बेअसर कर सकती हैं। नौसेना के अनुसार, पनडुब्बी में विशेष अभियानों के लिए समुद्री कमांडो को पानी में उतारने की क्षमता है, जबकि इसके शक्तिशाली डीजल इंजन बैटरी को बहुत जल्दी चार्ज कर सकते हैं। आत्मरक्षा के लिए इसमें अत्याधुनिक टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम लगाया गया है। आईएनएस वागीर को हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी के बीच भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। कलवरी पनडुब्बियों में से अंतिम वागशिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसे मार्च-अप्रैल में पहली सतही समुद्री यात्रा शुरू करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

## उद्धव और प्रकाश...

महाराष्ट्र और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिए बगैर उद्धव ने कहा कि देश निरंकुश शासन की ओर बढ़ रहा है। मुंबई और ठाणे समेत कई शहरों में होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले गठबंधन के बारे में बात करते हुए आंबेडकर ने कहा कि बीबीए और शिवसेना (यूबीटी) का एकजुट होना परिवर्तन की राजनीति की शुरुआत है। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि अभी यह गठबंधन केवल शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए के बीच है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि इसमें महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के अन्य घटक दल (कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) भी शामिल होंगे। जोगेंद्र कवाड़े की अगुवाई वाली एवं राज्य में दलित समुदाय में पैठ रखने वाली पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी (पीआरपी) ने पिछले महीने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बालासाहेबांची शिवसेना से हाथ मिलाया था। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा का रामदास आठवले की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से पहले से गठबंधन है।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल...

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना के भाजपा से गठबंधन तोड़ने पर कोश्यारी ने मुख्यमंत्री ने देवेंद्र फडणवीस को शपथ दिलाई और राकांपा नेता अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उन्होंने एक अन्य विवादित बयान में समर्थ रामदास को छत्रपति शिवाजी महाराज का गुरु बताया था। इसी तरह गत जून में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद उपजे हालात में कोश्यारी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया। इसके थोड़े समय बाद उच्चतम न्यायालय के कोश्यारी के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार के बाद उद्धव ठाकरे ने 29 जून को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया इसके बाद कोश्यारी ने एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत 35 किलोमीटर लंबी बनाई मानव श्रृंखला, दिलाई गई शपथ

संवाददाता। बरेली



**सोमवार** को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत 35 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसमें 50 हजार स्कूली बच्चों ने भाग लिया। बरेली की कमिश्नर संयुक्ता समद्दार, डीआईजी अखिलेश कुमार चौरसिया, डीएम शिवाकांत द्विवेदी, सीडीओ जग प्रवेश ने बरेली कॉलेज गेट के सामने सड़क सुरक्षा की शपथ ली और मानव श्रृंखला की शुरुआत की। इस दौरान लोगो को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी हुआ। मानव श्रृंखला की ये तस्वीरें बरेली की है। आज पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने लोगो को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत 35 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। इस दौरान सैकड़ों स्कूलों के 50 हजार बच्चो ने हाथ में ट्रैफिक नियमों के बने हुए बैनर, पोस्टर हाथो में लेकर बरेली वासियों को जागरूक किया। बरेली की कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने कहा की आज सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें 35 किलोमीटर मानव श्रृंखला में 50 हजार स्कूली बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने कहा की सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। सबसे ज्यादा लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। अगर लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट लगाएं, कार में सीट बेल्ट का उपयोग करें। उसी दौरान सुभाष चंद्र बोस को भी याद किया। एडीएम सिटी आर डी पांडेय ने बताया की मानव श्रृंखला के लिए कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं।

# सड़क सुरक्षा की शपथ ली

**संवाददाता।** चित्रकूट



**नेताजी** सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा माह के तहत पांच जनवरी से चार फरवरी तक के अभियान के क्रम में मानव श्रृंखला कर्वी, राजापुर, मऊ व मानिकपुर में बनाई गई। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मानव श्रृंखला में एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि ने पुलिस अधिकारियों के साथ चित्रकूट इंटर कालेज एवं एनसीसी, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने बैंड-बाजे के साथ सडक सुरक्षा की शपथ में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई।

सोमवार को जिला मुख्यालय के पटेल तिराहे में एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि समेत सभी लोगों को जिलाधिकारी ने सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई। तहसील राजापुर में एसडीएम प्रमोद कुमार झां ने सम्भागीय परिवहन निरीक्षक प्राविधिक गुलाबचन्द्र की अगुवाई में शपथ दिलाई।

● **नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

उपजिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला की अगुवाई में एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला प्रवर्तन ने हिस्सा लिया। मानिकपुर में एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में यात्री कर/माल कर अधिकारी संतोष तिवारी ने सडक सुरक्षा माह में हिस्सा लिया। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता के साथ हजारों की तादाद में लोगों ने सडक सुरक्षा की शपथ ली। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पटेल तिराहे में छात्र-छात्राओं को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाकर यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित रहने के उपाय बताये।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव, चित्रकूट इंटर कालेज के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, यातायात प्रभारी मनोज कुमार, टीएसआई योगेश कुमार यादव ने बस स्टैण्ड में ई-रिक्शा चालकों व आटो चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई।

# घंटा चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अर्न्तजनपदीय चोर गैंग का पुलिस ने खुलासा कर कोतवाली कर्वी के तरौंहा स्थित झारखंडी माता मन्दिर समेत विभिन्न मन्दिरों से चोरी 155 घंटा एवं तमंचा व कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने गिरोह का पर्दाफश करने वाली टीम को बधाई दी है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पत्रकारों को पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागृह में बताया कि कोतवाली कर्वी के तरौंहा स्थित झारखंडी माता मन्दिर से चोर 13-14 दिसम्बर 2022 की रात चोरों ने घंटा चुराया था। ये मामला तरौंहा के छिपटहरी मोहल्ले के दिनेश कुशवाहा पुत्र महावीर ने कोतवाली कर्वी में दर्ज कराया था। कर्वी कोतवाल व सर्विलांस प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन कर्वी की चहारदीवारी के पास से मेराज अहमद पुत्र मो सईद निवासी बरईखुर्द थाना थरियांव जिला फ्तेहपुर के कब्जे से चोरी के 54 घंटा व एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। उसकी निशानदेही

● **शातिर मेराज गिरफ्तार पुलिस ने झारखंडी माता समेत अन्य मंदिरों से चोरी हुए 155 घंटे किये बरामद**

● **एसपी वृंदा शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी**

पर सुनील सोनी पुत्र जवाहर सोनी निवासी बबेरु के गोदाम से 101 पीतल के घंटे बरामद हुए। पूंछताछ में चोर ने बताया कि उसका साथी कमल गुप्ता पुत्र बाबू गुप्ता निवासी सुकेती थाना गाजीपुर जिला फ्तेहपुर के पास बुलेरो यूपी 71-पी 0469 है। उसका वह चालक है। अन्य साथी रामकिशोर उर्फ बड़कउना पुत्र केशपति निवासी बैरक थाना मर्का जिला बांदा व पुत्ता उर्फ माहित निषाद पुत्र जीवन निवासी लोहारन गढवा मजरा गम्हरी थाना गाजीपुर पांचों लोग मन्दिरों से घंटा चुराकर राज गुप्ता व रामदीन गुप्ता निवासी बबेरु के साथ मिलकर चोरी किये घंटों को जवाहर सोनी व सुनील सोनी बबेरु को बेंचते हैं।

## क्विक न्यूज

### लापरवाही बरतने पर सचिव को किया निलंबित

**हमीरपुर।** काम में लापरवाही बरतने पर डीएम के आदेश पर राठ ब्लाक के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद उन्हें डीडीआरओ दफ्तर में अटैच कर लिया गया है। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लाक कार्यालय राठ में कार्यरत है,सचिव राम अहिरवार ने पिछले साल के केंद्रीय व राज्य वित आयोग के उपभोग प्रमाण पत्र अभी तक नहीं जमा किया है,इटौरा का सामुदायिक शौचालय को सक्रिय नहीं किया है,जन सामान्य से हमेशा अभद्र व्यवहार करना उनकी आदत में शामिल था,यही नहीं विधिए के महामंत्री के साथ मोबाइल में गालीगलौज करना इसके अलावा कई आरोप जांच में सही साबित हुए है। मामले की जांच सहायक विकास अधिकारी रामबरन सिंह को सौंपी गयी है।

### अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**पुखरायां।** कानपुर देहात। भोगनीपुर थाना क्षेत्र के छलेनी गांव के सामने पास झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भोगनीपुर थाने के उपनिरीक्षक चरन सिंह ने बताया कि सोमवार की दोपहर कानपुर की जाने वाली एक माल गाड़ी की चपेट में आकर 30 वर्षीय एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है जिसकी सूचना खेत पर काम कर रहे किसानों ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### मौसम ने ली करवट, बूंदाबांदी के चलते ठंडक बढ़ी

**जालौन (उरई)।** सोमवार को मौसम में आए बदलाव के चलते बूंदा बांदी हुई। बूंदा बांदी होने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। बूंदा बांदी किसानों के चेहरे खिले। सोमवार की सुबह शीतलहर के चलते लोग देर सुबह तक बिस्तरों में ही दुबके रहे। शीतलहर का असर पूरे दिन रहा। इस दौरान तेज हवाओं के चुभते नश्तरों से लोगों का हाल-बेहाल हो गया। शीतलहर से घरों के भीतर भी ठिठुरन और गलन हो गई। गर्म कपड़ों में लिपटे होने के बावजूद सर्दी का असर कम पड़ता दिखाई नहीं दिया। शीतलहर के असर के चलते बाजार भी अन्य दिनों की अपेक्षा देरी से खुले। दोपहर बाद हल्की बूंदा बांदी के चलते शाम को दुकानदार अपने अपने प्रतिष्ठान जल्दी बंद कर घर लौट गए। किसान अनिल कुमार, सूरज प्रसाद, मानसिंह विजय आदि का कहना है कि यह हल्की बूंदा बांदी अभी तो फसल के लिए अच्छी है। फसल पर इस बूंदा बांदी का अच्छा प्रभाव पड़ेगा। लेकिन यदि तेज बारिश होती है तो किसानों को नुकसान होने की आशंका है। फिलहाल तो बूंदा बांदी होने से किसान खुश हैं।

### पुलिस ने दबोचा एक वांछित

**कोंच (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा के निर्देशन में कोतवाली के सुरही चौकी प्रभारी शिव शंकर अपने हमराही कांस्टेविल के साथ वांछित पकड़ो अभियान के तहत गस्त पर मामूर थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बादल पुत्र विनोद निवासी मुहल्ला सुभाष नगर अपने घर के वाहर घूम रहा है जो मुकद्दमा संख्या 10/23 धारा 363, 366 आईपीसी में काफी समय से बांछित चल रहा था जिसे पुलिस ने जाकर गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आयी जहां पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पुखरायां कानपुर देहात।** भोगनीपुर के बजरंग मुहल्ले निवासी युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। देवराहट थाना क्षेत्र के बरौली गांव के मूल निवासी ख्याली के सुखलाल भोगनीपुर के बजरंग मोहल्ले में रहता था। सोमवार को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। जिसे जिला अस्पताल के बाद कानपुर रिफर किया गया था इलाज के दौरान सुखलाल की मौत हो गई है। परिजन उसका शव लेकर भोगनीपुर थाने पहुंचे थे। थाने के उपनिरीक्षक चौन पाल सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कड़ी पैरवी से पाक्सो एक्ट व दुष्कर्म में दो को हुई सजा

**चित्रकूट।** स्पेशल न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संजय के लाल की अदालत ने शिवा पुत्र बाबू पंडित निवासी अतरौलीमाफी थाना राजापुर को छेडछाड व पाक्सो एक्ट के मामले में चार वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अदालत में चल रहे इस मामले की सघन पैरवी राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह व पैरोकार आकाश यादव ने की थी। अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनन्द व शासकीय अधिवक्ता तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते विद्वान न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी शिवा पुत्र बाबू पंडित को सजा सुनाई। इसी क्रम में कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा एवं पैरोकार बाबूलाल की पैरवी के चलते लोक अभियोजक राजेश कुमार की प्रभावी बहस के नतीजतन स्पेशल न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने दुष्कर्म के आरोपी महफूज खान पुत्र मकसूद खान निवासी बिजली पावर हाउस पहाडी रोड नई बस्ती कोतवाली कर्वी को दस वर्ष की सजा व 14 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

### बड़े हादसे का इंतजार कर रहा बिजली विभाग

**उरई (जालौन)।** अक्सर सुर्खियों में घिरे रहने वाले बिजली विभाग एक बार फिर खबरों में छाया हुआ है वजह है कि इस बार 11000 वॉट की लाइन टूट कर शहर के मुख्य सड़क पर गिर पड़ी और आग लग गई । इसका वीडियो सोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कल ही एक लाइनमैन की हाई टेंशन लाइन से चिपक जाने की वजह से मौत हो गई थी। आज हाई टेंशन लाइन टूटने की वजह से आग लग गई जिससे वहां खड़ी एक मोटर साइकिल धूं धूं कर जल गई। हर दिन होते हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा, इस लगता है कि बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। विभाग में एक पद होता है टी जी 2 लाइन जिसका काम होता है वह स्थलीय निरीक्षण कर यह पता लगाए कि कौन सी लाइन जर्जर है।

### अफसरों की लापरवाही के चलते मानव श्रंखला टूटी

**मौदहा (हमीरपुर)।** अमर सपूत क्रांतिकारी विचारक सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमें सभी विभागों के कर्मचारियों व स्कूली छात्र छात्राओं ने भाग लिया जबकि खंड विकास अधिकारियों की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ सौ मीटर ही मानव श्रृंखला बन पाई। सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर सड़क सुरक्षा अभियान मे जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य कम्हरिया से सिजनौड़ा रेलवे क्रॉसिंग तक मानव श्रृंखला बनाए जाने के लिए जिला अधिकारी के निर्देश दिए थे जिस पर नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में 29 पॉइंट चिन्हित किए गए। जिनमें मानव श्रृंखला नगर तक ही सीमित रही वहीं उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार व प्रभारी तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने चिन्हित स्थानों पर यातायात नियमों के पालन करने के लिए शपथ ग्रहण भी कराई जबकि मानव संखला में अभियान में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने खासी नाराजगी जाहिर की। बड़े चौराहा से कमरिया के बीच इस अभियान में कुछ मात्र मीटर में ही मानव श्रृंखला दिखाई दी जबकि विकासखंड के अधिकारियों ने भरसक प्रयास करने के बावजूद भी लहचार नजर आए और पूरी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में मानव श्रृंखलाअभियान विफल साबित हुआ और वहीं यातायात नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई दी स्कूली छात्र छात्राओं के बीच भारी वाहन भी निकलते रहे वही समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद मेजर ने मानव श्रृंखला सहयोगीयों को जगह-जगह पर पानी के पाउच वितरण किए और कपसा रोड रेलवे क्रॉसिंग से स्वास्थ्य विभाग आंगनबाड़ी स्कुली बच्चों नगर पालिका टीमों का अच्छा सहयोग देखने को मिला।

# मानव श्रृंखला बना कर दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**जंगे** आजादी के महानायक भारत मां के सच्चे सपूत सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर विकासखंड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



विद्यालय की शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत ने बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के खेल सिंह,पेशकार, अजंट सिंह, अशोक कुमार,जयवीर,मेमवती, कामिनी, विद्या, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे। नन्हें जादूगर ने बच्चों को जादू दिखाकर उनका न सिर्फ मनोरंजन किया बल्कि उन्हें सड़क सुरक्षा के तरीके भी बताये। विद्यालय प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बरेली से आये जादूगर कलाम को कंबल उड़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने स्कूल में कराये गये कायाकल्प के कार्यों का औचक निरीक्षण किया तथा अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश पंचायत सचिव राजीव श्रीवास्तव को दिये।

# स्कूली बच्चों ने चार किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनायी

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**सोमवार** को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मुख्यालय, तहसील, ब्लाक व प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर मानव श्रृंखला का भव्य आयोजन हुआ।

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने बनाई गई 4 किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला इंदिरा स्टेडियम से टाउन हॉल उरई तक निरीक्षण किया। मानव श्रृंखला में समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड व छात्र-छात्राओं ने इंदिरा स्टेडियम से लेकर टाउन हॉल उरई तक 4 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई जिसमें 3 हजार छात्र-छात्राओं, एनसीसी आदि ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी द्वारा मानव श्रृंखला में उपस्थित सभी को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं एवं पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे।

लेंन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाएंगे और गलत दिशा में वाहन नहीं चलाएंगे वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे। शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने टाउन हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की चित्र, डाक टिकट एवं मुद्रा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आज जो मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया है उसका मुख्य उद्देश यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क दुर्घटना से कैसे बचा जाए इसके संबंध में जन सामान्य के साथ-साथ युवाओं एवं छात्र छात्राओं को जागरूक करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात आज जीवन का अंग बन गया है हमारी छोटी असावधानी से बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। जिसका सीधा प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर तो पड़ता ही है इसके साथ साथ व्यक्ति के परिवार व राष्ट्र पर भी इसका असर पड़ता है। उन्होंने उपस्थित सभी व्यक्तियों व छात्र-छात्राओं से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने का आवाहन किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी राजेश सिंह, एआरटीओ सौरभ कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश सिंह, विनय पांडे, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सहकारी समितियां बहुउद्देशीय घोषित

**हमीरपुर।** शासन ने किसानों को रीढ़ कही जाने वाली सहकारी समितियों को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये इन्हे बहुउद्देशीय समितिया घोषित कर दिया है,समितिया सहकारी बैंक से ऋण लेकर हर प्रकार का व्यवसाय कर सकेगी। शासन ने हर जिले से समितियों की रिपोर्ट मांग ली है,अब संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है।सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक(एआर) रामसागर चौरसिया ने आज बताया कि सहकारिता किसानों की मेरुदंड कहा जाता है किसानों को ऋण से लेकर उर्वरक व बीज यही से प्राप्त होता है। मगर पूरे प्रदेश में धीरे धीरे सहकारी समितियों का नमोनिशान मिटता जा रहा था जिससे शासन ने सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय समितियां घोषित कर दिया है अब समितियो के सचिव व अन्य स्टाफबैंक से पर्याप्त ऋण लेकर ग्रामीण क्षेत्र के अनुसार कोई भी व्यवसाय कर सकेगी ताकि स्टाफको बेतन मिलने के साथ साथ समितियों का आर्थिक ढांचा मजबूत हो सके। जिले में 46 सहकारी समितियां संचालित है जिनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है,सचिवों व अन्य कर्मियों को बेतन कई कई महीनों तक नही मिल पाता है जब खाद विक्री का समय आता है उसी समय समितियों को होने वाली विक्री के लाभांश से बेतन व अन्य आर्थिक समस्या का समाधान हो जाता है इसके वाद सालभर धनाभाव से जूझना पड़ता है। बहुत पहले हरेक समितियों में मिनी बैंक किसानों के लिये स्थापित किये गये थे वह सब समाप्त हो चुके है,जिससे किसान अब अपनी छोटी छोटी बचत भी जमा करने के लिये बैंको का सहारा लेता है। एआर श्री चौरसिया ने बताया कि ज्यादातर समितिया एकदम जर्जर हो गयी थी जिसमे करीब बीस समितियों को आईसीडीसी ने मरम्मत कार्य कराया है जिसमे करीब डेढ़ करोड रुपये से ज्यादा खर्च हुआहै यह पैसा भी संबंधित समितियों को ऋण के रुप में नाबार्ड को अदा करना पडेगा। एआर ने बताया कि शासन इसके लिये रुपरेखा तैयार कर रहा है। अभी हाल ही में जिलेवार संबंधित अधिकारियों की बैठक उच्चाधिकारियों के साथ हो चुकी ह।

# विशाल मानव श्रृंखला बना जीवन रक्षा और सड़क सुरक्षा की ली शपथ

**आलोक निगम।** बांदा



**नेता जी** सुभाष चन्द्र बोस जी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे माहाराणा प्रताप चैक में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आर0पी0सिंह ने सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत उपस्थित अधिकारियों /कर्मचारियों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव एवं जन जागरूकता हेतु सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी ।आयुक्त ने सड़क सुरक्षा शपथ के अन्तर्गत सभी को सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा हेतु दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं एवं पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट लगानेए लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करनेए तेज रफ्तार एवं गलत दिशा में वाहन नही चालनेए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करने एवं नशे की हालत में वाहन नही चलाने तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने एवं सदैव सुरक्षित एवं सावधानी से वाहन चलाने की शपथ दिलायी ।आयुक्त ने बडी संख्या में उपस्थित लोंगो से अपील की कि सड़क दुर्घटना में होने वाली जनहानि को बचाने के लिए सभी लोग यातायात के नियमों का कडाई से अनुपालन करते हुए अपने जीवन को सुरक्षित रखें तथा अपने घर परिवार का ध्यान रखते हुए सावधानी से वाहनों का संचालन करें। इस अवसर पर अखण्ड हिन्द फौज के छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जागरूकता हेतु लघु नाटिका की उत्कृष्ट प्रस्तुति की गयी। उन्होंने बताया कि जनपद बांदा में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला लगभग 12 कि0मी0 की आयोजित की गयी हैए जिसमें जनपद के मानव श्रृंखला में समस्त विभागों के अधिकारीध्कर्मचारीए एनजीओए स्वयं सेवी स्थाओंए एनएसएसए एनसीसीए स्काउटए माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के छात्रोंए मीडिया प्रतिनिधियोंए व्यापारियों तथा आम जनमानस की अधिकाधिक संख्या में लगभग 21 हजार लोंगो द्वारा प्रतिभाग किया। मानव श्रृंखला में कक्षा.8 से 12 के छात्रध्छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित स्लोगन एवं डिस्प्लेकार्ड भी लेकर लोंगो को सड़क सुरक्षा.जीवन रक्षा के प्रति जागरूक किया गया ।कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक ी विपिन कुमार मिश्राए जिलाधिकारी श्रीमती दीपा रंजनए पुलिस अधीक्षक अभिनंदनए मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य व अन्य उपस्थित लोंगो के द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ ली गयी।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा की दिलाई गई शपथ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● **यातायात नियमों का वाहन चलाते समय करें पालनः जिलाधिकारी**


**नेताजी** सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत अकबरपुर इंटर कॉलेज में मानव श्रंखला कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बी0बी0जी0टी0एस0 मूर्ति द्वारा प्रतिभाग किया गया हैए कार्यक्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आदि ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित छात्र छात्राओं एवं एनसीसी के छात्र.छात्राओं व शिक्षक.शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा शपथ यातायात नियमों का पालन करने हेतु हम सत्यनिष्ठा की यह शपथ लेते हैं किरू. हम यातायात के समस्त नियमों का पालन करेंगेए हम बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के किसी वाहन को नहीं चलायेंगे। हम बिना हेलमेट के टू.व्हीलर वाहन नहीं चलायेंगे। हम चार पहिया वाहन चलाते समय व यात्रा करते समय सीट बेल्ट धारण करेंगे। हम खतरनाक ढंग से वाहन को नहीं चलायेंगे। हम कभी भी नशे की हालत में वाहन नहीं चलायेंगे। हम वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे। हम वाहनों पर स्टंट आदि नहीं करेंगे व दूसरों को ऐसा करने से रोकेंगे। हम तेज गति से वाहन नहीं चलायेंगे। हम महिलाओं व बच्चियों के प्रति सम्मान का भाव रखेंगे व उनके प्रति किसी प्रकार के भेदभाव को स्वीकार नहीं करेंगे की शपथ दिलाईए इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारियों द्वारा छात्र.छात्राओं के साथ यातायात नियमों के जागरूकता हेतु तख्तियां लिए मानव श्रंखला बनाकर यातायात नियमों के पालन किए जाने हेतु जागरूक किया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ गुप्तए उप जिलाधिकारी अकबरपुर भूमिका यादवए बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेयए परिवहन विभाग के अधिकारीगणो में मनोज कुमारए सोमलता यादवए अभिषेक कनौजियाए पीडब्ल्यूडी विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।


# पहले दिन हुए पांच नामांकन

**संवाददाता।** फ्तेहपुर



**जिला** पंचायत उप निर्वाचन के प्रथम दिन पांच नामांकन पत्र दाखिल किए गए। वार्ड नम्बर 19 अमौली वार्ड की सीट सदस्य राम देवी पत्नी शिव बदन सिंह के निधन से रिक्त हुई थी। नामांकन के प्रथम दिन पांच नामांकन पत्र दाखिल हुए। जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हिमांजलि पत्नी लोकेंद्र कुमार एडवोकेट ने अधिवक्ता के अलावा सुनील तिवारी, कृष्ण गोपाल एडवोकेट, इंदल निषाद, रजत गुप्ता, राजेंद्र सिंह मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं समाजवादी पार्टी समर्थित प्रत्याशी पूजा पटेल पत्नी बृजेंद्र पटेल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिनके साथ लोकेंद्र नाथ, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, राजू सोनकर, वीरू यादव मौजूद रहे। वहीं जिला पंचायत सदस्य रही रामदेवी की देवरानी रेनू प्रजापति पत्नी ओम प्रकाश ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रेनू देवी प्रजापति ने कहा कि क्षेत्रीय जनता उनके साथ है सभी का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जनता के सहयोग से उन्हें विजय हासिल होगी। इस अवसर पर उनके साथ दयाराम, अंकित प्रजापति, राम विशाल, राम अवतार, बाबूलाल भी मौजूद रहे। वहीं सुनीता देवी व रेशू पटेल ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# हसवा ब्लाक का किसान करेंगे 28 को घेराव



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक कमलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में नहर कालोनी में सम्पन्न हुई। जिसमे आजादी के महानायक सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यर्पण कर उनकी जयंती मनाई गई तत्पश्चात किसानों की समस्याओ पर चर्चा करते की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रहे। किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए अनेक निर्णय लिए गए जिसमें गणतंत्र दिवस को किसानों द्वारा धूमधाम से मनाये जाने व जनपद की तीनों तहसीलों में ट्रैक्टर से तिरंगा रैली निकाले जाने एवं संगठन को मजबूती देने व किसानों की समस्याओ के समाधान के लिये प्रत्येक माह की तीन तारीख को सभी ब्लाकों में बैठक किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसमे अन्ना मवेशियों की समस्याओं को लेकर बीडीओ का घेराव किया जायेगा। 28 जनवरी को किसानों की समस्याओं को लेकर हसवा ब्लाक का घेराव किया जायेगा। साथ ही बताया कि चार फरवरी को खागा तहसील के अमाव ग्राम में किसान पंचायत का आयोजन किया जाना है जिसमे बड़ी संख्या में किसान प्रतिभाग करेंगे। किसानों की इस पंचायत मे मुख्य अतिथि के रूप के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह रहेंगे।


# बच्चों के लालन-पालन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें पहले दिन एएनएम, संगिनी और आशाबहुओं को शून्य से पांच साल आयु वर्ग के बच्चों के रखरखाव की जानकारी दी गई। मास्टर टेऊनर मनोरमा सचान ने बताया कि होम बेस्ट केयर फॉर यंग चाइल्ड कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिसमें शून्य से पांच साल आयु वर्ग के बच्चों लालन, पालन एवं उनके पोषण संबंधित जानकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दी जाएगी।

# नेताजी की जयंती पर बनी मानव श्रृंखला

● **सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की डीएम ने दिलाई शपथ**

**संवाददाता।** फतेहपुर



**नेताजी** सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती एवं सड़क सुरक्षा माह (सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा) के अंतर्गत सोमवार को शांतीनगर स्थित स्पोर्ट स्टेडियम में मानव श्रृंखला समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व गुब्बारे उड़ाकर किया। उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओ, शिक्षकों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के कैडेट्स, युवा मंगल दल, प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, परिवहन से जुड़े डीलर्स, ट्रांसपोटर्स, मोटर ड्राइविंग स्कूल समेत समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया। छात्राओ ने सड़क सुरक्षा संबंधित रंगोली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात के नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गयी। डीएम ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नेताजी जी अनुशासन दृढ संकल्पित व्यक्ति थे। देश को आजाद कराने के साथ अनेक चुनौतियों का सामना करके देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की परिकल्पना को साकार करने की हम सबकी जिम्मेदारी है। नेताजी की जीवन गाथा पढ़ने पर एक नई ऊर्जा का संचार मिलेगा।

# गोलीबारी करने वाला संदिग्ध वैन में मृत मिला

● हमले की मंशा अब भी अज्ञात

भाषा। मोंटेरी पार्क (अमेरिका),



**अमेरिका के** लॉस एंजिलिस में लूनर न्यू ईयर (चंद्र नववर्ष) के जश्न के दौरान गोलियां चलाकर 10 लोगों की हत्या करने वाला संदिग्ध हमलावर रविवार को एक वैन में मृत मिला। वह गोलीबारी की दूसरी घटना को अंजाम देने में नाकाम रहने के बाद इसी वैन से फरार हो गया था। उसके शरीर पर गोली के निशान हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उसने खुद को गोली मारी थी। वहीं, अधिकारी हमलावर की मंशा का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी वजह से पूरे एशियाई अमेरिकी समुदायों में भय का माहौल पैदा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध हमलावर की पहचान 72 वर्षीय हू कैन त्रान के रूप में हुई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के मुताबिक जिस क्लब में यह घटना हुई उसके संचालक के परिवार के एक सदस्य ने हमलावर से बंदूक छीन ली थी। मोंटेरी पार्क में हुआ नरसंहार इस महीने देश में पांचवीं गोलीबारी की घटना है। इसमें कैलिफोर्निया राज्य में कई एशियाई संस्कृतियों में मनाए जाने वाले उत्सवों को निशाना बनाया गया है जो देश में समुदाय के खिलाफ हिंसक घटनाओं का एक और उदाहरण है। पिछले साल 24 मई को अमेरिका के टेक्सास राज्य के उवाल्डे स्थित स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी घटना है। टेक्सास की घटना में 21 लोग मारे गए थे। लॉस एंजिलिस के काउंटी शेरिफ रॉबर्ट लूना ने बताया कि इस मामले में कोई और संदिग्ध नहीं है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम हमले के पीछे के मकसद का अभी पता नहीं चला है। हमले में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं जिनमें सात अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। लूना ने रविवार शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पीड़ितों की उम्र नहीं बताई लेकिन वे 50 से अधिक वर्ष की आयु के लगते हैं। शेरिफ ने बताया कि संदिग्ध के पास अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल थी और एक दूसरी हैंडगन उस वैन से बरामद की गई, जिसमें वह मृत मिला। मोंटेरी पार्क पुलिस प्रमुख स्कॉट वीस ने रविवार शाम को बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के तीन मिनट के भीतर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए थे जहां उन्हें कई शव मिले और लोग दरवाजों से भागने की कोशिश करते हुए दिखे। वीस ने बताया, जब वे पार्किंग वाले इलाके में आए, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था। लूना ने बताया कि पहले हमले के करीब 20-30 मिनट बाद बंदूकधारी नजदीकी अल्हाम्ब्रा में लाई लाई बालरूम में घुसा, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उससे हथियार छीन लिया जिसके बाद वह भाग गया। टाइम्स की खबर के मुताबिक बंदूकधारी क्लब में दाखिल हुआ और बंदूक ब्रांडन से की ओर तान दी जो अपने दादा द्वारा शुरू किए गए इस क्लब में सप्ताह के कुछ दिन काम करते हैं। से ने बताया कि बंदूकधारी की लोगों को नुकसान पहुंचाने की मंशा जान मैंने तुरंत उसकी बंदूक पकड़ ली और हथियार पर नियंत्रण हासिल करने से पहले हम दोनों में संघर्ष हुआ। पुलिस ने कहा था कि इस हमले में एक से अधिक व्यक्ति शामिल हैं। इसपर त्से और उनके परिवार ने कहा कि सुरक्षा फुटेज दिखाते हैं कि 26 वर्षीय कम्प्यूटर कोडर ने अकेले इस हमले को और बड़ा होने से रोक दिया। चश्मदीदों ने बताया कि संदिग्ध सफेद रंग की वैन में फरार हुआ। वैन घटनास्थल से 22 किलोमीटर दूर टॉरेंस में मिला जो कई एशियाई अमेरिकी समुदायों का एक प्रमुख निवास स्थल है। वाहन को कई घंटे तक घेरे रहने के बाद कानून प्रवर्तन अधिकारी उसमें दाखिल हुए और उन्हें एक शव मिला जिसे बाद में वहां से हटाया गया। मौके से जाने से पहले स्वात टीम ने वाहन की जांच की। शेरिफ विभाग ने इससे पहले संभवतः सुरक्षा कैमरा से ली गई तस्वीर जारी की जिसमें एशियाई व्यक्ति को संदिग्ध माना गया था। कांग्रेस सदस्य जूडी चु ने कहा कि उनके मन में अब भी हमले को लेकर सवाल है लेकिन उम्मीद करती हैं कि निवासी अब सुरक्षित हैं। मोंटेरी पार्क में लगभग 60,000 लोग रहते हैं।

# नेपाली कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार उतारेगी

भाषा। काठमांडू,

**नेपाली कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में अपना उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव मध्य फरवरी के आसपास होने की संभावना है, हालांकि निर्वाचन आयोग ने अभी तारीख तय नहीं की है। राष्ट्रपति विद्या भंडारी मार्च के मध्य में शीर्ष पद से सेवानिवृत्त हो रही हैं, उनके कार्यकाल की समाप्ति से एक महीने पहले राष्ट्रपति चुनाव कराने की प्रथा है। नेपाली कांग्रेस (नेकां) के नेता प्रकाश मान सिंह ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि पार्टी ने जल्द होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने का फैसला किया है और एनसी अब अपना ध्यान वहीं केंद्रित करेगी। प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते नेपाली कांग्रेस इस पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करने के योग्य है। सत्तारूढ़ सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के सचिव गणेश शाह ने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति पद के लिए राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए तैयार है। हम इस उद्देश्य के लिए नेपाली कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के साथ भी आम सहमति बनाने की कोशिश करेंगे।

## ब्रिटेन की ऑनलाइन याचिका में मोदी पर बीबीसी वृत्तचित्र के लिए स्वतंत्र जांच की मांग

भाषा। लंदन

**एक नई** ऑनलाइन याचिका में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादास्पद वृत्तचित्र श्रृंखला को लेकर ब्रिटेन में सार्वजनिक प्रसारक के रूप में बीबीसी द्वारा अपने कर्तव्यों का गंभीर उल्लंघन किए जाने की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। चेंज डॉट ओआरजी पर मोदी संबंधी वृत्तचित्र को लेकर बीबीसी से एक स्वतंत्र जांच के आह्वान के साथ संपादकीय निष्पक्षता के उच्चतम मानकों को पूरा करने में विफल रहने के लिए ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) की कड़ी निंदा की गई है। रविवार की रात याचिका के ऑनलाइन होने के बाद से इस पर 2,500 से अधिक हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। याचिका में इंडिया: द मोदी क्वेश्चन वृत्तचित्र के जरिए अपने दर्शकों को जानबूझकर गलत जानकारी देने वाली दुष्प्रचार पत्रकारिता का हिस्सा बताते हुए बीबीसी की आलोचना की गई है। इस वृत्तचित्र का पहला भाग पिछले सप्ताह प्रसारित हुआ था और दूसरा मंगलवार को प्रसारित होने वाला है। याचिका में लिखा है, हम दो खंड वाले वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन में संपादकीय निष्पक्षता के उच्चतम मानकों को पूरा करने में विफल रहने के लिए बीबीसी की कड़ी निंदा करते हैं। याचिका में मांग की गई है, हम बीबीसी बोर्ड से सार्वजनिक प्रसारक के रूप में अपने कर्तव्यों के इस गंभीर उल्लंघन की स्वतंत्र रूप से जांच करने और निष्कर्षों को पूर्ण रूप से प्रकाशित करने का आह्वान करते हैं।

## मालदीव सुरक्षा परिषद में भारत की अस्थाई सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा

**माले।** मालदीव वर्ष 2028-29 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थाई सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में भारत के मजबूत और प्रभावी नेतृत्व का हवाला देते हुए सोमवार को यह बात कही। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले महीने सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य के तौर पर वर्ष 2028-29 के कार्यकाल के लिए दावेदारी पेश करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्री एस.जयशंकर की मालदीव यात्रा के कुछ दिन बाद मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा, मालदीव की सरकार ने सुरक्षा परिषद में वर्ष 2028-29 के लिए अस्थाई सदस्यता के वास्ते भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करने का फैसला किया है।

## सोमालिया की राजधानी में चरमपंथियों ने सरकारी इमारत पर हमला किया, पांच की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की सरकार ने बताया कि राजधानी मोगादिशु में रविवार को अलकायदा से संबद्ध चरमपंथियों ने एक सरकारी इमारत पर हमला कर दिया जिसमें पांच आम लोगों की मौत हो गई। आमीन एंबुलेंस सेवा के संस्थापक अब्दुलकादिर अदान ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उनकी टीम ने घटनास्थल से 16 घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। मोगादिशु स्थित बानादिर क्षेत्रीय प्रशासन की इमारत पर हमले की जिम्मेदारी अल शबाब नामक चरमपंथी समूह ने ली है। मुख्यालय में मौजूद कर्मी ने बताया कि बंदूकधारियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी किए जाने से पहले आत्मघाती हमला किया गया था। मुस्तफा अब्दुल्ले नामक कर्मी ने बताया कि अधिकतर कर्मचारियों को सुरक्षाबलों ने निकाल लिया है। मोगादिशु में अल शबाब अकसर हमले करता है।

## इराक के प्रधानमंत्री ने सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति की

**बगदाद।** इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इराकी मुद्रा दीनार में एक हफ्ते से जारी गिरावट के बीच सोमवार को देश के सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति की। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक प्रधानमंत्री ने यह कदम तब उठाया जब गवर्नर मुस्तफा गालेब मुखीफ ने उनसे कहा कि वह अब पद पर नहीं रहना चाहते हैं। मुखीफ 2020 से सेंट्रल बैंक के गवर्नर थे। उनकी जगह सेंट्रल बैंक के पूर्व गवर्नर मुहसेन अल-अलाक को नियुक्त किया गया है। दीनार शुक्रवार को नए निचले स्तर, डॉलर के मुकाबले करीब 1,670 पर पहुंच गया। नवंबर के मध्य से मुद्रा का लगभग सात प्रतिशत अवमूल्यन हो चुका है। डॉलर के लिए आधिकारिक दर 1,470 दीनार है। पिछले दो महीनों में गिरावट ने तेल समृद्ध लेकिन भ्रष्टाचार से ग्रस्त इराक के बाजारों को प्रभावित किया है, जहां कई लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित हुई है। इराक में कुछ ईरान समर्थित नेताओं ने अमेरिकी कोषागार विभाग द्वारा हाल के उपायों को गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के भीतर तीसरे हिंदू मंदिर में तोड़फोड़: रिपोर्ट

● खालिस्तान समर्थकों ने तोड़फोड़ की है

भाषा। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया के** दक्षिणपूर्वी राज्य विक्टोरिया में एक पखवाड़े में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ का तीसरा मामला सामने आया है। मीडिया में सोमवार को आई खबर के अनुसार, विक्टोरिया स्थित मंदिर में कथित तौर पर खालिस्तान समर्थकों ने तोड़फोड़ की है और वहां दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे। ऑस्ट्रेलिया टुडे वेबसाइट के मुताबिक, मेलबर्न के अल्बर्ट पार्क में स्थित हरे कृष्ण मंदिर के रूप में प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर की दीवारों को तोड़ दिया गया और वहां भारत विरोधी नारे लिखे गए। इस्कॉन मंदिर के संचार निदेशक भक्त दास ने कहा, हम पूजा स्थल के सम्मान की इस घोर उपेक्षा से हैरान और नाराज हैं। वहीं इस हमले के बाद, विक्टोरिया पुलिस में एक शिकायत दर्ज की गई है और अपराधियों को पकड़ने में मदद के लिए उन्हें सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराई जा रही है। पिछले एक पखवाड़े में देश में इस तरह का यह तीसरा मामला है। 16 जनवरी को कैरम डाउन्स, विक्टोरिया में ऐतिहासिक श्री शिव विष्णु मंदिर में भी इसी तरह से तोड़फोड़ की गई थी। वहीं, 12 जनवरी को मेलबर्न में स्वामीनारायण मंदिर को असामाजिक तत्वों द्वारा भारत विरोधी नारों के साथ विरूपित किया था। विक्टोरिया की कार्यवाहक प्रीमियर जसिंटा एलन ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे को बताया, सभी विक्टोरियाई लोग नस्लवाद, निंदा और घृणा से मुक्त अपने विश्वास का पालन करने के हकदार हैं। यह व्यवहार अधिकांश विक्टोरियाई लोगों की सोच को नहीं दर्शाता है। विक्टोरिया की विविधता हमारी सबसे मजबूत संपत्तियों में से एक है, और हम इन हमलों की निंदा करते हैं। इस्कॉन मंदिर पर यह हमला विक्टोरियन बहु-विश्वास नेताओं की विक्टोरियाई बहुसांस्कृतिक आयोग के साथ एक आपातकालीन बैठक के ठीक दो दिन बाद हुआ, जिसके बाद कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हिंदुओं के प्रति नफरत फैलाने के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था। विक्टोरियन लिबरल पार्टी के सांसद ब्रैड बैटिन ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे को बताया कि, ए घटिया है। हमें ऐसा नहीं होने देना चाहिए।

## पाकिस्तान के जाने-माने व्यावसाई डी. अवारी का निधन

भाषा। कराची

**पाकिस्तान के** एक प्रमुख व्यवसाई, खिलाड़ी और पारसी समुदाय के समाजसेवी बायरम डी. अवारी का 81 साल की उम्र में कराची में निधन हो गया। उन्हें सोमवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अवारी के परिवार ने एक बयान में कहा कि लंबी बीमारी से जूझने के बाद रविवार को उनका निधन हो गया। उनके परिवार ने कहा कि अवारी को देश सेवा के लिए पाकिस्तान के राष्ट्रपति के प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया था। अवारी को बीच लक्ज़री होटल के परिसर के अंदर खोर्शेद विला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उन्हें एशियाई खेलों में पाकिस्तान के लिए नौकायन में दो स्वर्ण पदक जीतने के लिए जाना जाता था। पहला पदक उन्होंने 1978 में बैंकाक में मुनीर सादिक के साथ और दूसरा 1982 में नई दिल्ली में अपनी पत्नी गोशपी अवारी के साथ जीता था। समाजसेवी को आतिथ्य उद्योग की प्रमुख हस्ती के रूप में पहचाना जाता था और वह अवारी ग्रुप आफ कंपनीज के मालिक तथा चेयरमैन थे। यह समूह कराची और लाहौर में दो पंचतारा होटलों का संचालन करता है। इस समूह के दुबई और टोरंटो में भी होटल हैं। डॉन समाचारपत्र के अनुसार, प्रमुख कारोबारी अवारी ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कई साल तक अपने पारसी समुदाय का प्रतिनिधित्व भी किया तथा वह कराची पारसी अंजुमन के अध्यक्ष भी रहे।

# नेपाल विमान हादसा: पांचों भारतीयों के शवों की पहचान, भारत ले जाया गया



भाषा। काठमांडू

**नेपाल के रिसॉर्ट श**हर पोखरा में यति एयरलाइंस विमान हादसे में मारे गए सभी पांच भारतीयों के शवों की पहचान कर ली गई और उन्हें उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा (25), विशाल शर्मा (22), अनिल कुमार राजभर (27), सोनू जायसवाल (35) और संजय जायसवाल (26) के रूप में की गई है। 15 जनवरी को यति एयरलाइंस का विमान उतरने से कुछ मिनट पहले पोखरा में पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में उस समय 72 लोग सवार थे। सोमवार को सोनू जायसवाल के शव की पहचान हुई। चिकित्सकों ने रविवार को पीड़ितों के परिवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए सबूतों के आधार पर अनिल कुमार राजभर और अभिषेक कुशवाहा के शवों की पहचान की। शनिवार को विशाल शर्मा के शव की पहचान हुई। त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल के सूत्रों के मुताबिक, अस्पताल ने सोमवार को सोनू जायसवाल, अनिल कुमार राजभर, अभिषेक कुशवाहा और विशाल शर्मा के शव उनके परिजनों को सौंप दिए। परिवार के एक सदस्य ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि शव लेने के बाद परिजन भारत के लिए रवाना हो गए। संजय जायसवाल का शव उनके परिवार को सौंपे जाने के बाद पिछले सप्ताह भारत वापस ले जाया गया था। दुर्घटनास्थल से अब तक 71 शव बरामद किए जा चुके हैं और शेष एक व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# पाकिस्तान में ग्रिड में खामी के कारण बड़े पैमाने पर बिजली गुल



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** राष्ट्रीय ग्रिड में खराबी के कारण सोमवार को बड़े पैमाने पर बत्ती गुल रही जिससे राजधानी इस्लामाबाद और वित्तीय हब कराची समेत मुल्क के बड़े हिस्से में लाखों लोग बिना बिजली के रहे। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय ग्रिड में स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 34 मिनट पर खराबी आ गई जिससे बत्ती गुल हो गई। मंत्रालय ने ट्वीट किया, प्रणाली को ठीक करने का काम चल रहा है। ऊर्जा मंत्री खुर्म दस्तगीर ने कहा कि मरम्मत का काम चल रहा है। जियो न्यूज ने उनके हवाले से कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि देशभर में अगले 12 घंटे में बिजली पूरी तरह बहाल कर दी जाएगी। दस्तगीर ने बिजली प्रणाली में खराबी आने के बारे में कहा कि प्राधिकारियों ने ईंधन की लागत बचाने के लिए सर्दियों में कम मांग के कारण रात में बिजली उत्पादन प्रणाली बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि लेकिन सुबह जब प्रणाली चालू की गई तो दादू और जमशोरो के बीच कहीं फ्रीक्वेंसी तथा वोल्टेज में उतार-चढ़ाव देखा गया जिससे बिजली उत्पादन प्रणाली बंद हो गई। पाकिस्तान की वित्तीय राजधानी कराची में लोग जब आज सुबह उठे तो घर में बत्ती गुल थी। पाकिस्तान के अन्य शहरों में भी बिजली बड़े पैमाने पर गुल रही लेकिन कराची पर इसका सबसे ज्यादा असर हुआ। करीब 23 लाख से अधिक आबादी वाले कराची शहर में कुछ लोगों को पीने का पानी नहीं मिला क्योंकि पानी के पंप बिजली से चलते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब देश में इस तरह का संकट पैदा हुआ है। पिछले साल अक्टूबर में भी पाकिस्तान में बिजली वितरण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण 12 घंटे बत्ती गुल रही थी।

## बांग्लादेश ने रूस से अमेरिकी प्रतिबंधों के तहत जहाजों से माल नहीं भेजने के लिए कहा

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश** ने रविवार को रूस से आग्रह किया कि अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों के जरिए माल नहीं भेजा जाए और जोर देकर कहा कि ढाका नहीं चाहता कि वाशिंगटन के साथ उसके संबंध प्रभावित हों। विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने रूस से कहा है कि वे 69 जहाजों को छोड़कर अपने किसी भी जहाज के माध्यम से हमें माल भेज सकते हैं। मास्को द्वारा पिछले महीने बांग्लादेश के रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए उपकरण वितरित करने के वास्ते एक जहाज भेजे जाने के हफ्तों बाद उनकी टिप्पणी आई है। इस संयंत्र को रूसी सहायता से बनाया जा रहा है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ढाका ने पोत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। रूसी ध्वज वाहक - स्पार्टा तृतीय - सामान को उतारने के लिए 24 दिसंबर को बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी मोंगला बंदरगाह पर लंगर डालने के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन ढाका ने इस जहाज को बंदरगाह पर रोकने से इनकार कर दिया जबकि जहाज बंगाल की खाड़ी में उसके जलक्षेत्र तक पहुंच गया था।

# इमरान पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री की नियुक्ति को सुप्रीम कोर्टमें चुनौती देंगे

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में मोहसिन नकवी की नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। उन्होंने उन्हें अपनी पार्टी का दुश्मन बताया और देश को हल्के में लेने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की। नकवी को रविवार रात पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। इसके कुछ घंटे पहले ही पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने सर्वसम्मति से उन्हें इस पद पर नियुक्त करने का फैसला किया था। उनकी नियुक्ति सत्तारूढ़ दल और प्रांत में विपक्ष के बीच, इस पद के लिए एक नाम पर आम सहमति न बन पाने के बाद की गई। शहबाज द्वारा सुझाए गए दो उम्मीदवारों में से एक नकवी एक मीडिया हाउस के मालिक हैं और पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी के करीबी माने जाते हैं। खान की पार्टी पीटीआई नकवी को भ्रष्टाचार में जरदारी का मुखौटा कहती है। खान ने एक ट्वीट में कहा, पीएमएल-एन का अपने खुद के अंपायर चुनने का इतिहास रहा है, लेकिन यह अविश्वसनीय है कि कैसे ईसीपी ने पीटीआई के कट्टर दुश्मन को पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में चुना है। यह पद एक गैर-पक्षपातपूर्ण व्यक्ति के लिए है। पीटीआई प्रमुख ने जवाबदेही ब्यूरो को नकवी के सौदे की तस्वीर पोस्ट करते हुए अनुरोध किया कि उन्हें हैरिस स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में याचिका सौदा के रूप में 35 लाख का भुगतान करने की अनुमति दी जाए।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. ICICI Bank Limited that Mr. Harcharan Gandhi, Mr. Rajat Gandhi and Mr. Rohit Gandhi are owner of Flat No. 74 Single Storey admeasuring 80 Sq., Yds., Block C-6-B, Pankha Road, Janakpuri, New Delhi and have inherited the property after the death of Mrs. Usha Gandhi. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said floor to a person who intends to obtain loan from our client against the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large **Mr. Rukmesh** who is purchasing the **Residential Flat No. E-124-C on Ground Floor without roof rights area measuring 37.16 Sq. Mtrs. built on Plot No. K-124 Situated at sector-12, Pratap Vihar, Ghaziabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P.** from **Mrs. Savita Goyal** who had owner through **sale deed dated** through **22.03.2021**, from Mrs. Annu Sharma and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** However, **Original Sale Deed Dated 28.05.2008 & Sale Deed Dated 11.09.2003 and others pervious Original documents** has been lost and not available and an e-FIR has lodged on dated 21.01.2023 with LAR No. 20230000042591 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank
Sector 2, Noida, UP - 201301
Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE
OFFICE OF ELECTION OFFICER
ELECTION OF BOARD OF DIRECTORS OF THE ROSE MULTISTATE MULTIPURPOSE COOPERATIE SOCIETY LTD.
8E, Hansalaya Building, 15, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001
NOTICE
To,
**All the members-Rose Multistate Multipurpose Cooperative Society Ltd.,**
**All the Directors-Rose Multistate Multipurpose Cooperative Society Ltd.,**
Notice is hereby given that Rose Multistate Multipurpose Cooperative Society Ltd, do hereby call in accordance a special general Body meeting on 6th February, 2023 at 11.30 am at head office 8E, Hansalaya Building, 15, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001 for conducting election of Board of directors.
**Number of vacancies to be filled by Election:- 7 (Seven)**
Area of constituency from which members to be elected: Delhi, West Bengal, Bihar and JharkhandQualification if any: NA
Sd/-
Name - Dr. V.K. Dubey
Election/Returning officer
For Rose Multistate Multipurpose Cooperative Society Ltd

# यूक्रेन को टैंक भेजने के लिए जर्मनी से अनुमति मांगेगा पोलैंड

भाषा। वारसॉ (पोलैंड)



**पोलैंड के** प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी ने सोमवार को कहा कि पोलैंड यूक्रेन को लैपर्ड टैंक भेजने की जर्मनी से अनुमति मांगेगा। मोराविकी ने यह नहीं बताया कि यह अनुरोध कब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोलैंड लैपर्ड टैंक भेजने के लिए तैयार देशों का गठबंधन बना रहा है। उन्होंने विस्तार से जानकारी दिए बिना कहा कि यदि जर्मनी अनुमति नहीं देता है, तो भी पोलैंड अपना निर्णय स्वयं लेगा। मोराविकी ने कहा, हम (जर्मनी से) अनुमति मांगेंगे। उन्होंने कहा, यदि हमें अंततः यह अनुमति नहीं मिलती है, तो हम इस छोटे से गठबंधन के साथ मिलकर यूक्रेन को हमारे टैंक सौंपेंगे, भले ही जर्मनी इस गठबंधन में शामिल नहीं हो। जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बाएरबॉक ने फ्रांसीसी टीवी चैनल एलसीआई से रविवार को कहा कि उनकी सरकार को पोलैंड से कोई औपचारिक अनुरोध नहीं मिला है, लेकिन यदि हमसे पूछा जाता है, तो हम विरोध नहीं करेंगे। मोराविकी ने बाएरबॉक के इस बयान के संबंध में कहा कि दबाव डालना समझ में आता है और उनके शब्द यह उम्मीद देते हैं कि जर्मनी भी गठबंधन में शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि बाएरबॉक ने एक अलग संदेश भेजा है जो आशा की एक किरण देता है कि जर्मनी अब बाधा उत्पन्न नहीं करेगा और यूक्रेन के समर्थन में भारी, आधुनिक उपकरण संभवतः उपलब्ध कराएगा। मोराविकी ने पोजनान में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम बर्लिन में सरकार पर अपने लैपर्ड उपलब्ध कराने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। मोराविकी के अनुसार, जर्मनी के पास 350 से अधिक सक्रिय लैपर्ड और भंडारण में लगभग 200 लैपर्ड हैं। यूक्रेन सरकार का कहना है कि रूस की आक्रमणकारी ताकतों पर हावी होने के लिए टैंक और विशेष रूप से जर्मन निर्मित लैपर्ड महत्वपूर्ण हैं। जर्मनी यूक्रेन को हथियार देने वाले मुख्य देशों में शामिल है और उसने संभावित हरी झंडी के लिए अपने लैपर्ड 2 भंडार की समीक्षा का आदेश दिया है, लेकिन जर्मन सरकार यूक्रेन को लेकर प्रतिबद्धता बढ़ाने की दिशा में हर कदम सावधानी से रख रही है।

## बिगड़ते संबंधों के बीच रूस और एस्टोनिया ने एक-दूसरे के राजदूतों को निष्कासित किया

**मॉस्को।** रूस और एस्टोनिया ने सोमवार को जैसे-का-तैसा कार्वाई के मद्देनजर एक-दूसरे के राजदूतों को निष्कासित कर दिया और कहा कि देश में उनके राजनयिक मिशनों का जिम्मा दूतावास प्रभारी संभालेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने एस्टोनिया के राजदूत मारगस लेट्रे को तलब किया और उन्हें सात फरवरी तक देश छोड़ने का आदेश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि यूरोपीय संघ के देश एस्टोनिया के मास्को स्थित दूतावास में देश का राजनयिक प्रतिनिधित्व अब दूतावास प्रभारी करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि तालिन में रूसी दूतावास में कर्मचारियों की संख्या को अचानक कम करने के एस्टोनिया के मित्रता विरोधी कदम के विरोध में ऐसा किया गया है। इसके प्रतिक्रिया स्वरूप एस्टोनिया के विदेश मंत्री उर्मास रेइन्सालु ने कहा कि समानता के सिद्धांत के तहत रूसी राजदूत भी सात फरवरी को देश छोड़ देंगे। एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने इस महीने की शुरूआत में रूस को आदेश दिया था कि वह अपने दूतावास में कर्मचारियों की संख्या को एक फरवरी तक घटाकर आठ राजनयिक और 15 प्रशासनिक, तकनीकी और सर्विस स्टाफ तक कर दे।

## नाटो में शामिल होने के स्वीडन के प्रयासों का समर्थन नही करेगा तुर्किए : एर्दोआन

भाषा। इस्तांबुल (तुर्किए)

**तुर्किए** के राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता और कुर्द समर्थक समूहों द्वारा स्टॉकहोम में सप्ताहांत के विरोध प्रदर्शन के बाद स्वीडन को नाटो सदस्यता के लिए अंकारा के समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन ने शनिवार को रासमुस पलुदन के कुरान जलाने संबंधी विरोध की निंदा करते हुए कहा कि यह सभी का अपमान है, खासकर मुसलमानों का। उन्होंने स्टॉकहोम में तुर्किए दूतावास के बाहर प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए स्वीडिश अधिकारियों की भी आलोचना की। एर्दोआन ने कुर्द-समर्थक विरोध के लिए भी स्वीडन की आलोचना की, जहां प्रदर्शनकारियों ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके सहित विभिन्न कुर्द समूहों के झंडे लहराए। इस संगठन ने तुर्किए के खिलाफ दशकों से विद्रोह छेड़ रखा है। पीकेके को तुर्किए, यूरोपीय संघ और अमेरिका में एक आतंकवादी समूह माना जाता है, लेकिन स्वीडन में इसके प्रतीकों पर प्रतिबंध नहीं है। एर्दोआन ने कहा, तो आप आतंकी संगठनों को बेखौफ चलने देंगे और फिर नाटो में शामिल होने के लिए हमारे समर्थन की उम्मीद करेंगे? ऐसा नहीं होने जा रहा है। वह सैन्य गठजोड़ में शामिल होने के स्वीडन व फिनलैंड के प्रयासों के संदर्भ में कह रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर स्वीडन तुर्किए या मुसलमानों का सम्मान नहीं करेगा, तो उन्हें नाटो के मुद्दे पर हमसे कोई समर्थन नहीं मिलेगा।

# सेना प्रमुख जनरल पांडे ने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर चौकियों का दौरा किया

भाषा। नई दिल्ली

**तवांग सेक्टर** में भारतीय और चीनी सेना के बीच पिछले महीने झड़प के बाद अरुणाचल प्रदेश के पहले दौरे में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की सैन्य तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। जनरल पांडे ने रविवार को अपनी यात्रा के दौरान शेष अरुणाचल प्रदेश (आरएएलपी) में चीन के साथ वास्तविक सीमा के साथ-साथ रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुछ अन्य चौकियों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में वरिष्ठ कमांडरों ने सेना प्रमुख को सीमावर्ती क्षेत्रों में समग्र सुरक्षा परिदृश्य के बारे में जानकारी दी।

सेना ने ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे ने पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर तैनात सैन्य व्यूह रचना, टुकड़ियों का जायजा लिया और उन्हें परिचालन तैयारियों और सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सेना प्रमुख ने सैनिकों को कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए बधाई दी और सभी से समान उत्साह तथा समर्पण के साथ काम करना जारी रखने का आह्वान किया। शनिवार को जनरल मनोज पांडे ने कोलकाता में पूर्वी सेना कमान के मुख्यालय के दौरे के दौरान अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में एलएसी पर सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एलएसी से लगे एक क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के छह सप्ताह बाद जनरल पांडे ने महत्वपूर्ण कमान का दौरा किया। पूर्वी कमान अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम सेक्टर में एलएसी की देखभाल करती है।

नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर के यांग्त्से में एलएसी पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव पैदा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 दिसंबर को संसद में कहा था कि चीनी सैनिकों ने यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने अपनी दृढ़ और मजबूत प्रतिक्रिया से उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। जनरल पांडे ने 12 जनवरी को कहा था कि चीन के साथ सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन अप्रत्याशित है और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से भारतीय सैनिकों को तैनात किया गया है। पूर्वी लद्दाख के अलावा, भारतीय सेना अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में एलएसी के साथ बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के बाद, भारतीय सेना ने एलएसी के साथ-साथ पूर्वी क्षेत्र में भी अपनी परिचालन क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है।

# मोरबी पुल हादसाः ओरेवा समूह के एमडी जयसुख पटेल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**मोरबी।** गुजरात की एक अदालत ने मोरबी में गत 30 अक्टूबर को पुल ध्वस्त होने की घटना के सिलसिले में ओरेवा समूह के प्रबंध निदेशक (एमडी) जयसुख पटेल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। मच्छु नदी पर निर्मित ब्रिटिश काल के इस पुल के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा समूह) की थी। पुल के ध्वस्त होने पर राज्य सरकार की ओर से कंपनी की ओर से कई तरह की लापरवाही बरते जाने का हवाला देते हुए एक विशेष जांच टीम गठित की गई थी। मोरबी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमजे खान ने अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा समूह) के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पीड़ितों की ओर से अधिवक्ता दिलीप अगेचनिया ने कहा कि इस तरह की कार्वाई को लेकर एक हफ्ते पहले पुलिस की ओर से अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 70 के तहत पुलिस की ओर से एक अर्जी मिलने के बाद अदालत ने यह कदम उठाया।

अगेचनिया ने सोमवार को कहा, जैसा कि इस मामले के जांच अधिकारी ने अनुरोध किया था, मोरबी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमजे खान ने अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 70 के तहत पटेल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामजद पटेल ने पुल ध्वस्त होने के मामले में अपनी गिरफ्तारी के डर से मोरबी सत्र अदालत में 20 जनवरी को गुहार लगाकर अग्रिम जमानत देने का अनुरोध किया था। लेकिन अदालत ने सुनवाई को एक फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया है, क्योंकि लोक अभियोजक मौजूद नहीं थे। अजंता मैन्युफैक्चरिंग के चार कर्मचारियों समेत कुल नौ लोगों को अब तक इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।



अगरतला में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर रैली निकालते हुए विद्यार्थी

## ओडिशा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और मिजोरम के लुंगलेई दमकल केंद्र को मिला केंद्रीय सम्मान

**नई दिल्ली।** ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और मिजोरम के लुंगलेई दमकल केंद्र को आपदा प्रबंधन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु केंद्रीय पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। दोनों को संस्थागत श्रेणी में यह पुरस्कार दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा करने और अमूल्य योगदान देने वाले लोगों और संगठनों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार की स्थापना की थी। गृह मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि वर्ष 2023 के लिए ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) और मिजोरम स्थित लुंगलेई दमकल केंद्र (एलएफएस) को संस्थागत श्रेणी में इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस पुरस्कार की घोषणा 23 जनवरी को महान स्वतंतत्रा सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की गई है।

# परमाणु परीक्षण के बाद विभिन्न देशों को साथ लाने की कूटनीति के लिए जयशंकर ने अटल की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में 1998 में हुए परमाणु परीक्षण को केवल एक परीक्षण के नजरिए से ही नहीं देखना चाहिए बल्कि इसके बाद हुई सघन कूटनीति के रूप में देखा जाना चाहिए जिसके फलस्वरूप दो वर्षों में ही भारत दुनिया के प्रमुख देशों को साथ ला सका। तृतीय अटल बिहारी वाजपेई स्मृति व्याख्यान के दौरान अपने संबोधन में जयशंकर ने यह बात कही। यह व्याख्यान सिंगापुर के विदेश मंत्रालय के पूर्व स्थाई सचिव बिल्हारी कौशिकन ने दिया।

जयशंकर ने अपने संबोधन में भारत की विदेश नीति को आकार देने में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने एक सांसद, विदेश मंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेई के चीन, पाकिस्तान, अमेरिका, रूस जैसे देशों के साथ भारत के संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों का जिक्र किया।

विदेश मंत्री ने 1998 के परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि हम उस परमाणु परीक्षण का वाजपेई जी से जोड़कर उल्लेख करते हैं और वास्तव में इसके बाद ही हम परमाणु शक्ति बने। वाजपेई सरकार की कूटनीति की प्रशंसा करते हुए जयशंकर ने कहा, इसे केवल एक परीक्षण (परमाणु परीक्षण) के रूप में ही नहीं देखें..कृपया इसके बाद हुई कूटनीति के नजरिए से भी इसे देखें। इसके केवल दो वर्षों में ही हम दुनिया के प्रमुख देशों को जोड़ सके, उन्हें साथ ला सके। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप ही तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, आस्ट्रेलिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री जॉन हावर्ड, जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाई मोरी, तत्कालीन फ्रांसीसी राष्ट्रपति जैक शिराक का दौरा संभव हो सका।

विदेश मंत्री ने कहा कि यह सब परमाणु परीक्षण के बाद की कूटनीति के कारण ही हो सका और जो भी उस समय कूटनीति के क्षेत्र में रहा होगा, उसने यह अनुभव किया होगा। उन्होंने बताया कि वह (जयशंकर) उस समय जापान में पदस्थ थे और परमाणु परीक्षण के बाद उस देश के साथ संबंध प्रभावित हुए थे लेकिन वाजपेई जी की बुद्धिमत्ता एवं परिपक्वता के कारण ही हम इससे निपटने में सफल रहे। जयशंकर ने कहा कि एक सांसद, विदेश मंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेई ने वास्तव में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और नीतिगत परिचर्चा को आकार देने में महत्वपूर्व योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में संबंध बदलाव के दौर से गुजर रहे थे तब अमेरिका के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने और साथ ही रूस के साथ रिश्तों को सतत रूप से जारी रखने एवं इसमें स्थिरता लाने में उनका योगदान अहम है।

# आप और शिअद ने पंजाब की झांकी गणतंत्र दिवस परेड के लिए खारिज करने को लेकर केंद्र पर निशाना साधा

**चंडीगढ़।** पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी शिअद ने पंजाब की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड़ के लिए कथित तौर पर खारिज करने पर सोमवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा। पंजाब के वित्तमंत्री व आप के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब की झांकी को हमेशा गणतंत्र दिवस परेड में जगह मिलती थी जिसमें वह राज्य की समृद्ध संस्कृति और गत वर्षों में हुए विकास को प्रदर्शित करता था। उन्होंने कहा कि इस बार पंजाब अपनी झांकी के जरिए देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों द्वारा दी गई कुबार्नी को प्रदर्शित करने वाला था, लेकिन केंद्र ने जानबूझकर उसे (पंजाब को) इस साल (गणतंत्र दिवस परेड में) रोका।

चीमा ने यह टिप्पणी इस साल गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब की झांकी को शामिल नहीं किए जाने के सवाल पर की। उन्होंने आरोप लगाया, ...केंद्र सरकार पंजाब के साथ-साथ दिल्ली और पंजाब की आप सरकारों के साथ भेदभाव कर रही है।

शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी इस मामले को लेकर केंद्र पर निशाना साधा। बादल ने ट्वीट किया, यह जानकर स्तब्ध हूं कि भारत सरकार ने 74वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंजाब की झांकी खारिज कर दी। इसका अभिप्राय है कि हमें अपनी संस्कृति और स्वतंतत्रा संग्राम में योगदान को प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं दी गई। भारत सरकार से फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान करता हूं। मैं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जागने और इस मुद्दे को भारत सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने की अपील करता हूं।

## क्विक न्यूज

### अदालत ने गवाह से आमने-सामने जिरह कराने का यासीन मलिक का अनुरोध मानने से किया इनकार

**जम्मू।** जम्मू की एक विशेष अदालत ने वायुसेना के चार कर्मियो की हत्या संबंधी 1990 के एक मामले के मुख्य गवाह से आमने-सामने जिरह कराने का जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख यासिन मलिक का अनुरोध स्वीकार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। एक वकील ने यह जानकारी दी। मलिक आतंकवादी गतिविधियो के लिए धन मुहैया कराने के मामले मे दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। मलिक ने अनुरोध किया था कि उसे जम्मू की अदालत में गवाहों से आमने-सामने जिरह करने की अनुमति दी जाए। मलिक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुआ। वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं सीबीआई की वकील मोनिका कोहली ने बताया कि मलिक से पूछा गया था कि क्या वह मामले के मुख्य गवाह वी के शर्मा से जिरह करना चाहता है। मलिक ने इनकार कर दिया और अपना रुख दोहराया कि वह शर्मा से अदालत में आमने-सामने जिरह करना चाहता है। अदालत ने उसका यह अनुरोध स्वीकार नही किया। शर्मा ने 25 जनवरी, 1990 को श्रीनगर के बाहरी इलाके मे चार वायुसेना कर्मियों की हत्या में शामिल आतंकवादियों में से एक के रूप में मलिक की पहचान की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मलिक के खिलाफ एनआईए (केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण) के लंबित मामलो के कारण 22 दिसंबर, 2022 से एक साल के लिए तिहाड़ जेल से बाहर जाने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। मलिक को छह अन्य लोगो के साथ मामले मे आरोपी बनाया गया है। सीबीआई द्वारा जम्मू में एक विशेष टाडा अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल करने के 20 साल बाद 2020 में आरोपियो के खिलाफ आरोप तय किए गए थे।

### भाजपा नीत केंद्र सरकार को गोडसे पर आने वाली फिल्म को प्रतिबंधित करना चाहिएः ओवैसी

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार से मांग की है कि वह महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे पर आने वाली हिंदी फिल्म पर उसी तरह प्रतिबंध लगाए जैसे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर लगाया गया है। यहां रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि भारत सरकार को स्पष्ट रुख अपनाना होगा और फिल्म गांधी गोडसे-एक युद्ध पर प्रतिबंध लगाना होगा तथा इसे किसी सिनेमाघर मे प्रदर्शित न करने दिया जाए। हैदराबाद के सांसद ने कहा, मोदी सरकार ने यूट्यूब और ट्विटर पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को भारत में औपनिवेशिक काल के कानूनों के आधार पर प्रतिबंधित कर दिया।

### नेताजी की कार कटक लाने की मांग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार द्वारा जनता के दर्शन के लिए यहां हवाई अड्डे पर बीजू पटनायक के डकोटा विमान को रखने के प्रयासो के साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की बेबी ऑस्टिन कार को कटक के ओडिया बाजार मे उनके जन्मस्थान जानकीनाथ भवन में लाने की मांग की जा रही है। महान स्वतंत्रता सेनानी ने 1930 से 1941 तक इस कार का इस्तेमाल किया था और कथित तौर पर कोलकाता से बर्मा तक की यात्रा की थी लेकिन कार का कोई अता पता नही है। कटक स्थित नेताजी फाउंडेशन ने सोमवार को दावा किया कि ऐसी मीडिया रिपोर्टे है कि वाहन 2014 मे धनबाद के बरारी कोक प्लांट में स्थित था। नेताजी फाउंडेशन ने कटक के कलेक्टर भबानी शंकर चयनी को एक ज्ञापन भी भेजा है।

### पूर्व मंत्री नवाब मलिक के बेटे-बहू को अग्रिम जमानत मिली

**मुंबई।** यहां की सत्र अदालत ने सोमवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के बेटे फराज और उनकी फ्रांसीसी बहू लॉरा हेमलिन उर्फ आयशा को वीजा अवधि विस्तार कराने के लिए कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा कराने के मामले मे अग्रिम जमानत दे दी। न्यायाधीश एम.जी. देशपांडे ने दंपति की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली। मुंबई के उपनगर स्थित कुर्ला पुलिस थाने मे पिछले सप्ताह दोनो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। फ्रांसीसी नागरिक हेमलिन ने पर्यटन वीजा को दीर्घावधि निवास वीजा मे परिवर्तित कराने के लिए दिए गए आवेदन में कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा किए थे। दंपति ने आरोपो से इनकार करते हुए कहा था कि वे एजेंट द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा के शिकार हुए है।

### उपभेक्ता को मिलेगा लाभ

**मुंबई।** कोटक सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने मध्य प्रदेश की ब्रोकरेज फर्म इंदौर स्थित अग्रणी एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ के साथ साझेदारी की घोषणा की है। एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ के क्लाइंट्स मध्य प्रदेश महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु और कर्नाटक में फैले हैं। इस साझेदारी के तहत कोटक सिक्योरिटीज़, एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ के 30000 से अधिक निवेशकों और क्लाइंट्स को कवर करेगा। यह साझेदारी कोटक सिक्योरिटीज़ एवं एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटी दोनों के क्लाइंट्स को तकनीक उन्मुख निवेश उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर जयदीप हंसराज एमडी एवं सीईओए ने कहा कि हमें खुशी है।

# आज तक राखी सावंत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को शहर की पुलिस को अभिनेत्री राखी सावंत के खिलाफ मंगलवार तक कोई कार्वाई नहीं करने का निर्देश दिया। राखी के खिलाफ एक मॉडल ने कथित रूप से अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने और प्रदर्शित करने के लिए मामला दर्ज कराया था। सावंत ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। राखी के वकील ने सोमवार को न्यायमूर्ति एम. एस. कार्णिक की एकल पीठ को बताया कि सावंत नवंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस की जांच में सहयोग कर रही हैं। न्यायमूर्ति कार्णिक ने मामले को मंगलवार को सुनवाई के लिए सुरक्षित रखा और पुलिस को तब तक उसके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं करने का निर्देश दिया।

अतिरिक्त लोक अभियोजक द्वारा पीठ को सूचित किया गया कि सावंत पिछले सप्ताह पूछताछ के लिए पुलिस के सामने पेश हुई थी, उन्होंने अपना फोन पुलिस को सौंपने से पहले उक्त वीडियो को हटा दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस अब सावंत पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाएगी।

न्यायमूर्ति कार्णिक ने सावंत के वकील को इस पर निर्देश लेने को कहा। अभिनेत्री की शिकायत के बाद मुंबई में अंबोली थाने में सावंत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 500 (मानहानि), 504 (जानबूझकर अपमान) और 509 (किसी महिला की लज्जा भंग करने के उद्देश्य से शब्द, हावभाव या कृत्य) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 (इलेक्ट्रॉनिक रूप से अश्लील सामग्री का प्रसारण) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पिछले सप्ताह एक सत्र अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करने के बाद सावंत ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

## नगालैंड को आईपीएस अधिकारी रूपिन शर्मा को डीजीपी नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को नगालैंड सरकार को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रूपिन शर्मा को राज्य का पुलिस महानिदेशक नियुक्त करने का आदेश जारी करे। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमणियन और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने नगालैंड सरकार के इस अनुरोध पर विचार करने से इंकार कर दिया कि संघ लोक सेवा आयोग से राज्य के पुलिस प्रमुख के रूप में नियुक्ति के लिए यूपीएससी के तीन नामों की सूची में शामिल होने के लिए सेवा अवधि के मानदंड को 30 साल से घटा कर 25 साल करने को कहा जाए। यूपीएससी को राज्य सरकार और अन्य पक्षकारों से सलाह-मशवरे के बाद तीन वरिष्ठ अधिकारियों की सूची तैयार करनी होती है, राज्य सरकार एक की नियुक्त डीजीपी के रूप में कर सकती है। पीठ ने कहा कि आईपीएस अधिकारियों के लिए सेवा अवधि के मानदंड को 30 साल से घटाकर 25 साल करने के मुद्दे पर यूपीएससी और केन्द्रीय गृह मंत्रालय फैसला कर सकते हैं। राज्य सरकार ने यह दलील दी थी कि नगलैंड जैसे छोटे राज्य में 30 साल की सेवा अवधि वाले तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का होना मुश्किल है।

# कश्मीर में शीतलहर तेज हुई, स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नौ डिग्री नीचे

भाषा। **श्रीनगर**

**आसमान साफ** रहने के कारण पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आई तथा गुलमर्ग स्कीइंग रिजॉर्ट में तापमान शून्य से नौ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार दिन की बारिश और बर्फबारी के बाद रविवार दोपहर से ही कश्मीर में सूरज लुकाछिपी का खेल खेल रहा है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो शनिवार रात के 1.0 डिग्री सेल्सियस तापमान से नीचे है। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.9 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में पिछली रात तापमान शून्य से 0.5 डिग्री कम था।

बारामूला जिले के गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 9.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। यह प्रसिद्ध स्की-रिसॉर्ट जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा। सालाना अमरनाथ यात्रा के दौरान आधार शिविर की भूमिका निभाने वाले पहलगाम का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने कहा कि शुक्रवार को छोड़कर अगले पांच दिनों में केंद्र शासित प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात की संभावना है।

मौसम कार्यालय ने कश्मीर के मैदानी इलाकों में मध्यम हिमपात और मध्यम से भारी हिमपात तथा जम्मू में बारिश की संभावना के साथ सोमवार से बुधवार तक अधिक वर्षा होने का अनुमाान जताया है। उनके अनुसार, शनिवार और रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात हो सकता है। कश्मीर वर्तमान में चिल्लई कलां की चपेट में है। 40 दिनों की सबसे कठोर इस मौसम अवधि में बर्फबारी की संभावना अधिक होती है। चिल्लई कलां 21 दिसंबर से शुरू होता है और 30 जनवरी को समाप्त होता है। इसके बाद भी शीतलहर जारी रहती है और 20 दिन लंबा चिल्लई खुर्द तथा 10 दिन लंबा चिल्लई बच्चा चलता है।

# सही लड़की मिलने पर शादी करूंगा, माता-पिता की वजह से अपेक्षाएं बहुत ज्यादाः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सही लड़की मिलने पर शादी करेंगे और चूंकि, उनके माता-पिता की शादीशुदा जिंदगी बेहद खुशहाल थी, इसलिए अपनी जीवनसंगिनी को लेकर उनकी अपेक्षाएं काफी ज्यादा हैं। यू-ट्यूब पर फूड एवं ट्रेवल मंच कर्ली टेल्स के साथ हल्की-फुल्की बातचीत में राहुल (52) ने राजनीति से इतर कई विषयों पर चर्चा की, जिनमें उनके बचपन की यादों से लेकर पसंदीदा व्यंजन और व्यायाम से लगाव तक शामिल है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उन्हें शादी करने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अपने पिता राजीव गांधी और मां सोनिया गांधी की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता की शादीशुदा जिंदगी बेहद खुशहाल थी और वे एक-दूसरे से बेइंतेहां प्यार करते थे, इसलिए मेरी अपेक्षाएं बहुत ज्यादा हैं। राहुल ने कहा, सही लड़की मिलने पर मैं शादी कर लूंगा। मेरा मतलब है कि जब वो मिलेगी, तो अच्छा रहेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या अपनी जीवनसंगिनी में वांछित खूबियों को लेकर उन्होंने कोई सूची बना रखी है, राहुल ने कहा, नहीं। मुझे केवल एक प्रेम करने वाली लड़की चाहिए, जो समझदार भी हो। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण में राहुल के कंटेनर के बाहर डिनर के दौरान हुई इस बातचीत का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को ट्विटर पर साझा किया। वीडियो में राहुल यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वह खाने में ज्यादा मीन-मेख नहीं निकालते और जो कुछ भी उपलब्ध रहता है, खा लेते हैं, लेकिन उन्हें मटर और कटहल पसंद नहीं है। सितंबर 2022 में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने वाले राहुल फिलहाल जम्मू-कश्मीर में हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि घर पर वह अपने खानपान को लेकर बहुत सख्त हैं, लेकिन यात्रा के दौरान उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि तेलंगाना का भोजन उनके हिसाब से थोड़ा तीखा और चटपटा है। वहां के खाने में मिर्च थोड़ी ज्यादा रहती थी। मैं इतनी ज्यादा मिर्च नहीं खाता। यह पूछे जाने पर कि उनके घर पर कैसा खाना बनता है, राहुल ने बताया कि दिन में देसी खाना बनता है और रात में कोई कॉन्टिनेंटल (यूरोपीय देशों का)व्यंजन। वह संयमित आहार लेते हैं और मीठा खाने से परहेज करते हैं। वह मांसाहार के शौकीन हैं और उन्हें चिकन, मटन और समुद्री आहार, सब पसंद है। पसंदीदा व्यंजन के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें चिकन टिक्का, सीख कबाब और ऑमलेट खाना अच्छा लगता है। वह सुबह एक कप कॉफी पीना पसंद करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में खाने की अपने पसंदीदा जगहों का जिक्र करते हुए



राहुल ने कहा कि पहले वह पुरानी दिल्ली जाया करते थे, लेकिन अब उन्हें मोती महल, सागर, स्वागत और सरवण भवन का खाना पसंद है। मोती महल में मुगलई व्यंजन परोसा जाता है, जबकि सागर, स्वागत और सरवण भवन अपने दक्षिण भारतीय व्यंजनों के लिए जाने जाते हैं। राहुल ने कहा कि वह एक कश्मीरी पंडित परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जो उप्र के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में बस गया था। अपने दादा फिरोज खान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरे दादा एक पारसी थे। मैं पूरी तरह से मिश्रित (नस्ल का) हूं।

राहुल ने कहा कि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उनकी पढ़ाई-लिखाई घर पर ही हुई। इस घटना के बाद उनके पिता राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने उस समय को करते हुए कहा, यह वाकई में सदमे जैसे था। सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि हम स्कूल नहीं जा सकते। मैं एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाई कर रहा था, लेकिन दादी की हत्या से पहले उन्होंने हमें वहां से निकाल लिया था। जब दादी की हत्या हो गई, तब उन्होंने हमें वापस नहीं जाने दिया। राहुल ने कहा कि स्कूल में कुछ शिक्षक उनसे बहुत अच्छी तरह से पेश आते थे, लेकिन कुछ उनके परिवार की गरीब-हितैषी राजनीति के कारण उनके साथ रूखा व्यवहार करते थे। मैं एक साल सेंट स्टीफन में था और मैंने वहां इतिहास की पढ़ाई की। इसके बाद मैं हार्वर्ड विवि चला गया, जहां मैंने अंतरराष्ट्रीय संबंध और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की। कांग्रेस नेता ने बताया कि मई 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गईं। उन्हें फ्लोरिडा के रोलिंस कॉलेज भेज दिया गया, जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंध और अर्थशास्त्र की पढ़ाई की।

# मुस्लिम युवाओं को कट्टरता के रास्ते पर धकेला जाना देश की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौतीः दस्तावेज

**नई दिल्ली।** कट्टरता फैलाना, खासकर मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक है और कट्टरपंथी संगठनों का मुकाबला करने के लिए उदारवादी मुस्लिम नेताओं तथा धर्मगुरुओं को भरोसे में लेना जरूरी है। सुरक्षा सम्मेलन में प्रस्तुत एक दस्तावेज में यह कहा गया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शिरकत की थी। भारतीय पुलिस सेवा के कुछ अधिकारियों द्वारा लिखे गए और पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के हाल में संपन्न सम्मेलन में प्रस्तुत दस्तावेज में उल्लेख किया गया है कि भारत में धार्मिक कट्टरवाद का उभार, मुख्य रूप से धामिक प्रचार, संचार के आधुनिक साधनों की आसान उपलब्धता, विशेष रूप से कूट संदेश भेजने समेत सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तान द्वारा इन कट्टरपंथी समूहों को प्रोत्साहित करने के कारण हुआ है।

तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और देश के करीब 350 शीर्ष पुलिस अधिकारी शामिल हुए। दस्तावेज में कहा गया, कट्टरवाद, विशेष रूप से मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाया जाना हमारे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। भारत में कई कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन सक्रिय हैं, जो मुस्लिम युवाओं को कट्टरता के रास्ते पर धकेलने में संयुक्त रूप से लिप्त हैं। उनमें मुस्लिम समुदाय के लोगों की सोच को दूषित करने, उन्हें हिंसा के रास्ते पर धकेलने तथा साझा संस्कृति के खिलाफ काम करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है।

दस्तावेज में कहा गया कि इसके मद्देनजर सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में कट्टरपंथी संगठनों से निपटना अनिवार्य और प्राथमिकता बन जाता है। दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि ए संगठन इस्लामिक धर्मग्रंथों और अवधारणाओं की कट्टरपंथी व्याख्या करते हैं। दस्तावेज के मुताबिक वे मुस्लिम लोगों में पीड़ित होने की भावना भी पैदा करते हैं। उनका उपदेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता जैसे आधुनिक मूल्यों के खिलाफ जाता है। दस्तावेज में कहा गया कि भारत में हाल में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), एक और प्रतिबंधित समूह सिमी, वहदत-ए-इस्लामी, इस्लामिक यूथ फेडरेशन, हिज्ब-उत तहरीर और अल-उम्मा कुछ मुस्लिम संगठन हैं, जो इस श्रेणी में फिट बैठते हैं। इन मुस्लिम संगठनों में पीएफआई सबसे शक्तिशाली कट्टरपंथी संगठन है। यह 2006 में गठन के बाद से दक्षिण भारत स्थित तीन संगठनों के विलय से एक राष्ट्रीय स्तर के संगठन के रूप में विकसित हुआ।

# न्यूजीलैंड पर क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

## मध्यक्रम पर होंगी टीम इंडिया की निगाहें

**भाषा।** इंदौर



**पहले दो** मैचों में जीत दर्ज करके उत्साह से ओतप्रोत भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी जिसमें उसके मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। श्रृंखला पहले अपने नाम करने के कारण भारत इस मैच में अपनी गेंदबाजी में कुछ बदलाव कर सकता है। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने पहले मैच में दोहरा शतक जड़ा और कम स्कोर वाले दूसरे मैच में 40 रन की पारी खेली। कप्तान रोहित शर्मा ने भी अच्छी शुरुआत की है और वह उसे बड़े स्कोर में बदलना चाहेंगे। भारतीय टीम श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के बावजूद इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ होगी कि अभी तक केवल गिल और रोहित ही रन बना पाए हैं। यह भी सच्चाई है कि अन्य बल्लेबाजों को पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं ऐसे में ईशान किशन, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों के पास मैच परिस्थिति में बल्लेबाजी अभ्यास का अच्छा मौका होगा। विराट कोहली को बाएं हाथ के स्पिनरों को खेलने में फिर से परेशानी हो रही है। इस करिश्माई बल्लेबाज को मिशेल सैंटनर ने लगातार आउट किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले चार पारियों में तीन शतक जड़ने वाले कोहली पिछले दो वनडे मैचों में सस्ते में आउट हो गए थे क्योंकि न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर उनकी कमजोरी को उजागर कर दिया था। इस साल जबकि विश्व कप होना है तब कब कोहली अपनी इस कमजोरी से जल्द से जल्द पार पाना चाहेंगे। श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार से अच्छी पारियों की उम्मीद थी लेकिन टी20 में धमाल मचाने वाला यह बल्लेबाज श्रृंखला के पहले मैच में नाकाम रहा। हार्दिक भी मध्यक्रम में पर्याप्त योगदान नहीं दे पा रहे हैं। भारत को इस सप्ताह के आखिर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला भी खेलनी है और इसके बाद वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला खेलेगा और ऐसे में टीम प्रबंधन कुछ खिलाड़ियों को विश्राम देकर रजत पाटीदार को पदार्पण का मौका दे सकता है। पाटीदार ने घरेलू स्तर पर अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। गेंदबाजी विभाग में भी बदलाव किया जा सकता है तथा तेज गेंदबाज उमरान मलिक और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम में रखा जा सकता है। भारतीय गेंदबाजों ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड के छह विकेट 131 रन पर निकालने के बाद उसे 300 से अधिक रन बनाने का मौका दिया था लेकिन रायपुर में दूसरे मैच में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और हार्दिक ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि स्पिनरों ने भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। न्यूजीलैंड इस मैच में जीत दर्ज करके भारत को क्लीनस्वीप करने से रोकने की पूरी कोशिश करेगा और इससे टी20 श्रृंखला से पहले अपना मनोबल भी बढ़ाना चाहेगा। न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी में पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खल रही है। न्यूजीलैंड के चोटी के छह बल्लेबाजों ने पिछली 30 पारियों में केवल सात अवसरों पर 40 या इससे अधिक रन की पारी खेली है। उनके बल्लेबाजी क्रम में अभी तक केवल माइकल ब्रेसवेल ही प्रभाव छोड़ पाए हैं। उनके अलावा हैदराबाद में पहले मैच में सैंटनर ने भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। होलकर स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है और यहां गेंदबाजों को बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

### भारतीय क्रिकेटरों, अंपायरों ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में पूजा की

**उज्जैन।** न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम, अंपायरों और अधिकारियों ने सोमवार सुबह यहां प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया और तड़के होने वाली भस्म आरती मे भाग लिया। मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने पीटीआई भाषा को बताया कि सुबह की आरती मे हिस्सा लेने और महाकाल देवता को जल अर्पित करने वालों मे वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और सूर्यकुमार यादव शामिल थे। उज्जैन के लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया ने धार्मिक नगरी मे उनका स्वागत किया। गुरु ने कहा कि बाद मे 25 लोगो के दल ने आशीर्वाद लेने के लिए महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत श्री विनीत गिरि जी महाराज के आवास का दौरा किया। भारत न्यूजीलैड के खिलाफ तीन मैचो की एकदिवसीय श्रंखला मे 2-0 से आगे है। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को उज्जैन से लगभग 55 किलोमीटर दूर इंदौर के होलकर स्टेडियम मे खेला जाना है।

### विलियमसन की अनुपस्थिति से नए संयोजन आजमाने का मौका मिला: मिशेल

**इंदौर।** न्यूजीलैड को भारत के खिलाफ वर्तमान एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान भले ही केन विलियमसन और अन्य सीनियर खिलाड़ियों की कमी खल रही हो लेकिन ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का मानना है कि इससे टीम को नया संयोजन आजमाने और अलग तरह का संतुलन पैदा करने का मौका मिला। विलियमसन के अलावा न्यूजीलैड को इस श्रृंखला में तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की सेवाएं भी नही मिल रही है जबकि कोच गैरी स्टीड भी टीम के साथ नही है। मिशेल ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि केन की अनुपस्थिति टीम के लिए कुछ नए संयोजन आजमाने और अलग तरह का संतुलन पैदा करने के अलावा कुछ खिलाड़ियों को भारत में खेलने का अनुभव दिलाने का अच्छा मौका है।

# इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए वनडे मुकाबलों में अजेय रहा है भारत

**भाषा।** इंदौर



**पहले दोनों** मैच में जीत दर्ज करके एकदिवसीय श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम अब उस होलकर स्टेडियम में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए उतरेगी जहां उसने अभी तक खेले गए सभी वनडे मैचों में जीत दर्ज की है। होलकर स्टेडियम में सीमित ओवरों के एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में हालांकि न्यूजीलैंड पहली बार मेजबान भारत के सामने होगा, लेकिन मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के इस स्टेडियम का 17 साल पुराना रिकॉर्ड भारत के पक्ष में रहा है। मेजबान भारतीय टीम इस मैदान पर 2006 से लेकर 2017 के बीच आयोजित सभी पांच एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत का झंडा फहराते आई है और इस प्रारूप में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया को धूल चटा चुकी है। उधर, न्यूजीलैंड ने होलकर स्टेडियम में अब तक टेस्ट मैच के रूप में केवल एक मुकाबला खेला है। 2016 में आयोजित इस मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 321 रन के विशाल अंतर से मात दी थी। गौरतलब है कि यह मुकाबला करीब 27,000 दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम के इतिहास का पहला टेस्ट मैच था। स्टेडियम में मंगलवार को खेले जाने वाले एक दिवसीय मैच में न्यूजीलैंड टीम जारी श्रृंखला की पिछली दो हार का कुछ हिसाब चुकता कर इस मैदान पर पहली बार जीत का स्वाद चखना चाहेगी। गौरतलब है कि रायपुर में 21 जनवरी को खेले गए एक दिवसीय मैच में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने न्यूजीलैंड के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया था जिससे मेजबान टीम ने आठ विकेट की जीत के साथ ही तीन मुकाबलों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त बना ली थी इस बीच, होलकर स्टेडियम में करीब छह साल बाद होने जा रहे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। मैच से एक दिन पहले सोमवार को स्टेडियम के आस-पास खासकर युवा क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा देखा गया।

### एशिया कप पर चर्चा के लिए एसीसी बोर्ड की चार फरवरी को बैठक : पीसीबी

**कराची।** एशियाई क्रिकेट परिषद ने इस साल होने वाले एशिया कप और भारत की भागीदारी पर बातचीत के लिए चार फरवरी को बहरीन में कार्यकारी बोर्ड की बैठक कराने का पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का अनुरोध मान लिया है। पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने लाहौर मे मीडिया से कहा कि दुबई यात्रा के दौरान वह एसीसी सदस्यो को बोर्ड की बैठक बुलाने के लिए राजी करने में कामयाब रहे।

### रशीद पाकिस्तान क्रिकेट के मुख्य चयनकर्ता बने

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज हारून रशीद को राष्ट्रीय चयन समिति का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने लाहौर में सोमवार को पत्रकारों से कहा कि हारून नई चयन समिति के प्रमुख होंगे लेकिन बाकी सदस्यों के बारे में फैसला बाद में लिया जाएगा। हारून को 22 दिसंबर को पीसीबी के संचालन के लिए 14 सदस्ईय क्रिकेट प्रबंधन समिति में भी शामिल किया गया था। हारून ने प्रबंधन समिति से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि वह हितों का टकराव नही चाहते।

### इंडोनेशिया मास्टर्स से वापसी की कोशिश करेंगे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

**जकार्ता।** लक्ष्य सेन सहित भारत के चोटी के बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट मे अच्छा प्रदर्शन करके इंडिया ओपन की अपनी निराशा से उबरने की कोशिश करेंगे। नई दिल्ली में खेले गए इंडिया ओपन मे भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। पीवी सिंधु, सेन के जल्दी बाहर होने तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की चोट के कारण भारतीय चुनौती दूसरे दौर मे ही समाप्त हो गई थी। सिंधू तथा सात्विक और चिराग इंडोनेशिया मास्टर्स मे भाग नही ले रहे है और ऐसे मे भारतीयो की निगाहें सेन पर टिकी रहेगी।

### सुदीरमन कप और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी चाहता है भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने खेल की विश्व संस्था (बीडब्ल्यूएफ) को पत्र लिखकर सुदीरमन कप और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाई है। भारत को 2023 मे मिश्रित टीम चैंपियनशिप की मेजबानी करनी थी लेकिन विश्व बैडमिंटन महासंघ ने इसके मेजबानी अधिकार चीन के सुजोउ को सौप दिए जबकि भारत को 2026 मे होने वाली विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौपी। सुजोउ को 2021 मे इस चैंपियनशिप का आयोजन करना था लेकिन चीन मे कोविड-19 की बिगड़ती स्थिति के कारण वह इसकी मेजबानी नही कर पाया था।

### ऑक्सफोर्ड अकादमी के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण सहित जीते 6 पदक

**लखनऊ।** ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने चौक स्टेडियम में आयोजित अंतर जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2023 में 3 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक सहित 6 पदक जीतकर दबदबा कायम किया रखा। खिलाड़ियों की सफलता पर मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ने बधाई दी।

# जोकोविच क्वार्टर फाइनल में

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

**भाषा।** मेलबर्न



**स्टार खिलाड़ी नोवाक** जोकोविच ने सोमवार को यहां 22वें वरीय एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले पूरे हफ्ते बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव से जूझने के बाद जोकोविच सोमवार को पूरी तरह से दर्द मुक्त नजर आए और उन्होंने चौथे दौर के मुकाबले में 6–2 6–। 6–2 से जीत दर्ज की। मेलबर्न पार्क में 13वीं और ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में कुल 54वीं बार जोकोविच ने कहा, आज मैं जिस तरह खेला, मैंने जैसा महसूस किया, उससे मुझे यह विश्वास करने का कारण मिला है कि इस बार मैं खिताब जीत सकता हूं। जोकोविच ने अपने 21 ग्रैंडस्लैम खिताब में से नौ ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीते हैं। जोकोविच ने पांच से अधिक शॉट तक चले 64 में से 42 अंक जीतकर मैच में दबदबा बनाया। उन्होंने 26 विनर लगाए जबकि विरोधी खिलाड़ी नौ ही विनर लगा पाया। सर्बिया के इस दिग्गज खिलाड़ी ने अपनी सर्विस पर सभी 12 गेम जीते और एक बार भी उन्हें ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

### सबालेंका भी अंतिम-8 में



**मेलबर्न।** पांचवी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने सोमवार को यहां बेलिंडा बेनसिच को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। बेनसिच ने डबल फॉल्ट करके पहला सेट गंवाया और इसके बाद सबालेंका ने उन्हे कोई मौका नही दिया। महिला एकल मे शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और दूसरी वरीय ओस जाबूर पहले ही हारकर बाहर हो चुकी हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला महिला एकल के अंतिम आठ मे पहुंचने वाली सर्वोच्च वरीय खिलाड़ी है। सबालेंका ने मैच के बाद कहा, मै आज जीत दर्ज करके बहुत खुश हूं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और बहुत अच्छा खेल दिखा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया को भारत में जीत दिला सकती है लियोन और एगर की स्पिन जोड़ी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच डेरेन लीमन का मानना है कि बाएं हाथ का स्पिनर एश्टन एगर भारत में तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं और उन्हें दूसरे स्पिनर के रूप में टीम में शामिल किया जाना चाहिए। एगर ने अब तक पांच टेस्ट मैच खेले हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में अपने आखिरी टेस्ट मैच में उन्हें विकेट नहीं मिला था लेकिन लीमन का मानना है कि भारतीय पिचों पर उंगलियों से स्पिन करने वाला गेंदबाज कामयाब हो सकता है।

## डब्ल्यूआईपीएल नीलामी: बीसीसीआई को 4000 करोड़ रुपए की कमाई की उम्मीद

**भाषा।** नई दिल्ली

**बीसीसीआई** को बुधवार को होने वाली महिला आईपीएल (डब्ल्यूआईपीएल) की पांच टीमों की नीलामी से कम से कम 4000 करोड़ रुपए की कमाई होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें शीर्ष व्यावसायिक घराने अपनी बोली लगाएंगे। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार टीमों की बंद बोली नीलामी में प्रत्एक टीम के 500 से 600 करोड़ रुपए में बिकने की उम्मीद है। इससे पहले पुरुष आईपीएल टीमों की नीलामी में काम कर चुके उद्योग जगत से जुड़े एक अंदरूनी सूत्र ने नीलामी से पूर्व पीटीआई से कहा, डब्ल्यूआईपीएल में काफी संभावना है। कुछ बोली 500 करोड़ रुपए या इससे अधिक तक लग सकती हैं। 800 करोड़ रुपए से अधिक की बोली लगने की संभावना कम है लेकिन बीसीसीआई को शिकायत नहीं होगी। डब्ल्यूआईपीएल की टीमों को खरीदने के लिए 30 से अधिक कंपनियों ने पांच करोड़ रुपए में बोली दस्तावेज खरीदे हैं।

# अलग-अलग प्रारूप के लिए दो कप्तान नहीं : द्रविड़

**भाषा।** इंदौर

**भारत** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को इस बात का खंडन किया कि उनकी टीम अलग अलग प्रारूप के लिए अलग कप्तान की नीति अपना रही है। पिछले साल टी20 विश्व कप से भारत के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद से विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के टी20 कैरियर पर सवाल उठाए जा रहे हैं। तीनों ने पिछले साल नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से कोई टी20 मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला से भी वे बाहर थे। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ इस सप्ताह होने वाली श्रृंखला में भी नहीं हैं। रोहित की गैर मौजूदगी में हार्दिक पंड्या ने टी20 टीम की कप्तानी की और 2024 में टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी के प्रबल दावेदार है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले द्रविड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा , मुझे इसकी जानकारी नहीं है। (अलग अलग प्रारूप में अलग कप्तान)। आपको चयनकर्ताओं से यह सवाल पूछना चाहिए लेकिन फिलहाल मुझे ऐसा नहीं लगता। इस महीने द्रविड़ ने खुद कहा था कि भारतीय टी20 टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और संयम रखने की जरूरत है। रोहित ने हालांकि कहा है कि उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर फैसला नहीं किया है। रोहित ने इस महीने कहा था , हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी20 खेलने हैं।

### चोटिल नही होने पर सभी मुख्य खिलाड़ी आईपीएल में खेलेंगे



**इंदौर।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कहा कि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के लिए योजनाओं में शामिल भारतीय क्रिकेटर चोटिल नही होने की स्थिति मे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलेंगे और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों का कार्यभार प्रबंधन होगा क्योंकि सफेद गेंद के एक प्रारूप को दूसरे पर तरजीह मिलेगी। बीसीसीआई की नई नीति के अनुसार इस साल के आईपीएल के दौरान राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) और फ्रेंचाइजी अक्टूबर-नवंबर मे घरेलू सरजमी पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप को देखते हुए मुख्य खिलाड़ियों के कार्यभार पर नजर रखेंगे। द्रविड़ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां होने वाले तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीटीआई के सवाल के जवाब मे कहा, कार्यभार प्रबंधन आज खेल का हिस्सा बन गया है। हम इन चीजो की समीक्षा करते रहते है। हमने कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 श्रृंखला के दौरान कुछ खिलाड़ियों (रोहित, विराट, लोकेश राहुल) को आपके अनुसार ब्रेक दिया था। चोट का प्रबंधन और कार्यभार प्रबंधन दो अलग चीजे हैं। हम जितना क्रिक्रेट खेल रहे है उसे देखते हुए इन दोनो मे संतुलन बनाना होगा कि निकट भविष्य मे हमारे लिए प्राथमिकता क्या है। साथ ही सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बड़े खिलाड़ी बड़े टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहें।

### कोहली, सूर्यकुमार और पंड्या 2022 की आईसीसी टी20 टीम में

**भाषा।** दुबई

**पूर्व भारतीय** कप्तान विराट कोहली, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सबसे छोटे प्रारूप के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2022 की साल की सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। आईसीसी ने 2022 की महिला टीम की भी घोषणा की है जिसमें चार भारतीय खिलाड़ियों– स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष और रेणुका सिंह को जगह मिली है। कोहली ने 2022 में फॉर्म में वापसी करते हुए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया है जहां वह पांच मैच में 276 रन के साथ दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शतक के साथ अंतरराष्ट्रीय शतक के लगभग तीन साल के सूखे को खत्म किया।

# वापसी मैच में जडेजा को सौराष्ट्र की कमान

## नेट पर बहाया पसीना

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय ऑलराउंडर** रविंद्र जडेजा मंगलवार से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ होने वाले सौराष्ट्र के अंतिम रणजी ट्रॉफी लीग मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगे। इस मैच के साथ लगभग छह महीने बाद उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी। सौराष्ट्र की टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की दहलीज पर है लेकिन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली चार टेस्ट की श्रृंखला से पहले सभी की नजरें जडेजा की वापसी पर टिकी होंगी। यह चार दिवसीय मुकाबला जडेजा के लिए फिटनेस परीक्षण की तरह होगा और अगर मैच की पूर्व संध्या पर नेट सत्र को संकेत माना जाए तो इस 34 वर्षीय खिलाड़ी के इसमें आसानी से सफल होने की उम्मीद है। फिटनेस से जुड़े सभी मानकों को परखने वाला जीपीएस ट्रैकर पहनकर जडेजा ने 30 मिनट तक बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी की और फिर लगभग इतना ही समय बल्ले के साथ बिताया।

### प्राथमिकता सौ फीसदी फिट होना : जडेजा

**चेन्नई।** छह महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटने वाले स्टार हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने सोमवार को कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले उनकी प्राथमिकता सौ फीसदी मैच फिट होना है। तमिलनाडु के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच मे सौराष्ट्र की कप्तानी करने जा रहे जडेजा ने कहा , मैदान पर लौटकर अच्छा लग रहा है। मै बहुत रोमांचित हूं। उम्मीद है कि टीम भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। मेरी प्राथमिकता मैदान पर लौटना और सौ फीसदी फिट होना है। ऐसा होने पर मै अपने हुनर पर काम कर सकूंगा , चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी। मेरी प्राथमिकता फिटनेस है।

# डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति की अध्यक्ष होगी मेरीकॉम



**भाषा।** नई दिल्ली

**दिग्गज मुक्केबाज** एमसी मेरीकॉम भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित पांच सदस्य निगरानी समिति की अध्यक्षता करेंगी। सरकार ने इस समिति की नियुक्त की है जो अगले एक महीने तक डब्ल्यूएफआई के रोजमर्रा के काम को भी देखेगी। पैनल के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, टॉप्स के पूर्व सीईओ राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन शामिल हैं। इस पैनल के गठन की घोषणा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को की। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया सहित देश के चोटी के पहलवानों के डब्ल्यूएफआई और शरण के खिलाफ तीन दिन तक चले धरने के बाद ठाकुर ने शनिवार को समिति गठित करने का फैसला किया था। शुक्रवार देर रात ठाकुर के साथ दूसरे दौर की मैराथन बैठक के बाद पहलवानों ने अपना धरना खत्म कर दिया था। ठाकुर ने कहा, डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष अपने कार्यों का निर्वहन नहीं करेंगे और डब्ल्यूएफआई के रोजमर्रा के कार्यों से दूर रहेंगे। डब्ल्यूएफआई के रोजर्मा के कार्यों को निगरानी समिति पूर्व निर्धारित समय तक देखेगी और डब्ल्यूएफआई तथा उसके प्रमुख के खिलाफ गंभीर आरोपों की जांच भी करेगी।

# जर्मनी, दक्षिण कोरिया अंतिम-8 में

**भाषा।** भुवनेश्वर



**दक्षिण कोरिया** ने 2016 ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में हराकर एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जर्मनी ने भी फ्रांस को 5–। से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। पूल बी में तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया ने क्रॉसओवर मैच में पेनल्टी शूटआउट 3–2 से जीता जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 5– 5 से बराबर था। कोरिया के लिए अनुभवी स्ट्राइकर जांग जोंगयुन ने दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। कप्तान ली नाम योंग ने 56वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। वहीं किम सुंगयुन ने 18वें और जियोंग जूनवू ने 20वें मिनट में गोल किया। अर्जेंटीना के लिए निकोलस कीनन (21वां और 47वां मिनट) और निकोलस डेल्ला टोरे (24वां और 41वां मिनट) ने दो दो गोल किए जबकि मेइसो केसेला ने आठवें मिनट में गोल दागा। क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया एकमात्र एशियाई देश है जिसका सामना पूल सी की शीर्ष टीम नीदरलैंड से होगा। अर्जेंटीना का सामना नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में चिली से होगा। इससे पहले जर्मनी ने फ्रांस को 5–। से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी के लिए मार्को एम ने 15वें मिनट में पहला गोल किया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम को नीदरलैंड ने हराया

**केपटाउन।** भारतीय महिला हॉकी टीम को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां तीन मैच की श्रृंखला के पहले मैच मे दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैड के खिलाफा-3 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच की श्रृंखला 3-0 से जीतने के बाद सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम को दौरे की अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। भारत ने बेहतरीन फॉर्म जारी रखते हुए मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और 24 मिनट मे युवा खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग के शानदार मैदानी गोल से बढ़त बनाई। भारतीय टीम हालांकि अधिक समय तक जश्न नही बना सकी और नीदरलैड की टीम ने 29वे मिनट मे पेनल्टी कॉर्नर पर फेलिस एल्बर्स के गोल से बराबरी हासिल कर ली।

# हरमन पर अतिनिर्भरता, हार्दिक की चोट से नुकसान

**भाषा।** भुवनेश्वर

**मुख्य कोच** ग्राहम रीड ने एफआईएच पुरुष विश्व कप में भारत के निराशाजनक अभियान के दौरान लगातार कहा कि टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और वे मौकों को भुनाने में विफल हो रहे हैं। इस अनुभवी कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रीड के ए शब्द मौजूदा विश्व कप में उनके खिलाड़ियों के जूझने की ओर इशारा करते हैं। ऐसा हाल तब है जबकि इस टीम के 12 सदस्य तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली टीम का हिस्सा थे। एक टीम जो 1975 में स्वर्ण पदक के बाद पहली बार पोडियम पर जगह बनाने के लक्ष्य के साथ उतरी थी उसके लिए क्वार्टर फाइनल से पहले ही टूर्नामेंट से बाहर होना जाना लचर प्रदर्शन ही है। टीम सेमीफाइनल नहीं तो कम से कम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की हकदार थी।

### टीम को मानसिक अनुकूलन कोच देंगे : टिर्की



**भुवनेश्वर।** भारतीय टीम के एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप से जल्दी बाहर होने से हताश हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने सोमवार को कहा कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह का अनायास खराब फॉर्म चिंता का विषय है लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नही होना ही भारत की हार का एकमात्र कारण नही है। भारत को क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड ने पेनल्टी शूटआउट में हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 3-3 से बराबर था। टिर्की ने कहा कि कप्तान या कोच बदलने की बात जल्दबाजी होगी क्योंकि विश्व कप अभी चल रहा है और भारत को नौवें से 16वें स्थान का क्लासीफिकेशन मैच खेलना है।